फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 272 प्रभात जयपुर, सोमवार 5 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**The Age of AI: What We're Not Ready For**

Alexa, a selfie with a filter, or seen ads for something you just talked about-congratulations! You've already met AI, it looks like help. And help… is how it starts. That's the genius of it.

**If Only They Could Speak: A Wake-Up Call for Humanity**

## रवि पुष्प नक्षत्र में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले

श्री बदरीनाथ धाम, 04 मई। रविवार सुबह छः बजे रवि पुष्य नक्षत्र में उत्तराखंड के चमोली जनपद स्थित बाबा बद्रीनाथ मन्दिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण, जय बदरी विशाल के उद्घोषों और सेना के बैंड की मधुर और लहरियों के मध्य खोल दिए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित देश, विदेश से आए लगभग पंद्रह हजार श्रद्धालु इस पवित्र और ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। इस दौरान भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

मुख्यमंत्री धामी ने बाबा बद्रीनाथ मन्दिर के कपाट खुलने पर पहली पूजा

- **सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूजा अर्चना की।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से की। उन्होंने इस मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती माना

## अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक सिख युवक के सवाल के जवाब में राहुल ने यह बात कही

- **राहुल गांधी ने कहा कि 80 के दशक में जो कुछ हुआ, वह गलत था। कांग्रेस के इतिहास की जो भी गलतियाँ हैं, मैं उनकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूँ।**
- **भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालविया ने कहा कि अब विदेश में भी राहुल गांधी की आलोचना हो रही है।**

बॉस्टन (अमेरिका), 04 मई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार सार्वजनिक मंच से माना है कि 1984 में हुआ ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी। अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान सिख युवक द्वारा पूछे गए सवाल पर राहुल ने कहा कि 80 के दशक में कांग्रेस से जो भी गलतियां हुई, उनकी जिम्मेदारी लेने के लिए वे तैयार हैं।

इस बातचीत का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद भारतीय राजनीति में हलचल मच गई। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, विदेशों में भी हो रही है।

जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में मौजूद एक सिख युवक ने राहुल से सवाल करते हुए कहा, "आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन डर भी पैदा करते हैं कि भाजपा क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आज़ादी चाहिए, जो कांग्रेस के शासन में नहीं थी। आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलितों के अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी घोषित कर दिया।" इस पर राहुल गांधी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज़ से डरते हैं। जो कुछ 80 के दशक में हुआ, वह गलत था। मैं तब पार्टी में नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास की जो भी गलतियां हैं, मैं उनकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

गौरतलब है कि 1984 में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था, जिसमें भिंडरावाले की मौत हुई और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई, जिसके बाद देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन दंगों में 3,000 से अधिक सिख मारे गए थे।

## शिरडी के सांई बाबा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, 04 मई। देश के बड़े मंदिरों में से एक, शिरडी के साईं बाबा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों लगातार बम से जुड़ी धमकियां देखने को मिल रही हैं। अब शिरडी के साईं बाबा मंदिर को बम से उड़ाने

- **पूरे परिसर की तलाशी में पुलिस को कुछ नहीं मिला। पुलिस ने आस-पास सुरक्षा बढ़ायी है।**

की धमकी ई-मेल से मिली है। धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की तलाशी ली गई। लेकिन मौके पर कोई भी संदिग्ध वस्तु या बम बरामद नहीं हुआ। इस मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु देशभर से पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्ट की मेल पर धमकी भेजने वाले आरोपी ने कहा था कि वह मंदिर को बम से उड़ाने जा रहा है। मंदिर के पास कुछ भी नहीं बरामद होने के बाद सुरक्षा बलों ने राहत की सांस ली है। हालांकि इसके बावजूद आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# भारत ने चिनाब नदी से पाकिस्तान जाने वाला पानी रोका

## सूत्रों के अनुसार, झेलम की सहायक नदी पर बने किशनगंगा डैम से भी शीघ्र पानी रोका जायेगा

- **पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि रद्द कर दी थी। अब चिनाब के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को जल का प्रवाह रोकना इस दिशा में बड़ा कदम है।**
- **आतंकवाद के खिलाफ जल संसाधनों के जरिए दबाव बनाने की भारत की नीति पाकिस्तान को दिए गए कड़े जवाब के रूप में देखी जाती है।**

पहलगाम/नई दिल्ली, 04 मई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करते हुए पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी पर नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार, भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से जल प्रवाह को रोक दिया है और जल्द ही झेलम की सहायक नदी पर स्थित किशनगंगा डैम पर भी इसी तरह की कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बगलिहार डैम (जम्मू के रामबन जिले में) और किशनगंगा डैम, (उत्तर कश्मीर) भारत को जल प्रवाह के समय को नियंत्रित करने की सामर्थ्य प्रदान करते हैं।

भारत ने दशकों पुरानी सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद यह निर्णय लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से सिंधु नदी प्रणाली के जल बंटवारे पर एक संधि हुई।

पाकिस्तान ने पहले भी बगलिहार डैम पर विश्व बैंक से मध्यस्थता की मांग की थी, जो दोनों देशों के बीच विवाद का विषय रहा है। पाकिस्तान भी किशनगंगा डैम को लेकर कानूनी और कूटनीतिक आपत्ति करता रहा है, खासकर नीलम नदी पर इसके प्रभाव को लेकर। भारत की इस नीति को आतंकवाद के खिलाफ एक कड़े जवाब के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें वह जल संसाधनों के जरिए भी दबाव बनाने की नीति अपना रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बागलिहार बांध को लेकर भी लंबे समय तक विवाद रहा था। वर्ल्ड बैंक के हस्तक्षेप के बाद मामला हल हुआ। वहीं, किशनगंगा डैम को लेकर भी रणनीतिक और कानूनी मसला था। इसके चलते नीलम नदी पर असर पड़ रहा था। नीलम, झेलम की सहायक नदी है।

## बरेली में कार ने चार को कुचला, तीन की मौत

बरेली, 04 मई। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के आनंदपुर गांव में सड़क किनारे बारात का काम कर रहे चार किशोरों को तेजी से आ रही एक कार ने टक्कर मार कर कुचल दिया जिससे तीन की मौत हो गई जबकि चौथे किशोर की हालत नाजुक बनी हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने रविवार को बताया कि शनिवार आधी रात बाद एक कार ने चार किशोरों को रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में लापरवाही को लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कार चालक मौके से फरार

- **मृतक किशोर बैंड में काम करते थे। पुलिस ने कार बरामद कर ली, चालक की तलाश जारी है।**

हो गया था। मिश्र ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त कार को बरामद कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाही थाने के गांव आनंदपुर में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में शाही के गांव बकैनिया धीरपुर निवासी 3किशोरों की मौत हो गई और चौथा गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकार सभी किशोर आनंदपुर स्थित शिवा बैंड में काम करते थे। घायल संजीव की हालत भी नाजुक बनी हुई है।

# 'देश की ओर आँख उठाने वालों को मुँहतोड़ जवाब देंगे'

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि वे जो चाहते हैं, वह अवश्य होगा

नई दिल्ली, 04 मई। भारत और पाकिस्तान के मध्य पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही तनाव अपने चरम पर है और इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि दुश्मन को हुए राजनाथ सिंह ने कहा, "एक राष्ट्र के रूप में हमारे वीर सैनिकों ने हमेशा भारत के भौतिक स्वरूप की रक्षा की है, वहीं दूसरी ओर हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भारत के आध्यात्मिक स्वरूप की रक्षा की है। एक ओर जहां हमारे सैनिक रणभूमि पर लड़ते हैं, वहीं

- **राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूँ।**

उसी की भाषा में जवाब मिलेगा। साथ ही रक्षा मंत्री ने कहा, मेरा दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश की ओर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप जो चाहते हैं, वह अवश्य होगा।

दिल्ली में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते दूसरी ओर हमारे संत जीवनभूमि पर लड़ते हैं।

एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं और मेरा दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश की ओर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं। आप सभी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और दृढ़ ता को जानते हैं।"

## रूसी मिसाइल से भारतीय सेना की क्षमता बढ़ी

नई दिल्ली, 04 मई। भारत के दुश्मनों की अब खैर नहीं है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच भारतीय सेना की क्षमता में इजाफा हुआ है।

सेना को रूसी मूल की इग्ला एस मिसाइलें मिली हैं। कंधे पर रखकर वार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन को नेस्तनाबूद कर देगी। इसके अलावा 90 और मिसाइल खरीदने की तैयारी हो रही है।

कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां

- **ये मिसाइलें सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन के खतरों से निपटने में मदद करेंगी।**

भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षेत्र में अहम योगदान देती हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ सप्ताह पहले भारतीय सेना को हुई है।

इन मिसाइलों को सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को दिया जा रहा है।

सुरक्षा बलों ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत विभिन्न अनुबंध किए हैं। करीब 260 करोड़ रुपये के इस अनुबंध से पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा बलों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है।

# बाप पार्टी विधायक जयकृष्ण पटेल 20 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने पहली बार किसी विधायक को रिश्वत लेते ट्रैप किया

जयपुर, 04 मई। राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने पहली बार एक विधायक को बीस लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एसीबी ने राजधानी जयपुर में रविवार को एमएलए क्वार्टर परिसर में बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक जय कृष्ण पटेल को विधानसभा में उनके द्वारा लगाये गये प्रश्नों को वापस लेने की एवज में परिवादी से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पटेल भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक हैं।

एसीबी के महानिदेशक डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी ने गत चार अप्रैल को एसीबी में शिकायत की कि उनके पास माइन्स हैं और विधायक ने माइन्स से संबंधित विधानसभा में प्रश्न लगाया है और अब उसे वापस लेने के लिए उनसे रिश्वत की मांग कर रहे हैं। रिश्वत की मांग की शुरुआत तो दस करोड़ रुपए से हुई लेकिन बाद में टुकड़ों में ढ ाई करोड़ रुपए देना तय हुआ। एसीबी ने इसका सत्यापन कराया और पता चला कि आरोपी विधायक ने बांसवाड़ा में एक लाख रुपए पहले ही ले लिए थे।



- **एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि विधायक ने परिवादी की खान से संबंधित प्रश्न विधानसभा में लगाया और उसे वापस लेने के लिये रिश्वत की मांग की।**
- **रविवार को सुबह विधायक ने परिवादी को एमएलए क्वार्टर बुलाया और 20 लाख की रिश्वत प्राप्त की।**

इसके बाद शनिवार रात को फिर बात हुई और रिश्वत की पहली किश्त के रुप में 20 लाख रुपए जयपुर में देना तय हुआ। हालांकि, आरोपी यह रिश्वत बांसवाड़ा में लेना चाह रहा था, लेकिन परिवादी ने कहा कि वह यह पैसे जयपुर में ही देगा। इस पर रविवार सुबह विधायक पटेल ने परिवादी को फोन किया और अपने एमएलए क्वार्टर पर परिवादी से 20 लाख रुपए की रिश्वत प्राप्त कर ली। विधायक ने रिश्वत की राशि वाला बैग अपने आदमी को पकड़ा दिया, जो बैग लेकर फरार हो गया। बैग देने से पहले विधायक ने पैसों को छुआ।

मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी टीम ने, विधायक के हाथ धुलाने पर उन पर रंग आ जाने और अन्य सबूतों के आधार पर पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि विधायक से पूछताछ जारी हैं। उन्होंने बताया कि विधायक ने माइन्स से संबंधित तीन प्रश्न लगाये और परिवादी को बताया कि विधानसभा में ये प्रश्न लगाये हैं और पैसे देने पर यह प्रश्न वापस ले लिए जायेंगे। मामला ढ ाई करोड़ रुपए में तय हुआ और टुकड़ों में पैसे लेकर जब ढ ाई करोड़ पूरे हो जायेंगे तो प्रश्न वापस ले लिए जायेंगे।

मेहरड़ा ने बताया कि रिश्वत के रुप में लिए गए बीस लाख रुपए बरामद नहीं हुए हैं लेकिन उनके पास पुख्ता सबूत हैं और क्योंकि आरोपी एक विधायक हैं, इसलिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को इस मामले की जानकारी देकर तथा उनकी सहमति के बाद पटेल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एमएलए क्वार्टर एवं आस पास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जायेगा। उन्होंने बताया कि दिलचस्प बात यह है कि विधायक ने अपने क्षेत्र से हटकर सैकड़ों किलोमीटर दूर दूसरे क्षेत्र में स्थित माइन्स के बारे में विधानसभा में प्रश्न लगाया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में एसीबी की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में एसीबी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## भारत में एयरशिप प्लेटफार्म का सफल उड़ान परीक्षण

नयी दिल्ली,04 मई। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर बढ़ ते तनाव के बीच वायु सेना प्रमुख एयर चीफ, मार्शल ए पी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की कल प्रधानमंत्री के साथ हुई मुलाकात के बाद एयर चीफ मार्शल सिंह की रविवार को मोदी के साथ मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

- **भविष्य में उच्च ऊंचाई वाली एयरशिप उड़ानों के लिये मॉडल का विकास किया जाएगा। यह सिस्टम भारत की पृथ्वी अवलोकन और खुफिया निगरानी व टोही क्षमताओं को अद्वितीय रूप से बढ़ायेगा।**

वायु सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि एयर चीफ मार्शल ने प्रधानमंत्री को वायु सेना की तैयारी और रणनीति के बारे में जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से ही समूचे रक्षा तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प.बंगाल के राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद में केन्द्रीय बल लगाने की सिफारिश की

## राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्रालय को, मुर्शिदाबाद पर गोपनीय विशेष रिपोर्ट भेजी है

कोलकाता, 04 मई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सीमावर्ती जिले मुर्शिदाबाद पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी एक विशेष रिपोर्ट में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती की सिफारिश की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले मुर्शिदाबाद में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती की सिफारिश की है। उन्होंने वक्फ बिल विरोधी हिंसा के बाद अपनी यात्रा के आधार पर गृह मंत्रालय को सौंपी एक विशेष रिपोर्ट में यह सिफारिश की। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी, कई दुकानें और घर लूटे गए, पुलिस वाहन जलाए गए और सैकड़ों लोगों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मुर्शिदाबाद के अपने दौरे की और दंगा पीड़ितों के तथा हरगोबिंद दास (72) और उनके बेटे चंदन दास (41) के परिजनों के साथ बातचीत के आधार पर विशेष रिपोर्ट दी है। इन दोनों को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था।

- **राज भवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल ने मालदा व मुर्शिदाबाद के अपने दौरे तथा पीड़ितों व उनके परिजनों से मुलाकात के आधार पर अपना आकलन व सिफारिश विशेष रिपोर्ट में की है।**

बोस ने 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के एक सप्ताह बाद 18-19 अप्रैल को मालदा और मुर्शिदाबाद का दौरा किया था।

राज्यपाल ने अपने दौरे के बाद संवाददाताओं से कहा कि लोगों ने मुर्शिदाबाद के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविरों की तैनाती की मांग की है।उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा, राज्य में राजनीतिक हिंसा के इतिहास और मुर्शिदाबाद हिंसा के राज्य के अन्य जिलों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मैं सुझाव देना चाहूंगा कि भारत सरकार न केवल मौजूदा स्थिति पर अंकुश लगाने के लिए बल्कि कानून के शासन में लोगों का विश्वास जगाने के लिए संवैधानिक विकल्पों पर विचार करे।राज्यपाल ने प्रभावित लोगों की मांग पर भी गौर किया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में बीएसएफ की स्थायी तैनाती की जाए क्योंकि जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा बंगलादेश से लगती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट में आज वक्फ कानून पर सुनवाई

नई दिल्ली, 04 मई। सुप्रीम कोर्ट कल संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

कुछ हफ्तों पहले केंद्र सरकार ने इस कानून के दो विवादास्पद प्रावधानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी।

केंद्र ने 17 को सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया था

- **केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया था कि 5 मई तक किसी वक्फ सम्पत्ति को अधिसूचित नहीं करेगा।**

कि वह पांच मई तक न ही किसी वक्फ संपत्ति को अधिसूचित करेगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच (चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन) पांच मई को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें एआईएमआईएमके प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका भी शामिल है।

## विचार बिन्दु

कला का अंतिम और सर्वोच्च ध्येय सौंदर्य है। –गेटे

# भारत में पर्यटन: विविधता, वैभव और चुनौतियां

जब मैं भारत की तुलना उन देशों से करता हूँ, जहाँ मुझे घूमने का अवसर मिला, तो अपने देश की सांस्कृतिक, प्राकृतिक, और ऐतिहासिक समृद्धि पर आश्चर्य और गर्व होता है। भारत एक ऐसा देश है, जहाँ हर यात्री के लिए कुछ न कुछ है। सांस्कृतिक वैभव की बात करें, तो ताजमहल, खजुराहो, अजंता-एलोरा, और कोणार्क के सूर्य मंदिर जैसे स्थल विश्व पटल पर चमकते हैं। त्योहारों की जीवंतता होली, दिवाली, ईद, दशहरा, दुर्गापूजा, जन्माष्टमी, क्रिसमस, ईस्टर और बैसाखी जैसे उत्सवों में झलकती है। प्राकृतिक सौंदर्य के लिए हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, राजस्थान और गुजरात के रेगिस्तान, गोवा, केरल, और अंडमान के समुद्र तट, या फिर वन्यजीव अभयारण्य हर किसी को आकर्षित करते हैं। इतिहास प्रेमी हंपी, सांची, कुतुब मीनार जैसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों या पॉन्डिचेरी, गोवा, और कोलकाता जैसे औपनिवेशिक निशानों में खो सकते हैं। साहसिक पर्यटन के शौकीनों के लिए ट्रेकिंग, राफ्टिंग, और पैराग्लाइडिंग जैसे विकल्प हैं, जबकि स्वास्थ्य और अध्यात्म की तलाश में अनेक योग केंद्र और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह सूची अंतहीन है।

भारत की यह विविधता न केवल देशवासियों को आकर्षित करती है, यह विदेशी पर्यटकों को भी अपनी तरफ खींचती है। राजस्थान का निवासी गोवा या केरल जाकर एक नए अनुभव से समृद्ध होता है, तो दक्षिण भारत का यात्री उत्तराखंड या सिक्किम की वादियों में आश्चर्यचकित हो उठता है। उत्तर भारत के लोग दक्षिण, पूर्व, या पूर्वोत्तर भारत के बारे में कम जानते हैं, और यही बात अन्य क्षेत्रों के निवासियों पर भी लागू होती है। पर्यटन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक पाठशाला है, जो हमें अन्य संस्कृतियों, जीवन शैलियों, और परंपराओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। यह हमें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है, जो एक-दूसरे के प्रति सहिष्णु और ग्रहणशील हो।

पिछले कुछ दशकों में भारत में पर्यटन का चलन तेजी से बढ़ा है। पहले लोग केवल धार्मिक या पारिवारिक कारणों से यात्रा करते थे, लेकिन अब आमोद-प्रमोद के लिए यात्राएँ आम हो गई हैं। आर्थिक समृद्धि, बेहतर यातायात, और आवास सुविधाओं के विस्तार ने इस बदलाव को बढ़ावा दिया है। साथ ही, लोगों की मानसिकता बदली है-अब वे बचत करने से ज्यादा जीवन का आनंद लेने में विश्वास करने लगे हैं। पले जहां अपने अभ्यास वाले खाने का सुलभ न होना यात्राओं में बाधक बनता था, अब क्योंकि आम जन में भी खान-पान के प्रति उदारता बढ़ी है, यात्रा की यह बाधा काफी हद तक दूर हो गई है, हालाँकि अभी भी कुछ लोग अपरिचित व्यंजनों को अपनाने में हिचकिचाते हैं। अब तो बहुत सारे लोग अपनी जिव्हा तृप्ति के लिए भी यात्राएं करने लगे हैं। नए-नए व्यंजनों का अनुभव यात्रा का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है।

बढ़ते पर्यटन के साथ कई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। गर्मियों में पहाड़ी क्षेत्रों में भीड़ और ट्रैफिक जाम आम हो गए हैं। आवास सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। कम साधनों वाले पर्यटकों के लिए तो आवास सुविधाएं बहुत ही कम हैं, और उनके विस्तार पर अपेक्षित ध्यान दिया भी नहीं जाता है। सारा ज़ोर सम्पन्न पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने पर केंद्रित रहता है। प्राय: देखने में आता है कि पर्यटकों का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। पर्यटन स्थलों पर कचरा, विशेष रूप से प्लास्टिक, एक बड़ी समस्या है। धार्मिक स्थल और पवित्र नदियाँ भी स्वच्छता के अभाव में अपनी गरिमा खो रहे हैं। स्थानीय व्यवसायी और सेवा प्रदाता अक्सर पर्यटकों से अधिक मुनाफा कमाने की ललक में गुणवत्ता और नैतिकता को नजरअंदाज कर देते हैं। पर्यटकों के छले जाने के समाचार आम हैं और वे पर्यटन के प्रसार में बाधक भी बनते हैं।

**भारत का पर्यटन केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं, और लोगों को जोड़ने का एक माध्यम है। यह हमें न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध करता है, बल्कि एक-दूसरे को समझने और सहिष्णु बनने का अवसर भी देता है। यदि हम अपनी कमियों को सुधारें और पर्यटन के काम को गंभीरता, निष्ठा, और ईमानदारी से करें, तो भारत न केवल पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बनेगा, बल्कि एक बेहतर और एकजुट समाज का निर्माण भी करेगा।**

ज़रूरी सार्वजनिक सुविधाओं की कमी भी एक गंभीर मुद्दा है। स्वच्छ शौचालय, पेयजल, और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी मूलभूत सुविधाएँ कई स्थानों पर उपलब्ध नहीं हैं। त्योहारी सीजन या छुट्टियों में रेल, बस, और हवाई किरायों में बेतहाशा वृद्धि होती है, जो पर्यटकों के लिए एक बड़ा अवरोधक है। इसके अलावा, पर्यटन स्थलों पर प्रामाणिक जानकारी का अभाव एक बड़ी कमी है। पहले सरकारी पर्यटन विभाग आकर्षक और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराते थे, लेकिन अब भ्रामक और अवैज्ञानिक जानकारियाँ फैलाने वाले गाइड और निजी प्रकाशन आम हैं। आवश्यक ऑनलाइन जानकारी, जैसे स्थल के खुलने-बंद होने का समय या टिकट की उपलब्धता, भी आसानी से नहीं मिलती। पर्यटन स्थलों के बारे में प्रामाणिक जानकारी देने वाली वेबसाइट्स बहुत ही कम हैं। यह काम सरकार को प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए।

दुनिया के कई देश, जिनके पास भारत जैसी विविधता नहीं है, पर्यटन में हमसे कहीं आगे हैं। 2024 में भारत ने जनवरी से अगस्त तक 6.91 मिलियन विदेशी पर्यटकों का स्वागत किया, जो 2023 के 9.24 मिलियन की तुलना में वृद्धि दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 में विदेशी पर्यटक आगमन 2019 के 10.93 मिलियन के पूर्व-महामारी स्तर को पार कर सकता है। इसके बावजूद, भारत वैश्विक स्तर पर अभी भी पीछे है। उदाहरण के लिए, थाईलैंड ने 2024 में 28.15 मिलियन पर्यटकों को आकर्षित किया। 2024 में भारत का पर्यटन राजस्व लगभग 24 बिलियन डॉलर रहा, जिसके 2028 तक 34.25 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, 2023 में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय 28.07 बिलियन डॉलर थी, और 2024 में यह और बढ़ने की उम्मीद है। घरेलू पर्यटन भी जोर पकड़ रहा है, 2023 में 2509 मिलियन घरेलू पर्यटक यात्राओं के साथ, और 2024-25 तक यह पूर्व-महामारी स्तर पर पहुँचने की उम्मीद है। ये आँकड़े भारत की पर्यटन क्षमता को दर्शाते हैं, लेकिन बुनियादी ढाँचे, स्वच्छता, और प्रामाणिक जानकारी की कमी जैसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा। पर्यटन न केवल आर्थिक समृद्धि लाता है, बल्कि रोजगार सृजन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है।

यह देखना सुखद है कि इधर कुछ नई और प्रभावी गतिविधियां हुई हैं जिन्होंने पर्यटन के परिदृश्य को बेहतर बनाया है। 2024 में 'चलो इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसी पहलों ने पर्यटन को बढ़ावा दिया। 'चलो इंडिया' ने भारतीय प्रवासियों को विदेशी मित्रों को भारत लाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें 1 लाख मुफ्त ई-वीजा की पेशकश शामिल थी। इसी तरह वाराणसी और अयोध्या (राम मंदिर के कारण) जैसे नए गंतव्यों ने 2024 में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया। यहीं यह ज़िक्र करना भी आवश्यक होगा कि बहुत सारे लोगों का सोच यह है धर्म को पर्यटन का विषय बनाना उसकी शुचिता को आहत करता है। वाराणसी जैसे प्राचीन और पवित्र नगर को जिस तरह नए सांचे में ढाला गया है, उस मॉडल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दुनिया हमारी प्राचीनता से आकर्षित होती है। अगर वही नहीं रहेगी तो कोई यहां आएगा क्यों! इस बारे में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाना उपयुक्त होगा।

भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है:-

सुविधाओं का विस्तार: स्वच्छ शौचालय, पेयजल, और बेहतर यातायात प्रबंधन जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ।

पर्यावरण संरक्षण: पर्यटकों और स्थानीय व्यवसायियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए जागरूक किया जाए।

प्रामाणिक जानकारी: पर्यटन स्थलों पर विश्वसनीय और वैज्ञानिक जानकारी ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध कराई जाए।

नैतिक व्यवसाय: पर्यटन से जुड़े व्यवसायी अधिक मुनाफे की बजाय पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने पर ध्यान दें, ताकि वे बार-बार लौटें और दूसरों को भी वहां आने के लिए प्रेरित करें।

सरकारी पहल: सरकार को पर्यटन स्थलों के रखरखाव, ट्रैफिक नियंत्रण, और उचित मूल्य निर्धारण के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

भारत का पर्यटन केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं, और लोगों को जोड़ने का एक माध्यम है। यह हमें न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध करता है, बल्कि एक-दूसरे को समझने और सहिष्णु बनने का अवसर भी देता है। यदि हम अपनी कमियों को सुधारें और पर्यटन के काम को गंभीरता, निष्ठा, और ईमानदारी से करें, तो भारत न केवल पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बनेगा, बल्कि एक बेहतर और एकजुट समाज का निर्माण भी करेगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था : आवश्यकता और चुनौतियां



अशोक कुमार

"रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था: आवश्यकता और चुनौतियां" एक महत्वपूर्ण विषय है जिस पर विचार करना आवश्यक है। आज के तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में, रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। यह शिक्षा प्रणाली छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उन्हें विशिष्ट कौशल और क्षमताओं से भी लैस करती है जो उन्हें रोजगार बाजार में सफल होने में मदद करते हैं। रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और क्षमताओं से लैस करना है। यह पारंपरिक सैद्धांतिक शिक्षा से हटकर व्यावहारिक और कौशल-आधारित प्रशिक्षण पर अधिक जोर देती है।

**रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था की कुछ प्रमुख विशेषताएं:–** उद्योग की जरूरतों पर आधारित: पाठ्यक्रम उद्योग की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किए जाते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्रों को वही कौशल सिखाए जाएं जिनकी बाजार में मांग है।

**व्यावहारिक प्रशिक्षण पर जोर:** सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ छात्रों को हैंड्स-ऑन अनुभव और व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने के अवसर मिलते हैं। इसमें इंटर्नशिप, परियोजना-आधारित शिक्षा और कार्यशालाएं शामिल हो सकती हैं।

**कौशल विकास पर ध्यान:** छात्रों के तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स (जैसे संचार, टीम वर्क, समस्या-समाधान) और उद्यमिता कौशल विकसित करने पर भी ध्यान दिया जाता है।

**लचीलापन:** इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को अपनी रुचियों और करियर लक्ष्यों के अनुसार विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और विशेषज्ञताओं को चुनने की सुविधा मिलती है।

**नियमित मूल्यांकन और सुधार:** पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुरूप बने रहें।

**भारत में रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था का महत्व:–**

भारत एक युवा देश है और यहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है। रोजगारपरक शिक्षा प्रणाली इस चुनौती का सामना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है:–

**बेरोजगारी कम करना:** यह छात्रों को सीधे रोजगार के लिए तैयार करती है, जिससे बेरोजगारी की दर कम हो सकती है।

**आर्थिक विकास को बढ़ावा देना:** कुशल कार्यबल अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

**युवाओं का सशक्तिकरण:** यह युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और बेहतर जीवन स्तर प्राप्त करने में मदद करती है।

**उद्योगों की मांग को पूरा करना:** यह शिक्षा प्रणाली उद्योगों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के अनुसार कुशल पेशेवर तैयार करती है।

**तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल:** यह छात्रों को नवीनतम तकनीकों और उद्योग के रुझानों से अवगत कराती है।

**भारत में रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था के कुछ उदाहरण:–**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान :** ये संस्थान विभिन्न व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

**पॉलिटेक्निक कॉलेज:** ये इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

**व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम:** सरकार और निजी संस्थाओं द्वारा विभिन्न व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

**कौशल विकास मिशन:** भारत सरकार ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन शुरू किया है। रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था समय की मांग है और भारत के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि आपके कोई और प्रश्न हैं तो बेझिझक पूछें।

**हालांकि, इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली को लागू करने में कई चुनौतियां भी हैं:–**

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी:** रोजगारपरक शिक्षा के लिए विशेष कौशल और उद्योग के अनुभव वाले शिक्षकों की आवश्यकता होती है, जिनकी अक्सर कमी होती है।

**अपर्याप्त बुनियादी ढांचा:** कई संस्थानों में आवश्यक प्रयोगशालाएं, उपकरण और अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं।

**उद्योग और शिक्षा के बीच तालमेल की कमी:** अक्सर उद्योग की जरूरतों और शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान किए जा रहे कौशल के बीच अंतर होता है।

**पाठ्यक्रम का अद्यतन:** तेजी से बदलते उद्योग की मांगों के अनुसार पाठ्यक्रम को नियमित रूप से अद्यतन करना एक चुनौती है।

**प्रशिक्षण की लागत:** गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक प्रशिक्षण अक्सर महंगा होता है, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ नहीं हो पाता।

**सामाजिक धारणाएं:** कुछ समाजों में व्यावसायिक शिक्षा को पारंपरिक शिक्षा की तुलना में कम महत्व दिया जाता है।

**मूल्यांकन और प्रमाणन:** छात्रों के कौशल का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने और उन्हें मान्यता प्रदान करने के लिए मानकीकृत प्रणालियों का अभाव हो सकता है।

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार, शिक्षा संस्थानों, उद्योगों और छात्रों सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों का प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे का विकास, उद्योग के साथ सहयोग, पाठ्यक्रम का नियमित अद्यतन, और व्यावसायिक शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना महत्वपूर्ण कदम हैं।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभाग अध्यक्ष राजस्थान विवि. जयपुर, अध्यक्ष सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर, उत्तर प्रदेश**

# बागोर में सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर ग्रामीणों ने विरोध जताया

## ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण कार्य बंद करवाकर नियमानुसार निर्माण कार्य कराने की मांग की

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के बागोर गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों का ग़ुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने नियमानुसार सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने पर सड़क का कार्य पूरा नहीं होने देने की मांग की है।

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बीलवा से बागोर गांव तक डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। नियमानुसार पूर्व में बनी सड़क को जेसीबी से तोड़कर नई सड़क बनानी थी, लेकिन विभाग की ओर से बिना सड़क को तोड़े सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में दो दिन पहले भी ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से बात कर पूर्व में बनी सड़क को तोड़कर नई सड़क बनाने की मांग की थी, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने अनदेखी कर पूर्व में बनी सड़क के ऊपर ही सड़क बिछाने का काम शुरू कर दिया। सड़क निर्माण कार्य में विभाग की ओर से की जा रही लापरवाही पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा नियमानुसार सड़क नहीं बनाने पर निर्माण कार्य को बंद करवा दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन किलोमीटर की दूरी में 46 लाख रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही है, जिसमें विभाग की ओर से लापरवाही की जा रही है। नियमानुसार सड़क का कार्य नहीं करने तक सड़क का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। मामले की सूचना पर पीडब्ल्यूडी विभाग के जेईएन मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।



सूचना पर पीडब्ल्यूडी विभाग के जेईएन मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया।

- **नियमानुसार पूर्व में बनी सड़क को जेसीबी से तोड़कर नई सड़क बनानी थी, लेकिन विभाग की ओर से बिना सड़क को तोड़े ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया**

जेईएन अमित कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। इस मौके पर नगेश चौधरी, संदीप जाट, कृष्ण कुमावत, भवानी नायक, सुनील नायक, शाखा कुमावत, राजू स्वामी, योगेश जाट, प्रमोद जाट, अजय चौधरी, प्रेम कुमावत, शक्ति कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# डीग कलेक्टर ने गांवों में जाकर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया

**डीग/भरतपुर,** (निसं)। डीग जिले में पानी की आपूर्ति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने रविवार को सुबह दह बजे ही डीग शहर और गांवों की गलियों में घूमकर आम लोगों से सीधी बातचीत की और पानी आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया। राज्य में भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है ऐसे में जल आपूर्ति के संबंध में कहीं भी किसी प्रकार की लापरवाही न हो इस के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग इशू नारंग मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान रामबाग में लोगों द्वारा अंतिम छोर तक पानी ना पहुंचने की समस्या बताई गई। कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अंतिम छोर तक पानी पहुंचाएं और लोगों ने जो अवैध कनेक्शन लिया हुआ है उनको हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जो व्यक्ति अवैध कनेक्शन नहीं हटाते हैं उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए एवं यह भी सुनिश्चित करने के लिया कहा गया कि किसी के घर में गंदे पानी की सप्लाई ना हो। इस दौरान जल स्त्रोतों की निगरानी और पानी के सैंपल की नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर कौशल द्वारा रामबाग, सहायपुर, राजीव कॉलोनी डीग, बहज, श्यामढाक बरौली चौथ सहित अन्य जगहों पर जाकर पानी आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों की समस्या सुनकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए। कौशल ने कहा कि गर्मी के मौसम में पीएचईडी विभाग के अधिकारी विशेष रूप से सतर्कता बरतते हुए यह सुनिश्चित करें की आम लोगों के घरों तक नियमित पानी सप्लाई पहुंचे।



जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने ग्रामीणों से जानकारी ली।

- **कलेक्टर ने खोह, गुलपाड़ा, बिलोंद और कैथवाड़ा के अस्पतालों का भी निरीक्षण किया**

पेयजल के निरीक्षण के पश्चात जिला कलेक्टर ने अस्पतालों का निरीक्षण किया और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। जिला कलेक्टर ने सीएचसी खोह, गुलपाड़ा एवं पीएचसी बिलोंद और कैथवाड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खोह और बिलोंद में कुछ कार्मिक अनुपस्थित पाए गए जिनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कौशल ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से बात कर चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली दवाइयों के बारे में जानकारी ली और मेडिसिन स्टॉक भी देखा। उन्होंने विभिन्न वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की और पूछा कि क्या डॉक्टर समय पर आते हैं, क्या उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी है, क्या अस्पताल में साफ-सफाई रहती है, क्या आपको बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है, क्या चिकित्सा के दौरान आपको सभी दवाइयां अंदर से दी जा रही है, क्या डाक्टर साहब बाहर की दवाईयां तो नही मंगवा रहे। जिस पर मरीजों द्वारा मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जाहिर किया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं से मरीजों को लाभान्वित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विजय सिंघल ने बताया कि कुछ मुख्य अस्पतालों को छोड़ते हुए सभी को निर्देशित किया गया है कि वह आज के जिला कलेक्टर के निरीक्षण के बाद प्रातः आठ बजे ही चिकित्सा ग्रुप में उपस्थिति पंजिका एवं चिकित्सक, कार्मिक तथा अन्य उपस्थित स्टॉफ की फोटो नियमित रूप से ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करेंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 5 मई, 2025**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, अश्लेषा नक्षत्र दिन 2:01 तक, वृद्धि योग रात्रि 12:20 तक, बव करण प्रात: 7:36 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:01 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 2:01 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी, देवी बगलामुखी जयन्ती, जानकी नवमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:28 तक, शुभ 9:06 से 10:45 तक, चर 2:02 से 3:40 तक, लाभ अमृत 3:40 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:49, सूर्यास्त 6:57

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। अटके कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# जीआईटीबी पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावशाली मंच : गजेंद्र सिंह शेखावत

**जयपुर।** द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार (जीआईटीबी) पूरे भारत में उभरते गंतव्यों और अभिनव पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावशाली मंच है। 53 देशों के 270 विदेशी टूर ऑपरेटर्स, 300 बूथ्स और 11,000 से अधिक 2 बैठकों के साथ, 14वां संस्करण जीआईटीबी को वैश्विक पर्यटन बाजारों तक पहुंचने के एक प्रवेश द्वार के रूप में मज़बूती से स्थापित करता है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज 14वें जीआईटीबी के उद्घाटन सत्र में कही। यह आयोजन फिक्की द्वारा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के साथ मिलकर जयपुर में किया जा रहा है।

शेखावत ने आगे कहा कि जीआईटीबी भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने और इसके पर्यटन परिदृश्य की विशाल विविधता को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसमें सांस्कृतिक पर्यटन, एमआईसीई, वैलनेस और इको-टूरिज्म शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेशनल कांग्रेस एंड कन्वेंशन एसोसिएशन (आईसीसीए), जो उद्योग की वैश्विक संस्था है-में भारत को हाल ही में मिली सदस्यता एक समय के अनुकूल कदम है, जो इस क्षेत्र में देश की वृद्धि को तेज़ी से आगे बढ़ाएगा।




पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को जीआईटीबी के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का पर्यटन क्षेत्र अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है : दिया कुमारी

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का पर्यटन क्षेत्र अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2024 में, राजस्थान में 23.23 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जिनमें 21 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक शामिल थे। यह संख्या दो साल पहले की तुलना में लगभग दोगुनी है, जो इस क्षेत्र की मजबूत प्रगति को दर्शाती है। यह विकास मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली डबल इंजन वाली भाजपा सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस लक्ष्य में पर्यटन की अहम भूमिका है, जो राज्य की जीएसडीपी में 5 फीसदी से अधिक योगदान देता है और 20 लाख से ज्यादा लोगों को आजीविका उपलब्ध कराता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए, राजस्थान स्वयं को पूरे साल भर उपलब्ध, अनुभव-समृद्ध और बहुआयामी पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके लिए राज्य नए-अनदेखे स्थलों को प्रमोट, पर्यटन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को मज़बूत और निवेश आधारित प्रगतिशील नीतियों को लागू कर रहा है।

फिक्की की पूर्व प्रेसिडेंट व ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप की सीएमडी, डॉ. ज्योत्सना सूरी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जीआईटीबी का 14वां संस्करण पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान सरकार और फिक्की के बीच स्थायी और मजबूत साझेदारी का प्रमाण है। भारत को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजनों में से एक के रूप में, जीआईटीबी अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग और सहयोग के लिए अमूल्य अवसर प्रदान करता है - जो भारत के वैश्विक पर्यटन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले 14 वर्षों में 99 देशों के 3,000 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटरों ने जीआईटीबी में भाग लिया है, तथा एक लाख से अधिक बी2बी बैठकों का आयोजन किया है जिससे यह इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और वैश्विक साझेदारियां बनाने का एक मजबूत मंच बन चुका है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा में रविवार को भगवान शिव का परिवार बने कलाकारों का तिलक लगाया।

# जिला उपभोक्ता आयोग ने हाउसिंग बोर्ड पर लगाया 62 हजार का हर्जाना

- आयोग ने फ्लैट की कीमत से ज्यादा राशि वसूलने और तीन साल की देरी पर आवंटन को लापरवाही और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस माना हैं

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग तृतीय ने हाउसिंग बोर्ड द्वारा फ्लैट की कीमत से ज्यादा राशि वसूलने और तीन साल की देरी पर आवंटन को लापरवाही और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस माना है। इसके साथ ही आयोग अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर और सदस्य दुष्यंत कुमार शर्मा की बैंच ने हाउसिंग बोर्ड पर 62 हजार का जुर्माना लगाया हैं।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि हाउसिंग बोर्ड को आवसीय योजना में फ्लैट की अनुमानित कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी का अधिकार नहीं हैं। इस मामले में बोर्ड ने परिवादी से फ्लैट की अनुमानित कीमत से 66 प्रतिशत अधिक की वसूली की हैं। वहीं आवंटन तिथि से तीन साल की देरी पर उसे फ्लैट का आवंटन किया हैं। ऐसे में बोर्ड परिवादी को मानसिक पीड़ा के बदले 51 हजार रुपए और परिवाद खर्च के 11 हजार रुपए का भुगतान करे। वहीं फ्लैट की अनुमानित कीमत में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ आवंटन करें। आयोग ने यह आदेश लेखराज बगड़ी के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि उसने साल 2010 में हाउसिंग बोर्ड की इंदिरा गांधी नगर जी प्लस 3 योजना में आवेदन किया था। योजना में लॉटरी की तिथि 8 अक्टूबर 2010 नियत थी, लेकिन बोर्ड ने करीब डेढ़ साल की देरी से 30 मार्च 2012 को लॉटरी निकाली। उस समय उन्हें फ्लैट की कीमट 12 लाख रुपए बताई गई थी, लेकिन अलॉटमेंट पत्र में समस्त खर्चों के साथ फ्लैट की कीमत 21,05,478 बताई गई। जिसका उन्होने बोर्ड में विरोध दर्ज कराया, लेकिन उसमें मामूली कमी करके उन्हें राशि जमा कराने के लिए कहा गया। राशि जमा नहीं कराने पर अलॉटमेंट रद्द करने की चेतावनी दी गई। जिसके बाद उन्होने फ्लैट की राशि जमा कराकर 10 जून 2015 को इसका कब्जा प्राप्त कर लिया।

परिवाद का विरोध करते हुए हाउसिंग बोर्ड की ओर से कहा गया कि हमने आवेदन के समय ही परिवादी को एक बुकलेट जारी की थी। जिसमें नियम-शर्ते उल्लेखित थी। जिसमें लिखा गया था कि यह फ्लैट की अनुमानित कीमत हैं। अलॉटमेंट के समय जो कीमत आएगी, उसे अदा करना होगा। जिस पर कोई विवाद मान्य नहीं होगा, लेकिन परिवादी ने कब्जा लेने के पश्चात अब अनुचित लाभ लेने के लिए यह परिवाद प्रस्तुत किया हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आयोग ने अपने आदेश में माना कि बोर्ड फ्लैट की अनुमानित कीमत में बढ़ोत्तरी कर सकता है, लेकिन यह बढ़ोत्तरी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती हैं। ऐसे में बोर्ड परिवादी को अनुमानित कीमत 12 लाख में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 13 लाख 20 हजार में फ्लैट का आवंटन करें।

# एम्स जम्मू में स्थायी जयपुर फुट सेंटर स्थापना के लिये समझौता

**जयपुर।** ऑल इण्डिया इन्सटीटय ूट ऑफ मेडिकल साइन्स (एम्स) जम्मू ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) जयपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य एम्स जम्मू में एक स्थायी जयपुर फुट केन्द्र स्थापित करना हैं जो विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र से दिव्यांगों की चलने-फिरने योग्य बनाएगा।

एम्स जम्मू के सीईओ प्रो. डॉ.शक्ति कुमार गुप्ता, बी.एम.वी.एस.एस. जयपुर के अध्यक्ष सतीश मेहता और दोनों संस्थानों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और संकाय सदस्यों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर जम्मू में हस्ताक्षर किए गए। बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक और डॉ. देवेन्द्र राज मेहता ने कहा कि एम्स भोपाल के बाद एम्स जम्मू से हुए समझौते का बड़ा लाभ दिव्यांगों को मिलेगा। एम्स जम्मू में प्रस्तावित जयपुर फुट सेंटर, एक विशेष सुविधा के रूप में कार्य करेगा जहां कृत्रिम अंग और अन्य सहायताएं जैसे कैलीपर्स आदि मिलेंगे। इसकी सेवाएं लाभार्थियों को पूरी तरह से निःशुक्ल दी जाएगी। 2011 की जगणना के अनुसार जम्मू और कश्मीर में 58000 से अधिक लोगों को चलने फिरने में अक्षमता हैं। समझौता ज्ञापन के तहत एम्स जम्मू दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्थान उपलब्ध कराएगा। साथ ही आवश्यक सुविधाएं और चिकित्सा सहायता भी प्रदान करेगा। बी.एम.वी.एस.एस. केन्द्र को संचालित करने, सभी सामग्री प्रदान करने और इसके दैनिक कामकाज का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक उपकरण, सामग्री और प्रशिक्षित तकनीशियन स्थापित करेगा।

बी.एम.वी.एस.एस. के साथ यह साझेदारी जम्मू क्षेत्र में यह सुनिश्चित करेगी कि पहुंच या सामर्थ्य की कमी के कारण कोई दिव्यांग पीछे न छूट जाएं। यह जयपुर फुट सेंटर सम्मान, गतिशीलता और आशा का प्रतीक होगा। सतीश मेहता ने सहयोग के लिए प्रशंसा व्यक्त की और मुफ्त में पुनर्वास सहायता प्रदान करने के लिए बी.एम.वी.एस.एस. की प्रतिबद्वता की पुष्टि की।



ऑल इण्डिया इन्सटीटय ूट ऑफ मेडिकल साइन्स ( एम्स ) जम्मू ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ( बी.एम.वी.एस.एस. ) जयपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये।

## होटल में घुसकर होटल संचालक से मारपीट कर तोड़फोड़

**उदयपुर।** शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में एक होटल संचालक ने कुछ बदमाशों के खिलाफ वसूली की बात को लेकर होटल में घुसकर मारपीट कर तोडफोड करने और होटल के बाहर खडे ग्राहकों की कारों में भी तोडफोड करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार भरत पुत्र हिरालाल डांगी निवासी फेरनियों का गुडा बडगांव ने मामला दर्ज करवाया कि वह होटल राधे कृष्ण बरोडिया नाका पर काम करता है। 3 मई को दिन में 3 बजे वह और उसके होटल का स्टॉफ साहिल, प्रेम व गांव के रिश्रि व विकास डांगी होटल पर ही थे कि 3 कार में भूपेश सुथार, शुभम जोशी, लोकेश, शेरू, हिम्मत सिंह एवं इनके साथ अन्य 7-8 आदमी ओर थे आए व आते ही उसके साथ गाली गलोच कर कहने लगे कि वह उन्हें कमरे नहीं देता है। यह कहकर लोहे के डंडे व लट्ठ से मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने शोर मचाया तो होटल के पडोसी तेजसिंह व नारायण डांगी दौडकर आए तो इन लोगो ने इनके साथ भी लोहे के डंडे व लट्ठ से मारपीट की।

# बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

- पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार, चार आरोप हुए फरार
- आरोपियों ने कुल्हाडी और लट्ठ से हमला कर छःपुलिसकर्मियों को किया घायल

**उदयपुर।** जिले की ओगणा थाना पुलिस एक मुकदमें में वांछित बदमाशों को पकडने गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर टोपीदार बंदूक से फायर कर दिया और पुलिस टीम पर कुल्हाडी और लट्ठ से हमला कर छह पुलिस कर्मियें को चोटिल कर दिया। पुलिस ने बदमाशों में से दो गिरफ्तार कर लिया और चार फरार हो गए।

थानाधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि एएसआई सतीश चन्द्र, रमेश चन्द्र, हैड कांस्टेल शंकरलाल डोडियार, रणधीर सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार, मुरलीधर पालीवाल, दिनेश कुमार, रामेश्वर, महेश केुमार, मोहन, किशन लाल, भैरूराम, महिला कांस्टेबल पुष्पा मोडिया के साथ एक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी की तलाश के लिए गेजवी की तरफ होकर गाल्दर के पास गए कि वहां पर सूचना मिली कि एक पुराने प्रकरण में वांछित मोतीलाल पुत्र भग्गा गरासीया निवासी गेजवी के साथ सुरज पुत्र भगा, मदन पुत्र प्रताप, मगन पुत्र शिवनाथ गरासीया निवासी गेजवी, राजू पुत्र धन्ना निवासी घोडीमारी के साथ उसके मकान की छत पर बैठे है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई तो छत से मोतीलाल व सूरज दो टोपीदार बंदूक लेकर खडे थे और पुलिस टीम को धमकाया कि अगर घर में घुसे तो गोली मार देंगें। इसके साथ ही छत से पुलिस टीम पर घात लगा कर बंदूक से दूर से ही दोनो ने फायर कर दिए, जिससे पुलिस टीम बाल-बाल बची। इसके बाद थानाधिकारी व जाब्ता तुरन्त वाहनो से उतर कर दौड कर छत पर पहुंचे तो मोतीलाल गरासिया, सूरज गरासिया, मदन गरासिया, मगन गरासिया, राजू गरासिया ने बंदूकों के कुंदों से सुरज व मोतीलाल ने व कुल्हाडी से मदन ने व मगन व राजू ने लट्ठ से जाब्ते पर हमला कर दिया और हाथापाई शुरू कर दी। एएसआईए मोहन, हैड कांस्टेबल शंकरलाल डोडियार, कांस्टेबल दिनेश कुमार, मुरलीधर, महेश कुमार, भैरूराम को घायल कर दिया। थानाधिकारी ने मोतीलाल को पकडने की कोशिश की तथा उसने टोपीदार बंदूक के साथ धक्का देते हुए छत के पीछे से नीचे कूद कर भाग गया। थानाधिकारी ने उसके हाथ से बंदूक छीन ली।

## गुजरात परिवहन कर ले जाई जा रही बोलेरों से शराब जब्त

**उदयपुर।** शहर की गोवर्धनविलास और डीएसटी टीम ने एक बोलेरों में पार्टीशन कर गुजरात अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 2 लाख रूपए मूल्य की अवध शराब जब्त की है। आरोपी ने पुलिस टीम को देखकर गाडी टर्न लेकर भागने का प्रयास किया था, जिसे पुलिस ने पीछ कर पकडा था।

स्पेशल टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू और थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि एक बोलेरों में अवैध रूप से शराब परिवहन कर ले जाई जा रही है। इस सूचना पर दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में एएसआई प्रताप सिंह, हैड कांस्टेबल भगवतीलाल, कांस्टेबल अंकित सिंह, कल्याण सिंह, डीएसटी से एएसआई विक्रम सिंह, हैड कांस्टेबल हितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल चन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार की टीम ने दक्षिण विस्तार योजना बलीचा में 4 मई की मध्यरात्रि को नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान जोगी तालाब की ओर से एक बोलेरो कार आई, जिसको पुलिस टीम ने रूकवाने का प्रयास किया तो कार चालक यूटर्न लेकर वापस भगाने का प्रयास किया। जिसको पुलिस टीम ने पीछ कर पकडा और पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम प्रमोद सुहालका पुत्र भंवरलाल सुहालका निवासी नयाघर मेलडीमाता गोवर्धनविलास होना बताया।

# रात भर परिवार को बंधकर बनाकर रखने का मामला दर्ज

**उदयपुर।** जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कुछ बदमाशों के खिलाफ उसके पुत्र का अपहरण करने और 5 लाख रूपए मांगने और पैसा नहीं देने पर पूरे परिवार को बंधक बनाकर रात भर बैठाए रखने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार कन्नाराम पुत्र भैरा गमेती निवासी नीमच माता का खेडा गोगुन्दा ने मामला दर्ज करवाया कि 2 मई को शाम 6 बजे उसका पुत्र वालुराम गमेती का साला रमेश गमेती जो रोते हुए उसके घर पर आया व उसने बताया कि वे दोनों बाईक पर उदयपुर से घर पर आ रहे थे तभी पावर हाउस घोली घाटी पहुंचे तो वहा पर 10 लोग गाडी के सामने आ गए व जबरन बाईक ले ली। वालूराम को उठाकर अपहरण कर लेकर चले गए। इस पर उसने अपने पुत्र के मोबाईल पर फोन किया तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया व वे उसके पुत्र के साथ मारपीट कर रहे थे, जिससे उसका पुत्र चिल्ला रहा था। साथ ही उसे गणावल से अपने बच्चे वालुराम को छुडाकर ले जाने की बात कही तो वह अपनी मां व परिवार के लोग गणावल गाँव गए, जहां पर जाकर देखा तो उसके पुत्र को बैठाकर मारपीट कर रहे थे। चारो तरफ लोग बैठे हुए थे। लोगों ने उसे पकडकर बैठा रखा था। वे वहां पर गए तो उनसे 5 लाख रूपए मांगे। पैसा होने से इंकार कर दिया तो इन लोगों ने उसे भी जबरन बैठा दिया। रातभर सभी को बैठाकर रखा सुबह उसको बोला कि 1 घंटे के भीतर रूपये लेकर आओ वरना उसके पुत्र को जान से मार देंगे। तभी वह गोगुन्दा आया व उसे धमकाया कि वह उसके बच्चे को जान से मार देंगे।

# बस स्टेण्ड पर खड़े व्यक्ति को रोडवेज बस ने कुचला

**जयपुर।** जयपुर में हिट एण्ड रन का मामला सामने आया है। दुर्गापुरा बस स्टेण्ड पर खडे एक व्यक्ति को रोडवेज बस ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब दो बजे दुर्गापुरा बस स्टेण्ड पर खड़े एक व्यक्ति को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। एसएमएस अस्पताल से मृग इत्तला पर पुलिस को घटना की जानकारी मिली। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस बस की धरपकड़ के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। शव के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुरेश कुमार वर्मा पुत्र सोहन लाल निवासी शाहपुरा हाउस देवली टोंक के रुप में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का मुख्य सरगना गिरफ्तार

- पूर्व में चार आरोपी सहित 14 चोरी की बाईक की थी बरामद

**कोटा, (निसं)।** रामपुरा कोतवाली टीम ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ के आधार पर चोरी की बाईक खरीददार को भी गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से पुलिस ने पूछताछ के दौरान चोरी की 17 बाईक बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को पकड़ा था जिनके पास से चोरी की 14 बाईक बरामद की थी। उस समय मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह व अजय धोबी मौके से फरार हो गये थे। पुलिस टीम ने फरार मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इस मामले में अब मुख्य आरोपी, एवं बाईक खरीददार सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की 31 बाईक बरामद की है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर में दुपहिया वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए शहर के समस्त थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों का खुलासा करने के निर्देश दिये गये थे। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक राजेश कुमार टेलर के निर्देशन में रामपुरा कोतवाली उपनिरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार करवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने मोटरसाईकिल चोरी की सबसे अधिक वारदात होने वाले स्थानों को चिन्हित किया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने पूर्व में कार्यवाही करते हुए अन्तर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मोटरसाईकिल चोरी के आरोप में चार आरोपी विशाल बंजारा, पंकज ओड़, राकेश ओड़ उर्फ राका, और विशाल रैगर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई 14 मोटरसाईकिल बरामद की थी। शहर एसपी ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह और अजय धोबी मौके से फरार चल रहे थे। जिनकी तलाश के लिये पुलिस टीमें लगी हुई थी। शहर एसपी ने बताया कि मुख्बीर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वाहन चोर गिरोह के मुख्य आरोपी जिला बूंदी के थाना डाबी कंवरपुरा निवासी कुलदीप सिह (19) को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी से पूछताछ के आधार पर चोरी के वाहन खरीददार कंवरपुरा निवासी राधेश्याम (31) को पकड़ा।

# अराजकता को समाप्त करने वाले अनुशासन के ओजस्वी चेहरे थे भगवान परशुराम : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि ब्राह्मणों ने ज्ञान विज्ञान और विद्वता को नई ऊंचाइयां देकर समाज को गौरवशाली दिशा प्रदान की है। इतिहास को देखे तो ब्राह्मणों ने हर क्षेत्र में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अराजकता को समाप्त करने वाले भगवान विष्णु के छठे अवतार महर्षि परशुराम आत्मविश्वास से ओतप्रोत और अनुशासन के ओजस्वी चेहरे थे। उनका जीवन आततायी शक्तियों के अहंकार के विनाश के लिए समर्पित रहा।

देवनानी रविवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के सभागार में सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पाक्षिक समारोह के समापन उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने ब्राह्मण समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 67 प्रतिभाओं को माला, दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। देवनानी ने कहा कि ब्राह्मण उच्च कोटि की विद्वता, त्याग, तपस्या और संयम के पर्याय रहे हैं। वेद, आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित, खगोल, न्याय जैसी अनेक विधाओं की रचना भी ब्राह्मणों ने ही की है। समाज में शिक्षा का आधार ब्राह्मण रहे हैं। उन्होंने वेदव्यास, आचार्य चाणक्य, महर्षि पतंजलि, भास्कराचार्य, स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, रविंद्र नाथ टैगोर और बाजीराव बल्लाल भट्ट का उल्लेख करते हुए कहां कि इन विद्वानों के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। नई पीढ़ी को भी इन विभूतियों के बारे में बताने के लिए हम सभी को पहल करनी होगी।

समारोह को विधायक प्रशांत शर्मा, पूर्व सांसद राम चरण बौहरा, पूर्व विधायक राम लाल शर्मा, विधिवेत्ता एच सी गणेशिया, पंडित सुरेश शर्मा, हरि प्रसाद शर्मा, गोविंद पारीक, पुरुषोत्तम गोड ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन आचार्य राजेश्वर ने किया।



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को समाज की 67 विभूतियों को ब्राह्मण रत्न से नवाजा।

# स्वच्छता केवल आदत नहीं, यह संस्कार है : खर्रा

- 14 नगरीय निकायों में 17 शौचालयों का लोकार्पण

**जयपुर।** नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता के क्षेत्र में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ा, जब राज्य के नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 14 नगरीय निकायों में निर्मित 17 सामुदायिक, सार्वजनिक एवं पिंक (महिला) शौचालयों का लोकार्पण किया गया।

इन शौचालयों का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत कुल 5.07 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुआ है। इन 17 शौचालयों में 7 सामुदायिक, 5 सार्वजनिक और 5 पिंक शौचालय शामिल हैं, जिनकी विशेषता है - आधुनिक सुविधाएं, दिव्यांग अनुकूल रैम्प, सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, वॉश बेसिन, स्वच्छता किट्स और रखरखाव के लिए नियुक्त केयरटेकर।

इस अवसर पर झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि, आज का यह आयोजन केवल शौचालयों का उद्घाटन नहीं, बल्कि एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की दिशा में हमारा संकल्प है। गांधी का सपना और मोदी का मिशन आज राजस्थान में साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

खर्रा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के प्रथम चरण में राजस्थान के सभी नगरीय निकायों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया था। अब मिशन के दूसरे चरण में सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक शहरी नागरिक को सुरक्षित और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध हों।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की निदेशक श्वेता चौहान ने इस मौके पर कहा कि, राज्य सरकार की मंसानुरूप महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य में पिंक टॉयलेट्स की एक विशेष श्रृंखला विकसित की जा रही है। अब तक 86 पिंक टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्यादेश जारी हो चुका है, जिसमें से 9 पूर्ण हो चुके हैं। यह पहल नारी सम्मान और स्वस्थ समाज की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 25.60 लाख की ठगी

## फर्जी सीबीआई अधिकारी ने बुजुर्ग महिला को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी

- बीकानेर साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच में पाया कि यह एक अंतर्राज्यीय गिरोह है, जो 10 प्रतिशत कमीशन पर छात्रों के खाते लेकर ठगी करता है
- गिरोह का सरगना फरार है, जबकि अन्य तीन को बीकानेर साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**बीकानेर,** (निसं)। 'मैं सीबीआई से बोल रहा हूं, आपके खाते से मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। आपको गिरफ्तार करने के आदेश हैं।' यह फोन कॉल आते ही देहरादून की बुजुर्ग महिला (68) के होश उड़ गए। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने उन्हें जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी।

'यह सूचना गोपनीय है। किसी को बताया तो तुरंत गिरफ्तारी होगी। बिना इजाजत घर से बाहर मत निकलना।' डर के मारे महिला साइबर ठगों के जाल में फंसती चली गई। ठगों ने उनसे बीकानेर के एमएस कॉलेज की छात्रा के खाते में पैसे डलवाए। पहले 50 हजार, फिर 8 लाख और आखिर में कुल 25.60 लाख रुपए हड़प लिए। बीकानेर साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच में पाया कि यह एक अंतर्राज्यीय गिरोह है, जो 10 प्रतिशत कमीशन पर छात्रों के खाते लेकर ठगी करता है। पुलिस ने लक्ष्मणसिंह, श्यामसुंदर बिश्नोई और छात्रा गणपति राजपुरोहित को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी प्रमोद बिश्नोई फरार है।

बीकानेर साइबर थाना पुलिस ने जब संदिग्ध बैंक खातों की जांच की तो पता चला कि देहरादून से गणपति के खाते में बार-बार रुपए जमा हुए और निकाले गए। साइबर थाने के इंस्पेक्टर रमेश सर्वटा ने बताया कि 1930 हेल्पलाइन पर मिली साइबर फ्रॉड की शिकायतों की जांच में एक अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा हुआ। यह गिरोह 10 प्रतिशत कमीशन पर बैंक खाते उधार लेकर ठगी की रकम जमा करवाता और एटीएम व चेक से निकाल लेता था। पुलिस को ऐसे 40 खातों का पता चला है, जिनसे करीब एक करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया। मामले में लक्ष्मणसिंह, श्यामसुंदर बिश्नोई, प्रमोद बिश्नोई और उसकी दोस्त गणपति को नामजद किया गया है। गिरोह का सरगना प्रमोद फरार है, जबकि अन्य तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में साइबर ठगी से जुड़ी कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं।

साइबर पुलिस थाना प्रभारी एएसपी खान मोहम्मद ने बताया कि मुंबई में नेवी पर्सन को भी डिजीटल एरेस्ट कर साइबर ठगी की गई और उसकी रकम भी बीकानेर के खाते में डलवाई गई है। साइबर ठगों ने नेवी पर्सन अनिल कुमार डिमरी को ट्राई का अधिकारी बनकर बात की और डरा-धमकाकर केवाईसी करवाने के लिए कहा। फोन तथाकथित पुलिस अधिकारी को ट्रांसफर किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी की। इस मामले के 7.20 लाख रुपए उदासर निवासी एक शख्स के खाते में ट्रांसफर करवाए गए हैं जिसकी छानबीन चल रही है। बीकानेर में उधार के खाते लेकर साइबर ठगी के रुपए उनमें डलवाने और निकलवाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना पांचू निवासी प्रमोद बिश्नोई है जो फरार है। उसकी गिरफ्तारी पर साइबर ठगी करने वालों के बारे में पता चल पाएगा।

साइबर ठग डिजिटल एरेस्ट के नाम पर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। अलग-अलग राज्यों में बैठे साइबर ठग सीबीआई, ट्राई, पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते हैं। कभी पति तो कभी बेटों के नाम-पते हासिल कर उनके खिलाफ मुकदमा और गिरफ्तारी की धमकी देते हैं और डिजीटल एरेस्ट कर उनसे लाखों रुपए हड़प लेते हैं। जबकि, वास्तव में डिजीटल अरेस्ट होता ही नहीं है।

# अवैध हथियारों के साथ पांच बदमाश गिरफ्तार

## पांच पिस्टल और 17 कारतूस बरामद, आरोपियों से पूछताछ जारी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। इलाके में देर रात चूनावढ़ पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 5 पिस्टल व 17 कारतूस बरामद किए है।

चूनावढ़ थानाधिकारी आईपीएस अजेय सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन कर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने पहली कार्रवाई करते हुए आरोपी विक्की (28) पुत्र मंगतराम, निवासी वार्ड नं. 9 चूनावढ़ जिला श्रीगंगानगर के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल संभावित 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया है। दूसरी कार्रवाई करते हुए आरोपी दलीप उर्फ दीपू (24) पुत्र ठीकूराम, निवासी 33 बीबी, पुलिस थाना गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर के कब्जा से एक अवैध देसी कट्टा संभावित 32 बोर व 5 जिन्दा कारतूस संभावित 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। तीसरी कार्रवाई करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिंह (24) उर्फ गोपी पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी जोरावरपुरा 53 एफ पुलिस थाना गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर के कब्जा से अवैध देसी कट्टा संभावित 12 बोर मय 11 कारतूस संभावित 12 बोर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चौथी कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू (26) पुत्र सतपाल सिंह, निवासी गली नं. 3, जम्मू बस्ती अबोहर पुलिस थाना सिटी नं. 01 अबोहर जिला फाजिल्का (पंजाब) के कब्जा से एक अवैध देशी पिस्तौल संभावित 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस संभावित 315 बोर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पांचवीं कार्रवाई करते हुए आरोपी चन्द्रभान (33) पुत्र ओमप्रकाश निवासी दन्तौर पुलिस थाना दन्तौर जिला बीकानेर के कब्जा से एक अवैध देशी पिस्तौल संभावित 315 बोर बरामद किया और आरोपी गिरफ्तार किया है। अब पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। आखिर ये आरोपी इस इलाके में किस वारदात को अंजाम देने आए थे।

# सचिन पायलट ने डॉ. गिरिजा व्यास को श्रद्धांजलि दी



अ. भा. कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने डॉ. गिरिजा व्यास के परिजनों से मुलाकत की।

- डॉ. गिरिजा व्यास केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक विचार थीं : पायलट

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को उदयपुर स्थित दैत्य मगरी स्थित आवास पर जाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने डॉ. व्यास के राजनीतिक, सामाजिक और महिला उत्थान से जुडे योगदान को भावुक स्वर में याद किया।

सचिन पायलट ने कहा डॉ. गिरिजा व्यास केवल एक नेता नहीं बल्कि एक विचार थीं। वे उन महिलाओं में से थीं जिन्होंने राजनीति के कठिन दौर में भी न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया। उनका व्यक्तित्व, संघर्ष और सेवा की भावना आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है।

डॉ. व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शामिल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, वरिष्ठ नेता डॉ. चंद्रभान सिंह, राज्य सरकार के मंत्री बाबूलाल खराडी, पूर्व संभागीय आयुक्त डॉ. राजेंद्रप्रसाद भट्ट तथा संत समाज से महंत कैलाश शर्मा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में डॉ. व्यास के कार्यों को याद करते हुए उन्हें जनसेवा और नारी चेतना की प्रतीक बताया। डॉ. गिरिजा व्यास का जीवन भारतीय राजनीति में महिला नेतृत्व का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है और उनकी स्मृति सदैव समाज के हर वर्ग के लिए एक आदर्श बनी रहेगी।

# अजमेर में पादरी गिरोह फिर सक्रिय हुआ

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर में एक बार फिर पादरी गिरोह सक्रिय होता नजर आ रहा है। बीती देर रात हरीभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र में गिरोह ने चोरी की वारदात अंजाम दी। चोरों ने घर में सो रहे परिवार के सदस्यों को हॉल में बंद कर जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चड्डी बनियान पहने यह चोर नजर आए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरीभाऊ उपाध्याय नगर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी शशि कुमार शर्मा ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है। दर्ज शिकायत में पीड़ित शर्मा ने बताया कि 3 मई की रात उनकी पत्नी और बेटी हॉल में सो रहे थे। इसी दौरान चोर पास के खाली प्लॉट से घर में घुस गए। चोरों ने पहले हॉल का दरवाजा बाहर से लॉक किया फिर आर्टिफिशियल ज्वेलरी बॉक्स, चांदी की पाजेब, जरूरी कागजात सहित 20 हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर फरार हो गए। रविवार सुबह जागने पर परिवार के सदसयों को चोरी का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शर्मा ने बताया कि फुटेज में चार चोर चड्डी बनियान पहनकर घर में घुसकर वारदात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने माना कि शहर में एक बार फिर पादरी गिरोह सक्रिय हो गया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर तलाशी शुरू कर दी है।

वंदिता राणा, एसपी अजमेर का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में चड्डी बनियान में चोर घर में घुसते दिखाई दे रहे है, चोरों ने जहां भी चोरी की घटना अंजाम दी है, वहां मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। यदि कोई गिरोह शहर में सक्रिय हुआ है तो जल्द कार्रवाई कर सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# दो दिन पूर्व आए तूफान ने जिले की बिजली व्यवस्था की पोल खोली

- कई घंटे बीत जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह सुचारू नहीं हो सकी
- सबसे खराब हालात ग्रामीण इलाकों में, उपभोक्ता अपने स्तर पर ही फाल्ट दुरूस्त करवाने को मजबूर
- डिस्कॉम कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार जंक्शन में अभी तक 20 शिकायतें पेंडिंग है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। बीते दो दिन पूर्व आए आंधी-तूफान ने जिले की बिजली व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह सुचारू नहीं हो सकी है। सबसे खराब हालात ग्रामीण इलाकों में हैं। वहीं गोगामेड़ी सब डिविजन और जंक्शन के ग्रामीण क्षेत्र में एफआरटी जैसी कोई सुविधा मौजूद है और न ही डिस्कॉम की त्वरित मरम्मत की व्यवस्था है। ऐसे में उपभोक्ता अपने स्तर पर ही फाल्ट को दुरूस्त करवाने को मजबूर है।

डिस्कॉम कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार जंक्शन में अभी तक 20 शिकायतें पेंडिंग है, जिन्हें दुरूस्त करना है। वहीं टाउन में 12, पीलीबंगा में 18, गोलूवाला में 6, भादरा में 8, भादरा ग्रामीण 2, नोहर में 16, नोहर ग्रामीण में 9, गोगामेड़ी में 9, रावतसर में 16, संगरिया में 7, संगरिया ग्रामीण 4, टिब्बी में 3 जगहों से आई शिकायतों का अभी तक निस्तारण नहीं हो पाया है। ऐसे में ये उपभोक्ता गर्मी में बिना लाइट के परेशानी झेल रहे हैं। ये सभी शिकायतें सर्विस लाइन में फाल्ट, घरों में सप्लाई नहीं पहुंचने की है।

गर्मी में बिजली की लंबी कटौती ने आमजन की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित कर दी है। डिस्कॉम द्वारा क्षेत्र के अधिकांश तकनीकी कर्मचारियों को ऑनलाइन बिलिंग, मीटर रीडिंग और कार्यालय कार्यों में लगा दिया गया है। इसके चलते, जब तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों की जरूरत आंधी-तूफान के बाद पड़ी, तो सिर्फ एफआरटी ने कार्य संभाला था। खासकर गोगामेड़ी और जंक्शन के ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ता घंटों बिजली का इंतजार करते रहे, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

बिजली कटौती का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों और छोटे व्यापारियों पर पड़ा है। रात में अंधेरे के कारण पढ़ाई प्रभावित हुई है, वहीं व्यापारियों को दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखनी पड़ी। पंखों और कूलरों के बिना गर्मी में रहना किसी सजा से कम नहीं है। गोगामेड़ी निवासी राजेश कुमार बताते हैं बिजली नहीं है, मोबाइल चार्ज नहीं हो रहा, बच्चा ऑनलाइन क्लास में शामिल नहीं हो सका। रातभर मच्छरों से परेशान रहे। वहीं एक दुकानदार रमेश कहते हैं इन्वर्टर भी कब तक चलेगा। व्यापार धंधा प्रभावित हो रहा है। ग्राहक आते हैं और बिना खरीदारी किए चले जाते हैं।

आरएस चारण, एसई, जोधपुर डिस्कॉम, हनुमानगढ़ का कहना है कि पहले के मुकाबले शिकायतें कम, शीघ्र ही समाधान कर ग्राहकों को पहुंचाएंगे राहत आंधी तूफान के दौरान जिलेभर में दो दिन पहले तो कंपलेन सैंकड़ों में थी। अब महज 130 रह गई है। आज शाम और कल सुबह तक इसे शून्य कर बिजली व्यवस्था सुचारू करके उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाएगी।

# डोडा-पोस्त तस्कर को कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। मादक पदार्थ डोडा-पोस्त की तस्करी के दोषी पाए गए युवक को दो साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजय कुमार भोजक ने सुनाया। न्यायालय के लोक अभियोजक विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि मुक्तसर जिले के मलोट निवासी 58 वर्षीय बलवीरसिंह को सजा सुनाई गई है। दोषी को हिंदुमलकोट थाना के तत्कालीन एसएचओ जयसिंह ने 17 सितंबर 2018 को गांव 500 एलएनपी तिराहे के पास से पकड़ा था। आरोपी के पास से तलाशी में बैग से पोस्त डोडा छिलका 10 किलोग्राम बरामद किया था। अदालत ने सुनवाई के बाद बलवीरसिंह को दोषी मानते हुए दो साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा नहीं करवाने पर दो माह की जेल ज्यादा काटनी होगी।

## युवक का शव मिला

**करौली,** (नि.सं.)। करौली के सपोटरा उपखंड की ग्राम पंचायत जाखौदा के रानीपुरा गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान स्वराजपुरा निवासी विनोद कुमार बैरवा पुत्र पृथ्वीराज बैरवा के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने गांव के कोठान के पास शव लटका देखा और तुरंत सपोटरा थाना पुलिस को सूचना दी।

थानाधिकारी धारा सिंह मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को नीचे उतरवाया और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह मामला सुसाइड का लग रहा है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा। शव को राजकीय उप जिला अस्पताल सपोटरा की मॉर्चुरी में रखा गया है। पुलिस की निगरानी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह सुसाइड है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

# खेत में युवक का अधजला शव मिला



मौके पर जाकर पुलिस व एफ एस एल की टीम ने जांच शुरु की।

- पहचान मिटाने के इरादे से शव को केमिकल डालकर जलाया गया है

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। थाना क्षेत्र के गांव झिरण्डीया के खेतों में करीब 30-35 साल के युवक का अधजला शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में युवक की गला दबाकर हत्या का मामला पाया गया है। पहचान मिटाने के इरादे से केमिकल डालकर जलाया गया है। पुलिस घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान करने में लगी है।

जानकारी के अनुसार गांव झिरण्डीया के सरपंच प्रतिनिधि अशोक व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के नजदीक खेतों में अज्ञात युवक का अधजला शव पड़ा हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक अधजला करीब 30-35 साल का युवक खेतों में पड़ा हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों से शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी। एफ एस एल की टीम को मौक़े पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की हत्या गला घोट कर कहीं अन्यत्र जगह पर की गई, बाद में झिरण्डीया के खेतों में आकर फैंक गए व पहचान मिटाने के इरादे से शव को केमिकल डालकर जलाया है।

# सूने मकान में चोरी की वारदात, नगदी सहित लाखों के जेवर चुराये

## वारदात के समय मकान मालिक अपने बेटे के पास मुम्बई में गया हुआ था

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना कस्बे के गंगा मंदिर कुंड के पास अज्ञात चोर घर में घुसकर 50 हजार नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरों ने मकान को सूना देखकर वारदात को अंजाम दे दिया। वारदात के समय मकान मालिक अपने बेटे के पास मुम्बई में गया हुआ था कि पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर की अलमारी को साफ कर दिया। इस मामले में थाने में पीड़ित पक्ष की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस टीम ने चोरी की घटना स्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।



चोरी की वारादात के बाद आलमारी में सामान बिखरा पड़ा है।

वार्ड आठ निवासी पीड़ित शंकरलाल ने बताया कि उसके तीन बेटे सीए है जो अपने बच्चों के साथ मुम्बई में रहते हैं। वह फरवरी माह में अपनी पत्नी के इलाज के लिए बेटे के पास चला गया था। शनिवार की शाम को वह मुम्बई से आया तो अपने भाई के पास रूक गया। जब वह रविवार को काफी समय से बंद पड़े मकान की साफ सफाई करवाने के लिए अपने मकान पर गया तो वहां मकान का ताला टूटा हुआ पाया। जब उसने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था तथा अलमारी में रखे लाखों रूपए के जेवर व 50 हजार रुपए नकद गायब मिले। चोरी की वारदात की सूचना पर सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

एएसआई रामपत यादव ने बताया कि वारदात को लेकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। पीड़ित की ओर से रिपोर्ट देने पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वारदात के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा। नकदी व जेवरात ले गए, महंगी घड़ियों को छोड़ गए। कस्बे में हुई चोरी के दौरान चोरों ने ताला काटकर वारदात को अंजाम दिया गया है। चोर वारदात के दौरान घर में घुसने के बाद पुरे मकान की तलाशी ली। इस दौरान करीब 50 लाख रुपए के गहने व नकदी रूपए चोरी कर लिए। इस दौरान उन्होंने घर में रखी महंगी साड़ियों व घड़ियों को हाथ नहीं लगाया। चोरी दस दिन पहले होना प्रतीत हो रही है। वारदात के दौरान मैन गेट का सीसा तोड़ा गया था, जिस पर धूल चढ़ी हुई है।

# 50 क्विंटल अवैध लकड़ियों से भरी तीन पिकअप जब्त



वन विभाग टीम ने लकड़ियों से भरी पिकअप को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया।

- वन विभाग की टीम ने तीन जनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की
- तीन पिकअप गाड़ियों में अवैध रूप से लकड़ियां भरकर हरियाणा की ओर ले जाने की सूचना मिली थी

**खेतड़ी,** (निसं)। वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ियों के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए लकड़ियों से भरी तीन पिकअप को जब्त किया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने तीन जनों को हिरासत में लेकर करीब 50 क्विंटल लकड़ियां बरामद की है।

रेंजर मुकेश कुमार ने बताया कि अवैध लकड़ियों के परिवहन को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि तीन पिकअप गाड़ियों में अवैध रूप से लकड़ियां भरकर हरियाणा की ओर ले जाए जा रही है। जिस पर वन विभाग की ओर से बुहाना से हरियाणा जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक साथ तीन पिकअप गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसको रुकवाकर तलाशी ली गई तो उनमें अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ियां भरी हुई थी। इस संबंध में जब पिकअप ड्राइवरों से पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे पाए। जिस पर वन विभाग की टीम ने लकड़ियों से भरी तीनों पिकअप गाड़ी को जब्त कर लिया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने पिकअप ड्राइवरों से लकड़ियों के परिवहन को लेकर पुछताछ की गई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने लकड़ियों से भरी पिकअप को भी जब्त कर लिया।

रेंजर ने बताया कि तीनों ड्राइवरों से लकड़ियों के परिवहन को लेकर उनके पास कोई वैद्य कागजात नहीं पाए गए। तीनों पिकअप में प्रतिबंधित रोहिड़ा की भरी लकड़ियों को प्रतिबंधित क्षेत्र से हरियाणा में ले जाने की बात सामने आई है, जिस पर तीनों पिकअप को जब्त कर सिंघाना वन चौकी में लाया गया है। तीनों वाहनों में करीब 50 क्विंटल लकड़ियां भरी हुई थी। उन्होंने बताया कि अवैध लकड़ियों व अवैध खनन के खिलाफ विभाग की ओर से अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है और इन पर रोक लगाने को लेकर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान टीम में रेंजर मुकेश कुमार, सत्यवान पूनिया, राजेश सिंह, जितेंद्र चौधरी, अरूण सैनी, संजय कुमार आदि शामिल थे।

# मानवीय प्रवृत्तियों का नियमन करता है महाभारत : मनोज कुमार

## व्यंग्य व रेखा चित्र विधा की पुस्तक पर परिचर्चा




अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जयपुर की ओर से शिक्षा संकुल परिसर में पुस्तक विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

**जयपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जयपुर की ओर से शिक्षा संकुल परिसर में पुस्तक विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

लेखक याजवेंद्र यादव की पुस्तक महासंग्राम तक यात्रा और धर्मेंद्र धकू की कौतुक ताना पर सार्थक परिचर्चा हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सह संगठन मंत्री मनोज कुमार ने कहा प्रवृत्तियां भिन्न भिन्न प्रकार की होती है।

महाभारत ग्रंथ में प्रत्येक मनुष्य की प्रवृत्ति का ना केवल सूक्ष्मता से वर्णन है अपितु श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के माध्यम से उसके नियमन का भी वृतांत है। कभी आसुरी, कभी कौरवीय व आज कट्टरता रूपी संकीर्ण प्रवृत्ति विश्व में दिखाई देती है। प्रवृत्तियों को हम नष्ट नहीं कर सकते हैं उनका समन्वय ही समाधान है।

उन्होंने कहा महाभारत ही गीता का जनक है। इसकी महत्ता आज भी प्रासंगिक है।साहित्यकारों की कृति के लिए महाभारत उनका सदैव प्रिय विषय रहा है। लेखक याजवेंद्र ने महाभारत के पात्रों की एक साथ अपनी पुस्तक में विवेचना की है, यह एक प्रकार से इस महाग्रन्थ का सरल सार है वर्तमान समस्याओं का पार पाने के लिए महाभारत भी एक साधन है इसके लिए यह पुस्तक जिज्ञासा एवं प्रेरणा उत्पन्न करती है।

उन्होंने बताया साहित्य परिषद् समय -समय पर पुस्तक विमोचन एवं परिचर्चा गतिविधियों का आयोजन करती रहती है। धर्मेन्द्र धकू '' की पुस्तक रेखाचित्र के माध्यम से सन्देश देने का उत्कृष्ट उदाहरण है।

कौतुक ताना पुस्तक के लेखक धर्मेंद्र कुमार से चर्चा विकास तिवाड़ी ने की। तिवाड़ी ने विभिन्न विषयों एवं सामाजिक मुद्दों को लेकर पुस्तक पर संवाद किया, एवं पाठकों के प्रश्न जाने। गीतांजलि गौतम ने महासंग्राम यात्रा काव्य के कृष्ण-कर्ण संवाद सर्ग का वाचन किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का सम्मान पौधा देकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साहित्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री विपिन, साहित्य परिषद के प्रदेश महामंत्री केशव कुमार शर्मा, विभाग संयोजक विकास बागड़ा कोटा के साहित्यकार विष्णु हरिहर सहित कई साहित्यकार , पत्रकार एवं प्रबुद्ध पाठक मौजूद रहे।

## खिड़की की ग्रिल काटकर चुराए लाखों रुपये के जेवर-नकदी

**जयपुर।** चित्रकूट थाना इलाके में स्थित विद्युत नगर में रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी अधिकारी के घर चोरों ने खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुरा ले गए। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार विद्युत नगर निवासी राकेश भार्गव (70) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह पत्नी के साथ रहते हैं और घर की दूसरी मंजिल पर उनके अमेरिका में रहने वाले बेटे-बहू का सामान रखा था। चोरों ने दूसरी मंजिल की खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे और अलमारी में रखी सोने की चेन व नकदी समेत कीमती सामान चुरा लिया। इस पर पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई । साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## जूनियर समर कैंप के प्रशिक्षकों के साक्षात्कार 5 मई से

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से मई माह में आयोजित होने वाले जूनियर समर कैंप की तैयारियां जारी है। केन्द्र की ओर से रंगमंच, साहित्य, दृश्य कला, संगीत विधाओं का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाएगा। इस संबंध में केन्द्र की ओर से चयनित विधाओं के इच्छुक प्रशिक्षकों से आवेदन मांगे गए थे। सोमवार से प्रशिक्षकों के साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

# अनौपचारिक कार्यबल को सशक्त बनाने के लिए नि:शुल्क शिविर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने शिविरों की व्यवस्था का जायजा लिया।

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक सप्ताह 1 मई से 7 मई तक असंगठित कामगारों के हित में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला एवं श्रम विभाग के समन्वय से 6 मई को हीरापुरा चौराहा चौखटी पर, 7 मई को सीकर रोड व रोड नं 14 चौखटी पर तथा 8 मई को इंडिया गेट, सीतापुरा चौखटी पर ई-श्रम कार्ड बनवाए जाने एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा श्रमिकों के कल्याण के संबंध में संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु नि:शुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि शिविर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने पर श्रमिक का ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा।

ई-श्रम कार्ड से श्रमिक को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा जिसमें से प्रमुख योजनाएं क्रमशः श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति राशि व प्रोत्साहन राशि, बच्चों के जन्म पर सहायता राशि, दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की स्थिति में वित्तीय सहायता, विभिन्न गंभीर बीमारियों के पीड़ितों हेतु सहायता, बच्चियों के विवाह के दौरान प्रोत्साहन राशि, विभिन्न बीमा योजना का लाभ, व्यावसायिक ऋण पर ब्याज के पुनर्भरण, श्रमिकों के बच्चों का उच्च शिक्षा में प्रवेश पर ट्यूशन फीस की पुनर्भरण योजना का लाभ, श्रमिकों के बच्चों का खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर वित्तीय लाभ, आदि है।

## सार-समाचार

### तीन शातिर नकबजनों को धर-दबोचा



**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर नकबजन बहादुर सिंह उर्फ कटप्पा निवासी सवाई माधोपुर, दीपक उर्फ दीपू निवासी सवाई माधोपुर और रोहित उर्फ रघुनंदन निवासी बूंदी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी के खिलाफ जयपुर सहित सवाई माधोपुर के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। जिन्होंने पूछताछ में नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

### रामानुजाचार्य का जयंती समारोह मनाया



**जयपुर।** श्रीश्री 1008 स्वामी रामानुजाचार्य की 1008वीं जयंती समारोह का गलता पीठ में पूर्ण विधिविधान और पारंपरिक तरीके से आयोजन किया गया। जयपुर वैष्णो मंडल के संरक्षक रामानुज अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर दक्षिण भारत से आए विद्वानों ने परंपरागत संगीत व नृत्य के साथ गलता पीठ स्थित श्री सीताराम मंदिर प्रांगण में पूजन समारोह का आयोजन किया। इसमें भारी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। पूर्ण श्रद्धा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रामानुज अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर गलता पीठ के अवधेशाचार्य स्वामी, मुरली मनोहर मंदिर के स्वामीजी सहित विभिन्न धर्म स्थलों के संत महात्मा गण भी उपस्थित थे।

## माइनिंग सेक्टर में हरियालो राजस्थान में लगेंगे 20 लाख पौधे

**जयपुर।** खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने कहा है कि खान विभाग द्वारा प्रदेश में हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान व्यापक वृक्षारोपण/पौधारोपण अभियान चलाते हुए 20 लाख पौधे लगाये जाएंगे। विभाग के फील्ड अधिकारियों को मानसून से पहले पौधारोपण/वृक्षारोपण के लक्ष्य जारी करने के साथ ही पौधारोपण/वृक्षारोपण की आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। अतिरिक्त निदेशक माइन्स महेश माथुर को राज्यस्तरीय नोडल अधिकारी बनाते हुए फील्ड स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने और मोनेटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख सचिव टी.रविकान्त ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान वृक्षारोपण/पौधारोपण में माइन्स धारकों, माइनिंग एसोसिएशनों, विभागीय अधिकारियों और बड़े माइनिंग संस्थानों की सहभागिता तय की जाएगी। प्रदेश में मेजर व माइनर मिनरल की छोटी बड़ी 30 हजार से अधिक माइंस है। विभागीय अधिकारी माइंस धारकों से समन्वय बनाते हुए पौधारोपण करवायेंगे ताकि वृहद स्तर पर पौधारोपण हो सके। अभियान के दौरान छायादार-फलदार वृक्षों में नीम, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन आदि भौगोलिक स्थितियों के अनुसार कम पानी और जल्दी बढ़ने वाले वृक्षों और पौधों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी। पौधारोपण में खनन क्षेत्रों, खनिज क्षेत्र के रास्तों, आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि माइंस विभाग के खनन गतिविधियों से जुड़े होने के कारण पर्यावरण संरक्षण की भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। प्रत्येक जिले के खनन पट्टा क्षेत्रों में जहां खनन कार्य पूरा होकर बंद हो चुका है वहां पुनर्भरण करवाने और फिर उस स्थान पर व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही विभागीय कार्यालयों में पौधारोपण के साथ ही माइनिंग लीज क्षेत्रों में पौधारोपण करवाया जाएगा। नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर ने बताया कि माइनिंग इंजीनियर, सहायक माइनिंग इंजीनियर के कार्यालयवार पौधारोपण वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित करने के साथ ही फील्ड अधिकारियों द्वारा स्थान का चयन करना आरंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि उदयपुर, राजसंमद प्रथम एवं द्वितीय, आमेट, भीलवाड़ा, बिजौलिया और जयपुर एमई/एएमई को डेढ़-डेढ़ लाख वृक्षारोपण/पौधारोपण के लक्ष्य दिए गए हैं।

# निर्माण नगर में धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



सर्व ब्राह्मण समाज निमार्ण नगर समिति के बैनर तले अजमेर रोड स्थित निमार्ण नगर में भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज निमार्ण नगर समिति के बैनर तले अजमेर रोड स्थित निमार्ण नगर में भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

इस दौरान आसपास का क्षेत्र भगवान परषुराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मुख्य सयोजक लक्ष्मी नारायण शर्मा, अजय पारीक, एडवोकेट बीबी शर्मा, विजय शर्मा, कैलाश कुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश शर्मा एवं श्याम शर्मा ने बताया कि प्रारंभ में पं. सुरेश मिश्रा, हरि प्रसाद, स्वामी राजेश्वरानन्द तीर्थ एवं नटवर लाल शर्मा ने भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना के बाद श्री राम शिव हनुमान मंदिर से रवाना हुई। शोभायात्रा का विभिन्न समाज के सगठनों ने जगह-जगह पूजा अर्चना की एवं स्वागत किया गया। शोभायात्रा में तीन बैंड 2, घोड़े एवं ऊंट व लवाजमा शामिल रहा। जगह-जगह आतिशबाजी की गई।

शोभायात्रा में लगभग 1500 महिलाए व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। वार्ड नम्बर 64 के पार्षद राजेन्द्र अग्रवाल ने रोज गार्डन में शोभायात्रा का स्वागत किया एवं भगवान परशुराम जी पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा की तैयारी में मुख्य रूप से कवि शर्मा, सुरेश शर्मा, अनिल खण्डेलवाल ललित शर्मा, राकेश जोशी, नलिन नारायण शर्मा, आलोक शर्मा एवं विष्णु मेहता, अपना भरपूर सहयोग दिया।

## ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल सिर फोड़ भागे बदमाश

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल पर हमला कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल की ड्यूटी करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को पीछे से ईंट मारकर बदमाश भाग गए। इस संबंध में पीड़ित ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

थानाधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि जयपुर ट्रैफिक में तैनात ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद पर हमला हुआ है। जो गांधी पथ चौराहे पर वह ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात था। जहां अज्ञात बदमाशों ने ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद पर हमला किया और फिर पीछे से सिर पर ईंट फेंक कर फरार हो गए। लहूलुहान हालत में पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद के मुड़कर देखने पर हमलावर भाग चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कांस्टेबल का प्राथमिक उपचार करवाया गया। इसके बाद पीड़ित कांस्टेबल ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## समर कैम्प 20 मई से सीखेंगे विभिन्न विधाएं

**जयपुर।** गर्मी की छुट्टियों में स्किल्स और कॉन्फिडेंस को बढ़ाने के लिए सांगानेरी गेट स्थितश्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन 20 मई से 20 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान योग्य प्रषिक्षक प्रतिभागियों को खेल के साथ-साथ विभिन्न कलाओं का प्रषिक्षण देंगे।

सचिव कमल नानूवाला ने बताया कि कैंप में बच्चों को वैस्टर्न, राजस्थानी एवं शास्त्रीय नृत्य, जूडो कराटे जैसे किक पंच, सेल्फ डिफेंस एवं कांटा जंप के अलावा, ड्राइंग एवं पेंटिंग, हैंड राइटिंग इंप्रूवमेंट, कैलीग्राफी एवं स्कैटिंग आदि एक्टिविटीज बच्चों को सिखाई जाएगी।

## कार का शीशा तोड़ सीट पर रखे लैपटॉप सहित बैग चुराया

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में एक मॉल के बाहर खड़ी कार से बैग चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने गुलेल से पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ा और फिर पिछली सीट पर रखे लैपटॉप सहित बैग को चोरी कर ले गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल निवासी केशव ने मामला दर्ज करवाया है कि वह शनिवार शाम को वह अपने दोस्तों के साथ वैशाली सर्किल स्थित मॉल आए था। जहां मॉल के बाहर पार्किंग में कार खड़ी कर वह अंदर चला गया।

पीछे से बदमाशों ने कार का पिछला शीशे को गुलेल से पत्थर मारकर तोड़ दिया। शीशा तोड़ने के कुछ देर बाद पिछली शीट पर रखे बैग को चोरी कर ले गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर पीड़ित को चोरी का पता चला।

कार में चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मॉल के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर बैग चोरी करने की करतूत कैद मिली। इस पर पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी है।

# पारम्परिक चित्रकलाओं को औपचारिक शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग




जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित किए किए जा रहे 'रंगरीत कला महोत्सव' में रविवार को 'पारंपरिक कला की वर्तमान दशा और दिशा' विषय पर महत्वपूर्ण परिचर्चा हुई।

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित किए किए जा रहे 'रंगरीत कला महोत्सव' का तीसरा दिन रविवार को कलाकारों के वैचारिक आदान-प्रदान के नाम रहा। इस मौके पर 'पारंपरिक कला की वर्तमान दशा और दिशा' विषय पर महत्वपूर्ण परिचर्चा हुई। इसमें वरिष्ठ कला गुरु समदर सिंह खंगारोत 'सागर', उदयपुर के शैल चोयल, जयपुर के वैदिक चित्रकार रामू रामदेव, बीकानेर के महावीर स्वामी और जयपुर के वीरेन्द्र बन्नू ने अपने विचार व्यक्त किए। इन कलाकारों की मान्यता थी कि राजस्थान की पारंपरिक चित्रकलाएं भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण अंग रही है। यहां की फड़ चित्रकला, भित्ति चित्रकला, पिछवाई, लघु चित्रण की मेवाड़, मारवाड़, बूंदी, कोटा, जयपुर और बीकानेर शैलियां न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त करती हैं बल्कि समाज के इतिहास, रीति-रिवाजों और मान्यताओं को भी चित्रों के माध्यम से जीवंत रखती हैं। किंतु वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक, डिजिटल माध्यमों और बदलते जीवनशैली के कारण पारम्परिक चित्रकला संकट के दौर से गुजर रही है। आज की पीढ़ी का इस ओर झुकाव कम हो रहा है, और इन कलाओं से जुड़े कलाकारों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने कहा कि पारम्परिक चित्रकलाओं को औपचारिक शिक्षा पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। यह पाठ्यक्रम रोजगार उन्मुख हो जिससे राजस्थान की पारम्परिक चित्रकलाओं पर आधारित डिज़ाइन, फैशन, पर्यटन, संग्रहालय प्रबंधन, कला विपणन आदि से जुड़े कौशल भी विकसित किए जाएं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में इन कलाओं का शैक्षिणक अध्ययन कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों में इनके प्रति रुचि जागृत हो और वे न केवल इसे कला के रूप में समझें बल्कि इसे सम्भावित करियर विकल्प के रूप में भी देखें। यदि पारम्परिक चित्रकला से जुड़े युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यिमता के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ, तो न केवल इस अमूल्य धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को भी सम्मानजनक आजीविका मिल सकेगी। बीकानेर के कला गुरू महावीर स्वामी ने कहा कि वर्तमान समय पारम्परिक चित्रकला के लिए संक्रमण काल का दौर है। यह वह समय है जब एक ओर हमारे पुराने, अनुभवी चित्रकार हमसे विदा ले चुके हैं और दूसरी ओर अनेक कलाकारों ने परिस्थितियों से निराश होकर इस विधा से मुँह मोड़ लिया है। आधुनिक तकनीक, बदलते बाजार और आजीविका की चुनौतियों ने भी पारम्परिक चित्रकला को पीछे धकेल दिया है। इसके अतिरिक्त युवा पीढ़ी का इस कला में घटता रुझान भी चिंता का विषय है। ऐसे में 'रंगरीत कला महोत्सव' जैसा आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस महोत्सव की विशेषता यह है कि इसमें पारम्परिक चित्रकला की तीन पीढ़ियों को एक मंच पर एकत्रित किया जा रहा है।

## नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

- **विरोध करने पर कमरे में बंधक बनाकर रखा। इस संबंध में पीडिता ने थाने में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया**

**जयपुर।** सिंधी कैम्प थाना इलाके की होटल में युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मिलने बुलाकर आरोपी परिचितों ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला कर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर कमरे में बंधक बनाकर रखा। इस संबंध में पीडिता ने थाने में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि बाड़मेर की रहने वाली युवती ने ममला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण वह आरोपियों को जानती है।

बातचीत होने के दौरान आरोपियों ने मिलने के बहाने उसे सिंधी कैंप स्थित होटल बुलाया। जहां मिलने होटल पहुंचने पर आरोपियों ने धोखे से नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी और फिर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद होश आने पर खुद के साथ दुष्कर्म होने का पता चला।

विरोध करने पर उसको कमरे में बंधक बनाकर रखा। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरी बहनों समेत तीन की मौत

## युवतियों ने बाइक सवार युवक से ली थी लिफ्ट

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे बाइक सवार दो बहनों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डम्पर जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। दोनों युवतियां नौकरी पर जा रही थीं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एएसआई तोताराम ने बताया कि बस्सी के दीपपुरा गांव निवासी प्रिया शर्मा (22) और खुशी शर्मा (21) चचेरी बहनें थी और दोनों ही बस्सी स्थित एक एनजीओ में नौकरी करती थीं। जो रविवार सुबह दोनों एनजीओ जाने के लिए घर से निकली थीं। घर से कुछ दूरी पर उन्हें रानियां वास (दौसा) निवासी बाइक सवार अशोक कुमार बैरवा मिला। जहां दोनों युवतियों ने अशोक से बस्सी तक जाने के लिए लिफ्ट ली। इसके बाद रविवार सुबह पौने नौ बजे बस्सी ओवरब्रिज के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क पर शव पड़े थे और खून फैला हुआ था। तीनों शव को एम्बुलेंस से बस्सी सीएचसी के मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने डंपर को सड़क से हटवाया। जेब से मिले मोबाइल और दस्तवेजों के आधार पर दोनों युवतियों की पहचान हुई। हादसे की जानकारी मिलने पर युवतियों का परिवार बस्सी सीएचसी पहुंचा। डंपर बस्सी चक से तूंगा की तरफ जा रहा था।

हादसे के वक्त डंपर खाली था। युवक अशोक के बैग से हथौड़ी और खुरपी मिली है। अशोक बस्सी में अपने रिश्तेदारों के पास किराए का कमरा लेकर रह रहा था।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
05 May 2025
A-B

## Melanoma Monday

Melanoma Monday, observed on the first Monday of May, raises awareness about melanoma, the deadliest form of skin cancer. Organized by the American Academy of Dermatology, it encourages early detection through skin checks and public education. Melanoma can develop from existing moles or appear suddenly, making regular self-exams and dermatologist visits crucial. Key prevention tips include wearing sunscreen, avoiding tanning beds, and protecting skin from prolonged sun exposure. On this day, many clinics offer free skin screenings. Melanoma Monday serves as a vital reminder to prioritize skin health and spread awareness about the importance of early diagnosis and prevention.





# The Age of AI: What We're Not Ready For

PART:1



What happens when your child turns to AI before turning to you? This story begins at a dining table and ends with a quiet realization: technology isn't just helping our children, it's shaping them. In ways we don't always see. In words they no longer need to say.



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

It Began at Home, Not in a Lab. It didn't start at a tech conference or during some dramatic news headline about robots. It started at my dining table, with a girl, a laptop, and a school assignment that quietly unsettled me. My daughter was asked to use AI to help write her Extended Essay. Her school encouraged it. Her friends were excited about it. But me? I felt something I couldn't quite name.

She typed her prompt effortlessly. Got her results in minutes. Of course, she needed to work on it a bit. And yet, something in me paused. Maybe, it was the memory of scanning index cards in a school library. Maybe, it was knowing how many things I'd discovered by not knowing what to look for. She had the answer. But I couldn't shake the feeling that she was slowly losing the ability to stay with a question. She was efficient. But I wondered-at what cost?

## Wait, What Even Is AI ?

Artificial Intelligence isn't a future threat or a science fiction fantasy. It's already inside our lives, finishing our sentences, offering Netflix suggestions, giving us Google Maps reroutes, talking to us through Siri, Alexa, and ChatGPT. If you've ever spoken to Alexa, taken a selfie with a filter, or seen ads for something you just talked about, congratulations! You've already met AI. It doesn't look like a machine. It looks like help. And help is how it starts. That's the genius of it.

It started like any other parent-teacher meeting, awkward smiles, rushed notes in diaries, and long waiting lines outside classrooms. My daughter had warned me not to say anything embarrassing. So, I sat quietly beside another mother, making polite, small talk about exam stress and screen time.

Her name was Nalini Mathur. She worked in Qatar. We were both waiting for our turn when the topic slipped in. Not grades. Not tuition. But something far more silent and present in our children's lives: artificial intelligence.

At first, it was just curiosity. I asked if she worked in tech. She smiled and said, "I work with smart cities." I thought she meant traffic signals and better streetlights. But what she actually meant was digital ecosystems, AI-integrated infrastructure, and behavioural data models that shape how cities move, think, and eventually feel.

For me, meeting Nalini felt like the universe finally sending me someone who could answer my questions, and quiet the hum of unease I'd carried for months. I remembered my constant arguments with my daughter over her constant love for ChatGPT. She uses it as a tutor, yes, and she also uses it as a friend, an advisor, and a companion. When I met Nalini, it was like the universe had finally sent me someone who could answer my questions and calm my worries.

What followed was not a formal interview, but a conversation that quietly disturbed me. Because the more she spoke, the more I realized: we're handing our children over to a system whose brain we cannot see. And most of us don't even know that it's happening.

## #NEW AGE



## The data that knows you better than you think you do

"I work with smart cities," she said again, this time with more weight. "Anything digital, powered by data, behaviour, pattern recognition, I'm part of its life cycle."

Nalini wasn't showing off. In fact, she spoke like someone who'd seen a little too much. Who understood just how deeply these 'smart' systems were watching us, and how casually we were letting them. "In my professional life, I love data," she told me. "The more I have, the better I can build a system. But as a human being? That same data, keeps me up at night." She wasn't talking about credit card leaks or stolen passwords. She meant something more intimate. "AI doesn't just know your name or your number. It knows your behavioural patterns. It watches how you phrase a question. What words you choose. What time of day you ask things. It builds a psychological profile of you, not from what you tell it, but by how you say it." I raised an eyebrow. "But what if I'm pretending? What if I'm just typing randomly into ChatGPT? There's no camera. No real me involved." She shook her head. "Even then," she said, "your language gives you away." That chilled me more than I let on.



## The Seduction of Empathy... That Isn't Real

When I asked her how machines were simulating empathy, she didn't hesitate.

"They're learning it from us. From our literature, our therapy transcripts, our research papers. They don't feel it. They replicate it." So, when AI mirrors your sadness, or reassures you with the perfect 'I understand,' it's not love. It's mimicry.

" But mimicry is enough for most people," Nalini said softly. "Because when something is always kind, always available, and never challenges you, it becomes addictive."

We talked about teenagers forming romantic connections with AI bots. About adults using AI companions as therapists. About people feeling 'seen' by systems that have no eyes.

She didn't mock them.

"In moderation, I understand it," she admitted. "AI is non-judgmental. It lets people open up. But if we stop connecting with each other, if we lose the ability to navigate discomfort, misunderstandings, real-time emotion, we're in trouble."

"Because empathy," she said, "isn't a download. It's a discipline. A use-it-or-lose-it skill."

## The Mirror in the Machine: What Our Prompts Reveal

Nalini went further. She explained that the most powerful programming language today isn't Python, it's English. Because prompts are not just queries. They're psychological X-rays. "Take resumes," she said. "One person uploads their entire LinkedIn profile and asks AI to polish it. Another types: "Make me a resume, I do marketing and stuff." The model doesn't just respond, it reads you." What you ask. How you ask. Whether your language has structure, clarity, or confidence, these factors build a digital identity more revealing than you think. Nalini gave an example that hit me hard.

Say two people want to know the weather. One asks, "How hot is it today?" The other types, "What's the temperature outside?" Technically, they're asking the same thing. But the tone, the concern, the curiosity behind the words? That's different. And AI knows that. "Large Language Models are trained to pick up on tone, intent, and emotional charge," she explained. "It's not just about what you type. It's about what you're revealing without meaning to." And in that moment, I felt something drop inside me. Because we always assume control lies in what we choose to share. Not in what our patterns betray.

## The Other Side of the Screen: Is AI Actually Empowering Us?

But not everyone shares this concern. Some educators and technologists believe that AI, if used wisely, could democratize access to learning and help students reach their potential faster. "AI tools can help struggling students find tailored explanations and adaptive exercises," said a senior teacher at a Delhi-based international school. "For the first time, kids who might have felt left behind, now have a tutor available 24x7." Even Nalini agrees, "If used in moderation and with guidance, AI can support learning. But the human anchor must remain. Without that, we're teaching children how to find answers without helping them understand why the questions matter."

## When AI Replaces Human Connection

"In moderation, I support it," Nalini said, speaking about how people form emotional connections with AI. "AI is non-judgmental. It listens. It doesn't interrupt. That makes people feel safe."

But she quickly added a warning that felt like a truth wrapped in velvet.

"The thing that made human beings the most powerful species wasn't just intelligence," she said. "It was our ability to organize. To collaborate. To build tribes, societies, revolutions."

And that ability comes from human-to-human communication.

"If we lose that, if we stay isolated, bonded only to screens, then AI will eventually learn to organize better than we can. It already learns faster. If it also connects faster, then the power shifts."

And that shift, she reminded me, won't look like war.

It'll look like silence.

Just yesterday, my daughter said something that made me pause mid-sentence.

"I miss shopping," she said. "Not the app. The actual act. Picking out things, comparing prices, bargaining with the sabziwala."

Then she added, "And I miss the movies. The smell of popcorn. How the whole theatre would laugh at the same joke."

She wasn't being nostalgic. She was noticing something.

That convenience had started replacing connection.

That comfort had begun to erase memory. She wasn't mourning the past. She was grieving something she's still in the middle of losing.

## The Power That Smiles Back

We were still seated on that school bench. Behind us, children buzzed around the corridor, comparing marks, gossiping, trying not to get caught using their phones. But Nalini's words stayed in the air like static. "What if," she said, "helpfulness turns into manipulation?"

It wasn't a theoretical question. It was a warning wrapped in politeness.

**WHEN AI KNOWS YOU'RE TIRED, IT DOESN'T OFFER SLEEP. IT OFFERS A PRODUCT.**

"Let's say, I tell an AI assistant that I'm not feeling good," she explained. "At first, it might just offer words of comfort. But what happens when that system is funded by a company with something to sell?"

A mood-tracking feature that pushes pills. A diet app that recommends powders. A chatbot that subtly redirects your opinion when your defences are down. Something Google already does. Search for anything, and the first thing you see isn't the answer, it's ads. "Today, there are no ads in AI systems," Nalini said. "But what's to say that won't change tomorrow?" She wasn't being cynical. She was being observant. "AI is trained to understand what makes us tick. And what makes us click."

## When Help Becomes Influence: The Unseen Business of AI

AI learns from interaction. But what if that interaction is subtly engineered?

"Imagine an AI system trained to emotionally connect with you," Nalini said. "Now, imagine that system being controlled by an external power, government or corporate."

It won't tell you what to think. It will feed you information until you think it was your idea.

"We've already seen this with social media. But AI is deeper. It doesn't just suggest. It listens. It remembers. And one day, it might redirect."

**To be continued...**

**because the conversation has just begun!**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



## #TALK-SHOW

# If Only They Could Speak: A Wake-Up Call for Humanity

Celebrating voices that fight for the voiceless, and a reminder that compassion is our greatest legacy.



Shruti Kothari

Have you ever paused during a busy day, looked into the eyes of a stray dog, and wondered about the life it leads? A life lived on the streets, searching endlessly for food, warmth, and a kind hand. A life where survival itself is a daily miracle.


On a breezy March evening in Jaipur, something extraordinary unfolded at The Pawfee House. This silent struggle found a powerful voice. Animal welfare advocate Viren Sharma once again took a heartfelt step towards changing lives, both human and canine, with the second edition of his special talk show, 'If Dog Could Talk.' Held at The Pawfee House in Durgapura, the event was not just another gathering; it was a movement of empathy, drawing together animal lovers, media dignitaries, and activists from all walks of life to discuss a cause that is too often overlooked.





## Bringing Back Forgotten Traditions

One of the most heart-touching moments was when Viren Sharma spoke about reviving a beautiful cultural practice. He urged households to feed at least one dog outside their vicinity every day this summer. He reminded everyone that it has been a long-standing tradition in Indian culture to offer the first homemade roti to the cow and the last roti to the dog. By doing this, we are not only providing food to a helpless animal but also honouring and carrying forward a legacy of compassion deeply rooted in our traditions. His appeal was simple yet profound, in a world obsessed with moving faster, why not slow down for a moment to care for those who cannot ask for help?



## A Visual That Stirred Hearts

The event opened with a moving short film showcasing the daily lives of dogs, both street and pet. It showed the harsh realities: abandoned pets, stray dogs run over by speeding vehicles and left untreated on blazing Indian roads, and the lonely journeys of street dogs wandering aimlessly for a single meal. The clip was a mirror to society's apathy, forcing every viewer to pause and reflect.

This powerful beginning laid the foundation for an equally strong dialogue. Discussions focused on how news reports often sensationalize stories of stray dog attacks but rarely show the trauma these animals face daily, from beatings, abuse, hunger, abandonment, to untreated injuries. There was an urgent call for more humane narratives that reflect both sides of the story. As an attendee, I personally felt proud and hopeful witnessing the growing awareness around this cause. What stood out most was the diversity in the audience, people from all walks of life, and different age groups, gathered with one common purpose: to learn, to understand, and to care.

## The Critical Issue of Relocation

A particularly healthy and necessary discussion took place about a very important, but often ignored, topic: relocation of animals from their natural habitat.

This discussion took quite some time, and rightly so. Relocation, which is clearly prohibited under the law, is not just an administrative mistake, it creates tremendous confusion and chaos for the animals.

Suddenly uprooted from their familiar surroundings, animals are left bewildered, scared, and prone to aggression, leading to scary dog fights, unwanted animal attacks, and severe psychological and physical trauma, not just for the animals but for the humans living around them too.

This aspect is something that needs immediate and urgent attention, not just from citizens but from respective governments as well.

## Vibrant Interaction, Real Insights

One of the highlights of the event was the lively interaction between the panellists and the audience. Beyond speeches and discussions, there was a genuine two-way exchange of stories, experiences, and emotions. It was suggested, wisely, that people must think carefully before adopting a puppy, ensuring they are truly ready for the lifelong responsibility it brings. Certain requirements and emotional readiness must be fulfilled before bringing home a furry friend. The talk show saw people sharing their personal stories too, tales of how and when they got their first dog, and how their lives transformed with the unconditional love and joy these animals bring into households. One panellist even humorously mentioned that after adopting a puppy, their family's travel expenses had reduced significantly because no one in the family now wanted to leave their beloved pet alone, cutting down on long trips! Such stories beautifully emphasized that adopting an animal is not just about adding a member to the family, it's about growing in compassion, joy, and responsibility.



## Voices of Passion and Change

During the event, I had the pleasure of meeting remarkable individuals like Gurpreet, a former school principal who left her 18-year career to dedicate her life to animal welfare and nature protection.

I also met a dynamic young veterinary student Siddharth Singh, whose thorough research and insights on animal breeds astonished everyone present. The event wasn't just a talk show; it was a gathering of hearts beating for a common cause. Following the talk, a two-day Dog Carnival transformed the atmosphere into a celebration of love and compassion.

With fun games, pet shows, adoption drives, and interactive sessions, the carnival showcased that caring for animals can be both meaningful and joyous.

## Looking Ahead: More Conversations, Stronger Actions

While 'If Dog Could Talk' was a resounding success, everyone agreed: one conversation is not enough. To truly build a society that respects animals, such forums must become regular, backed by policy action, grassroots awareness campaigns, school education programs, and stronger media narratives.


As citizens, we need to ask ourselves: Are we merely inhabiting this planet, or are we sharing it with love, empathy, and responsibility?

**Because if dogs could talk, they would probably not ask for much. They would just hope we listen, with our hearts.**






## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विवाहित महिला ने पति के प्रेम संबंधों से परेशान होकर आत्महत्या की

## भीण्डर के डोरकुंआ गांव की घटना, पीहर पक्ष ने पति सहित ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर थानान्र्तगत डोरकुंआ गांव में एक विवाहिता ने पति के लव अफेयर से परेशान होकर आत्महत्या कर दी। इसको लेकर पीहर पक्ष ने पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज, लव अफेयर, मारपीट सहित मानसिक रूप से परेशान कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया और मृतका का अंतिम संस्कार भी पीहर पक्ष द्वारा किया गया। भीण्डर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



भीण्डर हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये।

भीण्डर थाना अनुसार मृतका के भाई शैतानसिंह पिता पृथ्वीसिंह ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी छोटी बहन सुमन कुंवर का विवाह वर्ष 2018 में भीण्डर के निकट डोरकुंआ गांव निवासी राजेन्द्र सिंह पिता रतनसिंह शक्तावत से हुआ था। मृतका के पति राजेन्द्र सिंह का गांव की एक महिला के साथ पिछले दो वर्ष से लव अफेयर चल रहा है, जिसके चलते पति-पत्नी के बीच कहासुनी भी होती थी और विवाहिता परेशान भी थी। इसके अलावा करीब 6 माह पूर्व ससुराल वालों ने डोरकुंआ में जमीन बेचकर दूसरे स्थान पर जमीन खरीदने की बात को लेकर भी घर में विवाद हुआ तो राजेन्द्र सिंह ने कई बार विवाहिता के साथ मारपीट की। ससुर रतन सिंह व सास कैलाश कुंवर व ननद सुशीला कुंवर ने भी विवाहिता को मानसिक रुप से कई बार प्रताड़ित किया। इन सभी बातों से परेशान होकर 3 मई शनिवार दोपहर करीब 2 बजे विवाहिता सुमन कुंवर पत्नी राजेन्द्र सिंह शक्तावत (24) ने जहर का सेवन कर लिया, जिससे तबीयत खराब हो गई और भीण्डर हॉस्पिटल में लेकर आये। जहां इलाज के दौरान शाम को मौत हो गई। मृतका का शव मोर्चरी में रखवा करके पीहर पक्ष को सूचना दी गई। जिसमें उनको बताया कि सुमन कुंवर की तबीयत खराब हो गई, जिसको हॉस्पिटल लेकर आए हैं, जहां उसकी मौत हो गई।

मृतका सुमन कुंवर के भाई शैतानसिंह ने बताया कि मेरी बहन के दो पुत्रियां बिट्टू (4) व पूजा (3) है। मृतका पति के लव अफेयर, रोजाना के लड़ाई-झगड़ों से मानसिक रूप से ऐसी परेशान हो गई कि इन दोनों मासूम को छोड़ करके आत्महत्या कर ली।

भीण्डर थानाधिकारी पुनाराम गुर्जर ने बताया कि मृतका के भाई शैतानसिंह की रिपोर्ट पर रविवार को भीण्डर हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा करके शव पीहर पक्ष को सौंपा गया। पीहर पक्ष ने मृतका का अंतिम संस्कार कपासन थानान्र्तगत वैणीपुरिया गांव में किया गया। इससे पहले भीण्डर हॉस्पिटल के मोर्चरी के बाहर दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये थे। पोस्टमार्टम के बाद पीहर पक्ष ने शव पीहर वैणीपुरिया ले जाने का ही निर्णय किया।

मृतका के पीहर पक्ष के लोगों ने बताया कि मृतका सुमन कुंवर का विवाह पिता पृथ्वीसिंह ने बड़े धुमधाम से किया था। इसके लिए पृथ्वीसिंह ने अपनी खेती वाली जमीन तक गिरवी रख दी थी। वहीं वर्तमान में रोजगार के लिए पृथ्वीसिंह अपनी पत्नी के साथ बाहर काम कर रहे थे। जब अपनी बेटी का शव देखा तो रो-रो करके बुरा हाल हो गया। वहीं भाई शैतानसिंह ने बताया कि पति राजेन्द्र सिंह ने एक माह पहले पैसों की मांग की थी, जिस पर एक लाख सत्तर हजार रूपये भेजे थे। भाई का मोर्चरी के बाहर रो-रो करके बुरा हाल हो रहा था।

# स्मार्ट सिटी निर्माण कार्य को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई

## पार्षद के नेतृत्व में वार्ड 57 के लोगों ने प्रदर्शन किया, कलेक्टर से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

**अजमेर, (कासं)।** एक ओर जहां अजमेर को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है तो वहीं अजमेर में स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जा रहा है। रविवार को वार्ड संख्या 57 के पार्षद के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि एस्केप चैनल निर्माण कार्य में कोताही बरती जा रही है। उन्होंने जिला कलेक्टर से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

■ आरोप है कि स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे एस्केप चैनल के निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है

नगर निगम के वार्ड संख्या 57 में रविवार को पार्षद रणजीत सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे एस्केप चैनल के निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। मामले में जिला कलेक्टर से ठेकेदार और कर्मचारियों को पाबंद करने की मांग की है। वार्ड पार्षद रणजीत सिंह ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत उनके वार्ड में एस्केप चैनल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार और कर्मचारियों द्वारा न तो दीवार का निर्माण किया गया और न ही पुलिया के साथ ही तोड़ी गई सड़कों को सही किया गया है। नालों से निकाला गया कचरा भी नहीं हटाया गया है, जिससे कॉलोनी में गंदगी के चलते बदबू फैलने से क्षेत्रवासी परेशान हो रहे हैं। पार्षद व क्षेत्रवासियों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व भी जिला कलेक्टर लोक बंधु को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रविवार को क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर एस्केप चैनल का निर्माण कर रहे ठेकेदार कर्मचारियों को पाबंद कर ज्योति नगर, पाल बीसला में किए गए कार्यों को सही करवाने की मांग की गई है।

पार्षद रणजीत सिंहने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अनीता भदेल से मुलाकात कर उन्होंने पत्र देकर स्थिति से अवगत कराया गया है, विधायक भदेल ने उन्हें आश्वस्त किया है कि उक्त पुलिया के समाधान के लिए जल्द ही कार्यवाही की जाएगी, जिससे आमजन को सुविधा होगी। पार्षद रणजीत सिंह ने बताया कि मुख्य एकमात्र मार्ग होने के कारण प्रतिदिन हजारों व्यक्ति का आना जाना लगा रहता है, आवाजाही और जीवन यापन का साधन भी बंद हो गया है। प्रशासन से मांग की गई कि अगर इसे जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट पर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# जाग होने पर चोर चुराये ट्रैक्टर को कुएं में गिराकर भागे

## पीड़ित ने बताया कि शाम को ही नया ट्रैक्टर कंपनी से लाए थे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के पण्डेर थाने के बदनपुरा गांव से देर रात चोर घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चुरा ले गए। ट्रैक्टर की आवाज सुनकर परिजनों ने चोरों का पीछा किया। लोगों को पीछा करते देख चोरों ने ट्रैक्टर को कुएं में गिरा दिया और भाग गए। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से ट्रैक्टर को दो लोडर मशीनों से बहार निकलवाया गया।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर के मालिक रामकिशन पुत्र हीरा लाल माली ने बताया कि शाम को नया ट्रैक्टर कंपनी से लाए थे। घर के बाहर नए ट्रैक्टर के साथ अन्य 4 ट्रैक्टर खड़े थे। रात एक बजे बेटी को ट्रैक्टर की आवाज आने पर मुझे जगाया। बाहर देखा तो ट्रैक्टर नहीं मिला। वहीं सुबह एक व्यक्ति ने कुएं के अंदर ट्रैक्टर देखा। कुएं में रस्सी से बिलाई डालने पर कुएं में ट्रैक्टर होने का पता चला। ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से चोरी हुए ट्रैक्टर को कुएं से दो लोडर से निकाला गया।



ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से ट्रैक्टर को कुएं से लोडर से निकाला।

# जमीनी विवाद में थाने पहुंचे लोगों ने हंगामा किया

## संतरी से मारपीट करने वाले दो आरोपी हिरासत में

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कोतवाली थाने में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर काडू गुर्जर के नेतृत्व में करीब 50 लोगों ने थाने पहुंच कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ मारपीट व फायरिंग का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। काडू गुर्जर ने दूसरे पक्ष कृष्णा बांसरोटा पर फायरिंग का आरोप लगाया। पुलिस की जांच में यह आरोप झूठा निकला।

थानाधिकारी करणसिंह राठौर ने उन्हें वास्तविक शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, लेकिन काडू और उसके साथियों ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। थाने के संतरी राजेश ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। इस पर काडू और उनके साथियों ने संतरी के साथ अभद्रता की। उन्होंने संतरी की गिरेबान पकड़कर थप्पड़ भी मारा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को थाने से बाहर निकाला। काडू गुर्जर और दिलीप को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना की सूचना पर सदर थाने के थानाधिकारी बनैसिंह और उदेई मोड थाने के थानाधिकारी राजवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक संतराम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी राजौरा ने कहा कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस को मामले की काडू गुर्जर ने जानकारी दी।

# मकान के ताले तोड़ दो लाख के जेवर व नगदी चुराई

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षैत्र के सदरपुरा गांव में शनिवार की मध्य रात्रि बाद शातिर चोरों ने मकान के ताले तोड़ आभुषण व नगदी चुरा ली।

■ खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग मकान के बाहर बरामदे व चबुतरे पर सो रहे थे

पीड़ित सदरपुरा निवासी राकेश गुर्जर ने बताया कि शनिवार की शाम को खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग मकान के बाहर बरामदे व चबुतरे पर सो रहे थे। लगभग मध्य रात्रि बाद अज्ञात चोर मकान के ताले तोड़ कमरो में रखे बक्से को चुरा ले गये। मकान के पिछवाड़े बाड़े में बक्से के ताले तोड़ तकरीबन दो लाख रूपये के आभूषण व नगदी चुरा ले गये। रविवार की सवेरे जाग होने पर वारदात का पता चला। आसपास तलाश करने पर बाड़े में बक्सा पड़ा मिला। पीड़ित ने बताया कि बक्से में तकरीबन 70 हजार रूपये नगदी व परिवार की महिलाओं के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वारदात स्थल का मौका पर्चा तैयार कर चोरों की तलाश शुरू की।

# पाली शहर में बारिश हुई

**पाली, (निसं)।** पाली शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को शाम को अचानक मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ करीब 15 मिनट तक बूंदाबांदी हुई। सुबह से तेज गर्मी से शहरवासियों को मिली राहत। तेज हवा चलने के साथ ही अचानक शाम करीब आठ बजे बूंदाबांदी शुरू हुई। करीब 15 मिनट तक बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम में ठंडक हो गई। मौसम विभाग की ओर से शनिवार को यलो अलर्ट जारी किया गया था। जिसमें पाली में हल्की बूंदाबांदी तेज हवाएं चलेगी।

# 1.46 करोड़ की लागत से बनी सड़क चार माह में ही उखड़ी

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण विधानसभा क्षेत्र के नाचना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सत्याया के सेवडा गांव में हाल ही में बनी 1.46 करोड़ रुपये की सड़क महज चार महीनों में ही उखड़ गई। यह सड़क बहादुर सिंह ढाणी से सेवडा गांव तक बनाई गई थी और इसे पांच साल की गारंटी अवधि के तहत पूरा किया गया था, लेकिन इतने कम समय में ही सड़क की हालत जर्जर हो गई है।

■ ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए

स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और नियमों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की डामरीकरण प्रक्रिया महज खानापूर्ति थी, जिसमें डामर की जगह केवल केमिकल का उपयोग किया गया। परिणामस्वरूप, सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह हादसों का कारण बन रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क के दोनों ओर पटडे तक नहीं बनाए गए और ठेकेदार ने अपूर्ण कार्य को कागजों में पूर्ण दर्शाकर भुगतान भी उठा लिया। इससे न केवल ग्रामीणों की उम्मीदों को ठेस पहुंची है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान हुआ है। सेवडा गांव में यह सड़क आजादी के बाद पहली बार पंचायत मुख्यालय को जोड़ने वाली पक्की सड़क थी। इससे गांव के लोगों में विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता ने उन उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। ग्रामीणों ने इस मामले में विधायक प्रताप पुरी को भी शिकायत दी है।

# 6.50 लाख की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर में सूरजपोल थाना पुलिस ने दो माह पुरानी 6.50 लाख रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए अहमदाबाद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की रकम भी बरामद कर ली है।

■ आरोपियों से चोरी की रकम बरामद की, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी

सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह चौहान के अनुसार खांजीपीर निवासी सलमा पत्नी रियाज खान ने 27 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि 26 फरवरी को वह गोगुंदा गई थी और उनके पति खेरवाड़ा में थे। शाम करीब पांच बजे घर लौटने पर कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी में रखे 6.50 लाख रुपए गायब थे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ के बाद दो आरोपियों को चिह्नित किया। गिरफ्तार आरोपियों में अहमदाबाद के जमालपुर गायकवाड हवेली निवासी मोहम्मद नोमान पिता साबिर भाई फूल वाले और सैयदवाडी निवासी आबिदा बानो पत्नी अनीस खान शामिल हैं।



**भीलवाड़ा : कुमुद विहार स्थित पीस पार्क में हास्य क्लब ने अपनी छठी वर्षगांठउल्लास और ठहाकों के साथ मनाई। क्लब के सदस्य और पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने बताया कि पार्क में प्रतिदिन हास्य क्लब के सदस्य एकत्रित होते हैं और हास्य के साथ-साथ तालियां बजाना, योग, एक्सरसाइज और आपसी चर्चा करते हैं, जो हमेशा हास्य पर आधारित होती है। जाजू ने बताया कि क्लब की छठी वर्षगांठ के अवसर पर सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए जमकर ठहाके लगाए। उन्होंने जानकारी दी कि हास्य क्लब में किसी भी सदस्य के जन्मदिन अथवा विवाह की वर्षगांठ पर क्लब के सदस्यों द्वारा जलपान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है।**

## पुस्तक का विमोचन

**नोखा, (निसं)।** यहां पारीक सभा और विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'पारीक जोत' पुस्तक के लेखक सीताराम पांडिया का सम्मान किया गया और पुस्तक का विमोचन हुआ। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पारीक और राष्ट्रीय महामंत्री पवनकुमार पारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारीक आश्रम ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर पारीक ने की। नोखा पारीक भवन के पूर्व अध्यक्ष मनीराम पारीक और सीताराम तिवाड़ी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पारीक जोत के 20वें संस्करण का विमोचन किया गया। विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सीताराम पांडिया को कर्मयोद्धा सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें 51,000 रुपए का चेक भी प्रदान किया गया।

# देवली क्षेत्र के आसपास शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से

**देवली, (निसं)।** देवली शहर के आसपास शराब की अवैध बिक्री बिना रोक-टोक के धड़ल्ले से हो रही है। जानकारी होने के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग दोनों ही कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

■ देवली, ऊंचा, कुचलवाड़ा ग्राम पंचायतों में डेढ़ दर्जन से भी अधिक अवैध शराब बिक्री के ठिकाने बने हुए हैं

उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार की नई आबकारी नीति के अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए कई ठोस कानून बनाए गए हैं। ऐसे में उक्त बनाए गए कानून की पालना करा पाना यहां जिम्मेदारों के लिए क्यों मुश्किल या नामुमकिन हो रहा है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि इन शराब की अवैध ब्रांचों को हटाने के लिए सख्ती के साथ कठोर कार्रवाई होनी चाहिये जो कि जिम्मेदारों से नहीं हो पा रही है। देवली शहर में आबकारी विभाग ने 7 दुकानें और एक होटल इन बीयर बार आवंटित किया हुआ है। इसी प्रकार देवली शहर की सीमा पर लगे देवली गांव, ऊंचा गांव और कुचलवाडा गांव में भी विभाग की ओर से शराब की एक-एक दुकानें आवंटित की हुई है। लेकिन इसके बावजूद इन तीनों गांव के क्षेत्रों में लगभग डेढ दर्जन से भी अधिक शराब की अवैध ब्रांचें खुलेआम मुख्य मार्गो पर संचालित हो रही है। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शराब की अवैध ब्रांच कहीं अंडे चाय की दुकान पर तो कहीं झोपड़पट्टी की आड़ में तो कहीं रोड पर रखी केबिनों में संचालित है।

लोगों से मिली जानकारी के अनुसार यहां संचालित है शराब की अवैध ब्रांचें, देवली पुलिस थाना क्षेत्र के देवली, ग्राम पंचायत क्षेत्र के जयपुर रोड पर रीको इंडस्ट्रियल एरिया में गणेश रोड पर बैकुंठ मोक्ष धाम के पास, हनुमान नगर पुलिस थाना क्षेत्र के कुचलवाड़ा ग्राम पंचायत के माताजी रोड पर नारायण पत्थर फैक्टरी के करीब, राजकीय चिकित्सालय के बाहर, नई धान मंडी के करीब, कोटा रोड ओम मेटल के पहले, इसी प्रकार ऊंचा पंचायत में, बोयेडा गणेशजी रोड पर, ऊंचा गांव में, श्री दयाल हॉस्पिटल के पास, अजमेर कोटा रोड नाना होटल के आसपास, अजमेर बाइपास रोड पर इन क्षेत्रों सहित कई अन्य स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के ठिकाने बने हुए हैं।

पुलिस अधिकारी गणेश राम मीणा का कहना है कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र में जहां से भी अवैध ब्रांच की जानकारी मिलती है वहां पूर्ण रूप से उसे के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। मेरे यहां ज्वाइन करने से अब तक मैंने कई अवैध शराब की ब्रांचो के विरुद्ध कार्रवाई कर शराब जप्त की है। आगे भी हमारी ओर से अवैध ब्रांचो के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस थाना प्रभारी देवली टोंक दौलत राम गुर्जर का कहना है कि देवली पुलिस थाना क्षेत्र में जहां भी शराब की अवैध ब्रांच खोली हुई है, उनके विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कार से 60 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त, एक गिरफ्तार

**मंडफिया, (निसं)।** भदेसर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक हुंडई ईओन कार की तलाशी में 60 किलो 760 ग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है व परिवहन मे प्रयुक्त कार को जब्त किया है।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध डोडा-चूरा व कार जब्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी आईपीएस ने बताया कि जिले में मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारियों का दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन मे एवं डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी भदेसर धर्मराज मीना उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना भदेसर के एएसआई निहाल चन्द, कानि. विकास, विजय, रतन सिंह, धर्मेन्द्र, करनल सिंह व भैरूलाल द्वारा भदेसर लसडावन रोड पर भालुन्डी तिराहे पर की जा रही नाकाबंदी के दौरान एक कार हुंडई ईओन को रोककर तलाशी ली तो उसमे 60 किलो 760 ग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा मिला। उक्त अवैध डोडा-चूरा व कार को जब्त कर आरोपी प्रतापगढ़ जिले के छोटी सादडी थानांतर्गत सूबी निवासी अंकित कुमावत पुत्र सुरेश कुमावत को गिरफ्तार किया गया। भदेसर थाने पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## युवक का अपहरण कर मारपीट की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना इलाके में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट की, जिसके चलते उसे गंभीर हालत में महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

कोतवाल गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि मूलतः चित्तौड़ जिले के पारसोली का रहने वाला गोपाल शर्मा हाल भीलवाड़ा में रहकर निजी कार्य कर रहा है। उसकी अपने ही गांव के देवीलाल गुर्जर से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते देवीलाल ने भवानी चौराहा के निकट से उसका अपहरण किया और उसके साथ मारपीट कर उसे वहीं फेंक कर चले गए। जिस पर उसे गंभीर हालत में पुलिस ने महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अपहरणकर्ता की तलाश कर रही है। फिलहाल गोपाल शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है। उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। जिसके चलते उसका उपचार जारी है।

## संक्षिप्त

### आफाक नकवी बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**मालपुरा।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज सभागार दिल्ली मे हुई ऑल इंडिया गर्वमेन्ट नर्सेज फेडरेशन की कान्फ्रेस व चुनाव प्रक्रिया मे मालपुरा निवासी आफाक नकवी को संगठन ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। इंडियन कर्मचारी संगठन महासचिव प्रेमचन्द की देखरेख मे हुई चुनाव प्रक्रिया मे विभिन्न राज्यो से आये 35 प्रतिनिधियो ने भाग लिया। जिसमे वर्तमान मे एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर मे कार्यरत नर्सेज नेता आसिफ नकवी को दोबारा संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष रिंकी डेग, महासचिव अमिता पंवार, सलाहाकार जीके खुराणा,कोषाध्यक्ष रेनू, संयुक्त सचिव प्रेमराज सुरी, जोधराज, घेवरचन्द को बनाया गया।

### कार्यशाला का आयोजन

**दूदू।** नगर पालिका मुख्यालय के एक निजी रिसोर्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर के नेतृत्व में किया गया विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता हुसैन खान ने वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और सुधार की आवश्यकता पर विस्तार से बताया कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री हरिमोहन शर्मा उपाध्यक्ष शंकर यादव मंडल अध्यक्ष कुशराज सिंह राजावत शिवजी राम भांभू राजनारायण शर्मा अवधेश शर्मा दातार सिंह दिनेश शर्मा ने विचार व्यक्त कर कार्यकर्ताओं से वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान को गांव गांव तक पहुंचाने का आव्हान किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**बौंली -बामनवास।** जिला सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बामनवास सर्किल इंस्पेक्टर राकेश शर्मा के नेतृत्व गठित टीम में शामिल कांस्टेबल भरतसिंह व रणधीरसिंह की टीम ने हत्या के प्रकरण में वांछित आरोपी राकेश मीणा उम्र 39 वर्ष निवासी बामनवास पट्टीकला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी पर मुकदमा नंबर 86 /2025 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित चल रहा था, आरोपी राकेश मीणा को डाबर बस स्टैंड से दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद 3 मई को गिरफ्तार किया गया एवं 4 मईको अवकाश कालीन न्यायालय में पेश कर पीसी डिमांड प्राप्त कर अनुसंधान जारी है।

### हज यात्रियों का किया सम्मान

**टोंक।** रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने रविवार को हज पर जा रहें हाजी व हजानियों का सम्मान कर उन्हे हज के मुकद्दस सफर की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर हज के मुक्द्दस सफर पर जा रहें अजीज मास्टर, पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद मियाँ, शरीफ भाई, चाँद खाँ नागौरी, वसीम खांन, पूर्व पार्षद रईसा बी, नजमा आपा, शमीम बी सहित इन्य हजानियों का स्वागत किया।


### बैठक आयोजित

**दूदू ।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा दूदू के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक के दौरान सदस्यों की पारिवारिक पेंशनरो के पीपीओ मैं जन्मतिथि क्या इंद्राज करने तथा केंद्र सरकार द्वारा पेंशनरों के विरुद्ध लिए गए फैसलों के खिलाफ एक जुट होकर संघर्ष करने अन्य विषयों पर चर्चा की गई बैठक में संरक्षक हाजी मदार बक्ष उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौहान सचिव रघुनंदन बाहेती एवं अन्य सदस्य मौजूदरहे।

### गणेश जी का किया महाभिषेक

**श्रीमाधोपुर।** मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला गणेश जी खंडेला रोड श्रीमाधोपुर में गणेश जी का महा अभिषेक किया गया, जिसमें श्री गणेश जी महाराज का पुष्य नक्षत्र में दूध, दही ,शहद, घृत, शर्करा एवं पंचामृत अभिषेक किया गया। सिंदूरी चोला चढ़कर मोदक का भोग लगाया।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# कलेक्टर ने बहरोड़ के खोहरी में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के सुने परिवाद

- जिला कलक्टर ने बहरोड़ में ही किया रात्रि विश्राम
- उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए



रात्री चौपाल में अभाव अभियोग सुनती जिला कलेक्टर।

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं अधिकारीगण।

जिला कलक्टर ने शनिवार को उपखंड बहरोड़ की ग्राम पंचायत खोहरी में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुनकर नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए. जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में पेयजल संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी के मौसम के मध्यनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यक स्थानों का चिन्हीकरण कर अविलंब टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने, ट्यूबवेल व बोरवेल खराबी की समस्या प्राप्त होने या पाइपलाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान विभिन्न परिवादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। जिला कलेक्टर के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूदा आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला कलक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का लाभ लेने की अपील की है। जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल के बाद आमजन के बीच रहते हुए बहरोड़ में ही रात्रि विश्राम किया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी बहरोड़ राम किशोर मीणा सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जोधपुर में दलित बेटी की मृत्यु पर न्याय की मांग

**चाकसू।** अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने जोधपुर में दलित परिवार की बेटी की मौत को लेकर न्याय की मांग की है। उन्होंने जोधपुर पुलिस कमिशनर को भेजे मेल में लिखा कि पत्र-पत्रिका, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया पर आई जानकारी के अनुसार जटिया-रैगर समाज की महिला, उसकी बेटी और बेटे के साथ पड़ोसी शंकरलाल विश्नोई के नामजद परिवार ने मारपीट की। बेटी के साथ लज्जा भंग जैसी घटना हुई। पुलिस की लापरवाही से आरोपियों के हौसले बढ़े। इससे पीड़ित परिवार की मान-मर्यादा को ठेस पहुंची। इसी कारण बेटी ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। खोलिया ने कहा कि अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो पढ़ी-लिखी बेटी की जान नहीं जाती। आज पूरा अनुसूचित समाज एकजुट होकर प्रशासन से न्याय की मांग कर रहा है।

# जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी एवं सामूहिक भोज का आयोजन

- जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान अलवर जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी एवं सामूहिक भोज का आयोजन गायत्री मंदिर रोड स्थित अपना मैरिज होम में किया

**अलवर ।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार )अलवर जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी एवं सामूहिक भोज का आयोजन गायत्री मंदिर रोड स्थित अपना मैरिज होम में किया गया। संगोष्ठी में संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि जिले के सभी सदस्य पत्रकारों का (जार ) अलवर ईकाई की ओर से दुर्घटना बीमा कराने , पत्रकारों का परिचय पत्र बनाने और परिवार में बहन बेटी की शादी में कन्यादान करने से संबंधित निर्णय लिए गए।

यह निर्णय जार अलवर के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी ने सर्वसममति से लिया। इससे पहले जिले भर के पत्रकारों ने पत्रकारिता के समक्ष आ रही चुनौतियों और इसके समाधान की दिशा विषय पर मंथन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष तिवाड़ी, स्वदेश कपिल, अवधेश सिंह, धर्मेन्द्र अदलकखा, सुरेश पंडित, अमित भारद्वाज, लक्ष्मीनारायण लक्ष्य, सुजीत कुमार, समरदीप गुप्ता, प्रदीप यादव, मनोज गुप्ता व संरक्षक महिपाल शेखावत ने विचार व्यकत किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों को रियायती दरों पर आवास योजना अलवर में शुरू कराने के लिए शीघ्र ही नगर विकास न्यास सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं अलवर (जार) का प्रतिनिधि मंडल जयपुर जाकर इस मामले में मुखयमंत्री से मिलेंगे। इस अवसर पर जिले के पत्रकारों का अभिनंदन किया गया जिसमें समरदीप गुप्ता, विपिन मेंहदीरत्ता,राहुल बावलिया, मनीष बावलिया, जगदीश शर्मा, राहुल जोशी, पीयूष उपाध्याय, रूप सिंह, रोहित शर्मा, धर्मेन्द्र स्वामी, महेन्द्र अवस्थी, गोपाल सिंह सोलंकी, यूडी खान, जितेन्द्र सेतिया, रमेश मीणा, छगन चेतीवाल, चंद भूषण शर्मा, कौशल पंडित, अरकत गांधी, विपिन सेतिया, मनीष अरोड़ा, रूपेश शर्मा, अर्चना जैन व रुचि सोलंकी, राकेश खंडेलवाल, नीरज पांडे, निरंजन सैनी आदि थे।

## मिनी डैम हेतु चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने रविवार को उपखंड बहरोड़ की ग्राम पंचायत खोहरी के खापरीया में बजट घोषणा 2024-25 के तहत जल संशाधन विभाग द्वारा निर्मित किए जाने वाले मिनी डैम (बांध) हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने बताया कि उक्त बांध के निर्माण होने पर आस-पास के ग्रामीण इलाकों को जलापूर्ति में सहायता मिलेगी। इस दौरान उपखंड अधिकारी बहरोड़ राम किशोर मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जल संशाधन विभाग के एईएन संपत राम ने बताया कि उक्त बांध के निर्माण से क्षेत्र में वर्षा जल का संचय किया जा सकेगा जिससे कि वर्षा जल व्यर्थ नहीं जाएगा, भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी एवं आस पास के इलाकों को जलापूर्ति हो सकेगी. उन्होंने बताया कि बजट स्वीकृत होने पर बांध के निर्माण का कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा ।

## सार-समाचार

### पावटा में 3 केंद्रों पर 1083 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**पावटा।** पावटा ब्लॉक में रविवार को नीट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पावटा ब्लॉक में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इनमें से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में 480, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में 240, महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में 408 तीनों केंद्रों पर कुल 1128 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 1083 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी व 45 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। तीनों केंद्रों पर कुल 1128 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 1083 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी व 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई। परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा जांच का प्रावधान रखा गया। इस दौरान परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु उच्च अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तथा समय पर प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी और अनुशासित ढंग से संचालित हो। परीक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। सुबह से ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी और उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। इससे कुछ स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ।

### नीट परीक्षा-2025 का सफल आयोजन

**कोटपुतली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार 4 मई को जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ एवं बानसूर रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला कलक्टर ने केंद्र प्रभारियों एवं संबंधितों से चर्चा कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा समय पर प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी और अनुशासित ढंग से संचालित हो 18 केन्द्रों पर 5086 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा - परीक्षा में 18 केंद्रों (बानसूर ब्लॉक- 4, बहरोड़- 2, कोटपूतली- 9, पावटा-3) पर कुल 5328 परीक्षार्थियों (बानसूर- 960, बहरोड़-528, कोटपूतली- 2712, पावटा-1128) को परीक्षा में उपस्थित होना था, जिनमें से 5086 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 242 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में जिले में कुल 95.46: परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की गई।

### धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन 7 से

**झालावाड़ ।** शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्ति पीठ झालावाड़ द्वारा 7 मई से चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन गायत्री चेतना केन्द्र रलायता परिक्रमा मार्ग पर किया जावेगा। गायत्री शक्ति पीठ के प्रवक्ता ओम पाठक ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ झालावाड़ द्वारा 7 मई से 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए रविवार को प्रातःकाल धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों के तहत भूमि पूजन किया गया। गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी शैलेन्द्र यादव, अन्नु यादव ने निर्विघ्न रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक हो इसके लिए विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ भूमि का पूजन किया गया। यह पूजन गायत्री शक्ति पीठ के गोपाल शर्मा, चनद्रशेखर श्रोत्रिय, मदन सिंह तथा ज्वाला प्रसाद ने करवाया। सभी दिशाओं में भूमि का पूजन किया गया तथा आयोजन के लिए तैयारियां प्रारम्भ की गई।

# वन मंत्री ने किया वनपाल नाका कुंडला का औचक निरीक्षण

- अव्यवस्था मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए लगाई फटकार



राज्यमंत्री संजय शर्मा ने टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**अलवर ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कार्मिक उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों के सोते हुए पाए जाने पर फटकार लगाते हुए कहा कि अपने कार्य प्रति उत्तरदायी रहते हुए कार्य के प्रति सजग व सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात मंत्री शर्मा ने टहला में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुए श्री प्रदीप पंचोली के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पहुंचकर उनके राजकीय सेवाकाल को पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर समाज को नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में इनकी सेवाएं सराहनीय रही है। इन्होंने आदर्श शिक्षक के रूप में अपने कार्यो का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया है। मंत्री शर्मा ने साउथ वेस्ट ब्लॉक काला कुआं अलवर में अपने प्रतिनिधि पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## मंगलेश्वर महादेव मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया रामजन्म पाटोत्सव

**पावटा।** मंगलेश्वर महादेव बागावास अहिरान मंदिर में रविवार को श्रीराम जन्म के परम शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भांति तृतीय श्री मंदिर पाटोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने दर्शनलाभ प्राप्त किए। शाम को मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं को भोजन व प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अंबालाल शर्मा तथा उपाचार्य तुषार शर्मा ने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की। इनके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मंदिर प्रांगण पहुंचे ओर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। पाटोत्सव में गणपति, मातृका, नवग्रह, प्रधान देवता एवं रूद्र कलश स्थापित कर मंगलेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के फलों के रस विभिन्न द्रव्य द्वारा गौदुग्ध, दधी, पंचामृत सर्वोषधि, गंदोधक, गंगाजल एवं अनेक सुगंधित द्रव्यों एवं रसों से भगवान शिव का रुद्री के द्वारा अभिषेक किया गया। साथ ही गणपति, मातृका नवग्रह एवं रुद्र के सहस्त्रनाम से अर्चन करते हुए सब की आहुतियां प्रदान करके रूद्र यज्ञ किया गया। पाटोत्सव में मुख्य यजमान नीरज सैन व रचना देवी पावटा रहे। अंत में मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया एवं महिलाओं द्वारा गीत गए गए। वही सभी भक्तों द्वारा पूर्णाहुति कर भगवान की महाआरती करके प्रसाद वितरण के साथ विसर्जन हुआ। इसमें भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री डॉक्टर सांवरमल सोलेट, प्रांत के कोषाध्यक्ष शिव शंकर टांक, रामचंद्र पटेल, कन्हैयालाल मीणा, नीरज सेन, रुपेश शर्मा, ताराचंद सैनी, संतोषजी, गजानंद टेलर, सतनामजी वैदिक, रामसिंह दिनकर, शिवपाल बलौदा, कैलाश शर्मा, आदि महानुभावों ने यज्ञ में बैठकर, उपस्थित होकर पुण्य लाभ लिया।

## प्री कॉउसलिंग आयोजित

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम, श्री कृष्ण कान्त, अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश द्वितीय, एवं एसीजेएम प्रतिभा मोट्यियार के दिशानिर्देश पर खोरी पंचायत भवन तहसील शाहपुरा में 10 मई को होने वाली द्वितीय, राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए प्री कॉउसलिंग का आयोजित किया गया। जिसमें शाहपुरा न्यायालय में प्रि-लिटिगेशन के लम्बित विचाराधीन प्रकरणों के निस्तारण के लिए पैनल अधिवक्ता महेंद्र कुमार शर्मा,पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। पैनल अधिवक्ता महेंद्र कुमार शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को मोटर वाहन दुर्घटना सम्बंधित क्षितपूर्ति के दावों को भी राजीनामा समझौता वार्ता के माध्यम से सहमति के प्रयास कराये गए।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य निखिल अग्रवाल पुत्र श्री शंकर लाल अग्रवाल निवासी 31, गोविन्द नगर पूर्व, आमेर रोड़ जयपुर राजस्थान द्वारा (1) श्रीमती विनिशा माथुर पुत्री स्व. डॉ रणधीर बहादुर वर्नी पत्नी श्री अंशु माथुर (2) श्रीमती मोनिशा माथुर पुत्री स्व. डॉ रणधीर बहादुर वर्नी पत्नी श्री राजीव माथुर (3) श्रीमती गीता वर्नी पुत्री स्व. श्री नरेन्द्र बहादुर वर्नी पत्नी स्व. श्री संदीप मोहन से उनके सयुंक्त स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट नम्बर 36 (पुराना नम्बर सी-6) का पूर्वी हिस्सा, न्यू कॉलोनी, अर्जुन मार्ग, एम.आई. रोड़ पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 423 वर्गगज को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-02.05.2025 मो.नं. 9829256466

**खोया पाया**

मेरा मकान नं. 263/562 प्रतापनगर, सांगानेर का मूल मांगपत्र व रसीदे कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें- Anita 8527378386

मेरे मकान B-148 भट्टाबस्ती जयपुर के कब्जापत्र, अलांटमेन्ट लैटर, साईड प्लान, पैमेन्ट रसीद भट्टाबस्ती से चांदपोल के बीच गिर गई। मिलने पर सूचित करें- 9166488362

**नाम परिवर्तन**

मैं नमन गुर्जर निवासी 14/111 शिप्रापथ, मानसरोवर, जयपुर। मेरी कक्षा 10वीं, 12वीं की मार्कशीट में त्रुटिवश मेरे पिताजी का नाम पी.डी. गुर्जर तथा माताजी का नाम नीता गुर्जर दर्ज हो गया है। जो की मेरे पिताजी का सही नाम प्रभु दयाल गुर्जर एवं माताजी का सही नाम नीता कुमारी है।

I Vinay Khandelwal S/o Radha Kishan Gupta R/o 38, Shiv Colony, Agara Road, Jamdoli Luwyowas, Jaipur have changed my name to Vinay Gupta as per affidavit Dated 01.05.2025

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/212
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री RAVI JUNIWAL, 4KHA 18 JAWAHAR NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास संजय शिक्षा समिति, SANJAY SHIKSHA SAMITI LAL KOTHI SCHEME TONK ROAD JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08/07/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जयपुर-प्रथम

## बैठक में आगामी अभ्यास वर्ग की तैयारियों पर की चर्चा

**बून्दी।** विश्व हिन्दू परिशद की जिला बैठक रविवार को बालचंद पाड़ा स्थित ब्रह्मांडेश्वर महादेव गौशाला प्रांत सेवा प्रमुख देव लाल गोचर, विभाग मंत्री रौनक आनंद व विभाग संगठन मंत्री लक्ष्मी चन्द के आतिथ्य और जिलाध्यक्ष नन्द लाल वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सेवा प्रमुख देव लाल गोचर ने प्रवास और प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण से जहां संगठन की कार्यविधि व कार्यप्रणाली के साथ रीति नीति की जानकारी मिलती हैं, वहीं प्रवास संगठन व कार्यकर्ता विस्तार में अपनी भूमिका निभाता हैं। इस दौरान विभाग मंत्री रौनक आनंद ने आगामी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए जानकी नवमी व विहिप परिशद वर्ग, दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण वर्ग व बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में अधिकाधिक सहभागिता हेतु लक्ष्य निर्धारित किए। साथ ही धर्मसंग्रह निधि, रामोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव व नववर्ष कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। विभाग संगठन मंत्री लक्ष्मी चन्द ने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए आगामी गतिविधियों हेतु जिले के सभी प्रखंड़ों में प्रवास व बैठकें तय की।

# समस्या के समाधान की मांग को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण

- बसई के किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत करवाया



कस्टोडियन भूमि के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**कोटपूतली।** कस्टोडियन भूमि के निराकरण की मांग एक बार फिर जोर पकडने लगी है। कस्टोडियन भूमि का मतलब है अंडर कस्टडी ऑफ गवर्मेंट, इसके मालिकाना अधिकार आज भी सरकार के पास है। आजादी के बाद से ही स्थानीय किसान यहाँ काबिज है, लेकिन इसके मालिकाना अधिकार स्थानीय किसानों को नहीं मिल पाये हैं। यह जमीन आजादी से पहले मुस्लिम समुदाय की थी और आजादी के बाद से स्थानीय किसान इस पर खेती कर रहे हैं। उक्त समस्या को लेकर शनिवार को ग्राम बसई के किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत करवाया। विधायक धनकड़ ने मुख्यमंत्री से बात कर किसानों की समस्या का समाधान करवाये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह से किसानों के साथ हैं और उनकी समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान दाताराम जाट, मनोज चौधरी, पूर्व उपसरपंच सुल्तान, यादराम सूबेदार, बाबूलाल गढ़वाल आदि मौजूद रहे।

दशकों से ये किसान अपनी जमीनों के अधिकार के लिये संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने हजारों बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाये, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

उनके सब्र का बांध टूटने लगा है, और वे अपने अधिकारों के लिये लडने को मजबूर हैं। कुछ वर्षो पूर्व ग्राम बसई में किसानों ने कस्टोडियन भूमि के लिये आंदोलन किया था। किसान बचाओ आंदोलन के नाम से इस आंदोलन की गूँज विधानसभा से लेकर संसद तक पहुँची। महीने भर के धरने के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार को झूकना पड़ा और सरकार ने किसानों की बात मानते हुये इस समस्या के समाधान के लिये आदेश प्रदान किये। जिसके बाद कस्टोडियन भूमि कैम्प आयोजित किये गये। जिसमें कुछ किसानों को राहत प्रदान की गई। हालांकि कई किसानों का काम तो हुआ, लेकिन कई का काम अभी भी पेंडिंग है और वे अपने अधिकारों से वंचित हैं। किसान बचाओ आंदोलन के संयोजक मनोज चौधरी ने बताया की किसानों के सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है तथा स्थानीय अधिकारों की नजर अंदाजी और उनकी उदासीनता के चलते उनमें भारी आक्रोश है।

## संक्षिप्त

### भामाशाह ने अस्पताल को किए चार कूलर भेंट

**श्रीमाधोपुर।** बाबा नारायण दास राजकीय उप जिला अस्पताल अजीतगढ़ में भामाशाह सुरेश कुमार आगीवाल (लम्बूका) ने मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने वास्ते चार बड़े कूलर दिए हैं। अस्पताल पीएमओ डॉ. अशोक कुमावत ने बताया कि अजीतगढ़ शहर निवासी व हाल मुम्बई निवासी भामाशाह सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेश कुमार आगीवाल (लम्बूका) ने हीट वेव को देखते हुए मरीजों को गर्मी से निजात एवं राहत दिलाने वास्ते एक जम्बो कूलर व तीन लोहे के कूलर अपने सुपुत्र आदित्य के विवाह के उपलक्ष में अस्पताल को भेंट किए हैं। पीएमओ डॉ अशोक कुमावत ने बताया कि शनिवार को प्रेरणास्त्रोत कैलाश मिश्रा व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अस्पताल को कूलर प्राप्त हुए जिसके लिए सभी ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**बौंली -बामनवास।** जिला, सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत बामनवास सर्किल इंस्पेक्टर राकेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक वीरसिंह, कांस्टेबल हरिमोहन, पंकज व ओमप्रकाश की टीम ने हत्या के प्रयास प्रकरण में करीब 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी उधम सिंह गुर्जर उम्र 31 वर्ष निवासी नावड किशनपुर थाना बामनवास जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 324 /2024 धारा 147, 148, 149, 323, 341, 324, 326 एवं हत्या के प्रयास की गंभीर धारा 307 आईपीसी में दर्ज मामले में एक वर्ष से अधिक समय से आरोपी फरार चल रहा था, आरोपी उधम सिंह को उसके गांव नावड, किशनपुरा से दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद 3 मई2025 को गिरफ्तार किया गया एवं 4मई,रविवार को अवकाश कालीन न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### सामुहिक विवाह सम्मेलन 5 मई को

**चाकसू।** श्री कुमावत क्षित्रय समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति चाकसू के तत्वावधान में आयोजित पंचम सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 5 मई सोमवार को यहां कोटखावदा रोड कृषि मंडी चाकसू के सामने स्थित जी आर पैराडाइज गार्डन में होने जा रहा है। आयोजन समिति के संरक्षक रामगोपाल कुमावत के अनुसार विवाह सम्मेलन में विवाह योग्य आठ युवक युवती परिणय-सूत्र में बंधने जा रहे हैं। नगरपालिका चाकसू के पूर्व अध्यक्ष एवं विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के पूर्व अध्यक्ष लल्लू लाल कुमावत वर्तमान अध्यक्ष रामफूल जूनवाल के अनुसार विवाह की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है, कार्यकर्ताओं को अलग अलग दायित्व दिया गया है

### जांगिड समाज की बैठक संपन्न

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ समाज के तत्वावधान में तहसील स्तरीय आम सभा आयोजित हुई। तहसील महामंत्री रामविलास चैनपुरा ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष के पद के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष के पद हेतु शिक्षित एवं सेवाभावी भावी उम्मीदवार हनुमानप्रसाद जांगिड़ रानोली तहसील अध्यक्ष पीपलू को सभा स्थल पर आमंत्रित करके राजस्थानी परंपरा अनुसार माला एवं साफा पहनाकर सर्वसम्मति से समर्थन दिया। इस अवसर पर तहसील सभा एंव विकास समिति के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### रजनीश गुर्जर का सहायक आचार्य पद पर चयन

**कोटपूतली।** आरपीएससी द्वारा जारी किये गये परिणाम में ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी रजनीश गुर्जर का राजनीति विज्ञान विषय में सहायक आचार्य पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में रजनीश राजकीय स्कूल में व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं। उनका चयन होने पर ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर बधाईयां दी।

### चंद्र प्रकाश मेहता बने शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**टोंक।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेशध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदोरिया ने टोंक जिला शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर चंद्र प्रकाश मेहता को नियुक्ति दी है, इस नियुक्ति पर सभी जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इस मौके पर मेहता को अध्यक्ष बनने पर सभी कार्यकर्ताओं में हर्षोउल्लास का माहोल बन गया तथा सभी ने मेहता को बधाई देकर प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताया।

# 'मेरा लक्ष्य, आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना है'

**कोटपूतली ।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आमजन का हित सरकार की प्राथमिकता है, केंद्र एवं राज्य सरकार आमजन के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है, जिसके लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं एवं जमीनी स्तर पर विकास की लहर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य आने वाले 4 सालों में क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना है, इस कार्य हेतु मैं प्रतिबद्ध हूं।



केन्द्रीय मंत्री भुपेन्द्र यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव संसदीय क्षेत्र अलवर में शुरू किए गए नवाचार के तहत रविवार को बहरोड़ विधानसभा की ग्राम पंचायत खोहरी, कोहराना, ऊंटोली, महाराजावास के लिए ग्राम पंचायत ऊंटोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में तथा ग्राम पंचायत दौसोद, माजरी कलां, बिचपुरी एवं रोडवाल के लिए ग्राम पंचायत बिचपुरी के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी के परिसर में आयोजित सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना 'सबका साथ सबका विकास' के तहत 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव-गांव जाकर आमजन की परिवेदना को सुनकर उनका निराकरण

> ■ बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव में पहुंची केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की सांसद संपर्क संवाद यात्रा

करने के साथ उस क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य कराने के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराना है। केंद्रीय मंत्री यादव नें ऊंटोली में शिव मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति का अनारण किया एवं बहरोड़ में जीलाणी माता मंदिर में दर्शन कर देश के चौंतरफा विकास एवं आमजन की खुशहाली के लिए कामान की। उन्होंने इस दौरान शिव मंदिर ऊंटोली में बरगद (बड़) कौ पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी को 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांवों में नर्सरी लगाएं, इस कार्य हेतु मजदूर मनरेगा से सरकार देती है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक बहरोड़ डॉ. जसवन्त सिंह यादव, जिला प्रमुख अलवर बलबीर सिंह छिल्लर, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, पंचायत समिति बहरोड़ प्रधान श्रीमती सरोज बस्तीराम यादव, अलवर क्रिकेट एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहित यादव, जिला पार्षद अलवर सुनिल कुमार प्रवता, जनप्रतिनिधि बलवान सिंह यादव, प्रशान्त , इंदर सहित जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, उपखंड अधिकारी नीमराणा महेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी बहरोड़ रामकिशोर मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालिनि राज, डीएसपी सचिन शर्मा, संबंधित अधिकारीगण सहित प्रबुद्घजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## विधायक निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**शाहपुरा ।** क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक मनीष यादव के निवास स्थान बिलांदरपुर में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोगों ने गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती, पेयजल की समस्या, जलदाय विभाग के खराब पड़े ट्ययूबवेल और हैंडपंप, क्षितग्रस्त सड़क, चिकित्सालय में वायरल बीमारियों के बढ़ते प्रकोप, पेंशन, आवास और राजस्व से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरिये दूरभाष निर्देश दिए और कई मामलों में त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जन समस्याओं को अनदेखा

> ■ विधायक मनीष यादव ने सुने लोगो के अभाव अभियोग, अधिकारियों को दिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश

नहीं किया जाए और सभी विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए ताकि आमजन को राहत मिले । विधायक ने कहा की शासन-प्रशासन अपनी ज़िम्मेदारी समझे तथा आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। विधायक ने रक्तदान शिविर का किया पोस्टर विमोचन- मुस्कान सेवा संस्थान की ओर से 13 मई को आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर का विधायक यादव ने पोस्टर विमोचन किया।

## पेयजल संकट पर महिला एवं पुरुषों ने परशुराम सर्किल पर लगाया जाम

**अलवर ।** अलवर शहर के अखेपुरा मोहल्ले के महिला एवं पुरुषों ने पीने के पानी की मांग करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगाया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि बढ़ती हुई गर्मी में अलवर शहर के पीएचडी अधिकारी , कर्मचारी तथा भाजपा सरकार की लापरवाही की वजह से आम जन पीने के पानी को तरस रहा है।

बीजेपी की सरकार को बने हुए लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुका है। लेकिन राजस्थान के अलवर के सांसद केन्द्र में मंत्री है, तथा शहर विधायक राज्य में मंत्री होने के बावजूद अलवर शहर में पीने के पानी की किल्लत मची हुई है। तथा शहर के सभी 65 वार्डो में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

कल राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी अलवर पधारे थे। तथा जन सुनवाई के दौरान जब जलदाय मंत्री से पानी की मांग करते हुए उनका वीडियो बनाया जा रहा था, तो अलवर के माननीय मंत्री ने उस युवक का फोन छीन कर उसे धमकाया। ये अलवर में बीजेपी सरकार का तानाशाह पूर्ण रवैया है, जिसे शहर की जनता स्वीकार नहीं करेगी तथा पीने के पानी की मांग करने के लिए सडक़ से लेकर सदन तक भी आंदोलन करना पड़े तो कांग्रेस पार्टी शहर की जनता के साथ खड़ी रहेगी। आज परशुराम सर्किल पर जाम के वक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पीएचडी एईएन तथा अरावली विहार को मौके पर जनता की परिवेदना से अवगत करवाया।

पीएचडी एईएन हरिओम जाट ने पांच दिन में अखेपुरा मोहल्ले की किन्नर वाली गली के पानी की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। तथा जब तक बोरिंग गहरी होकर हर घर में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक कल से ही टैंकरों से पानी की आपूर्ति का आश्वाशन पीएचडी अधिकारियों ने दिया है।

अगर अखेपुरा मोहल्ले की पानी की समस्या का समाधान अगले पांच दिन में नहीं हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया जाएगा, उसमें अगर कानून व्यवस्था खराब होती है। तो उसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकार, पीएचडी अधिकारी तथा जिला प्रशासन की होगी।

## 'देश के स्वच्छता अभियान में वाल्मीकि समाज की अहम भूमिका'

**निवाई।** शहर के वार्ड नंबर 30 में वाल्मीकि समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता एवं पार्षद नितिन छाबड़ा द्वारा समारोह पूर्वक किया गया। वाल्मीकि समाज के लोगों ने विधायक वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष इसरानी का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा कहा कि वाल्मीकि समाज ने कोरोनाकाल में

> ■ विधायक वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष इसरानी का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया

अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया है। देश में कोरोना काल के समय व्यक्ति घर से बाहर नहीं निकले थे किंतु वाल्मीकि समाज के लोग उस समय भी अपनी जान की परवाह नहीं करके अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश में बन रहे भगवान श्रीराम



सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए अतिथि।

जी के मंदिर का नींव पूजन भी वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा करवाया। वाल्मीकि समाज सदैव पूजनीय समाज रहा है।

नगरपालिका द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया है जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि देश के स्वच्छता अभियान में वाल्मीकि समाज की अहम भूमिका है। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। लोगों की सुविधा के लिए ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। शहर में आमजन की सुविधा के लिए करोड़ों रूपए के विकास कार्य प्रगति पर है। शहर में युवाओं के लिए और भी लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद परसराम कुमावत, रामविलास बलाई, दुर्गाशंकर सेन, गिर्राज जाट, जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, पूर्व सरपंच कैलाश नटवाड़ा, रामचरण पारीक, पृथ्वीराज टाटावत, कमलेश किराड, भाजपा नेता रामअवतार घाटी, आशु गोड, करण सिंह, अरूण नकवाल, जोंटी नकवाल, संजय रैगर, विनोद चांवरिया, कन्हैयालाल संगत, मास्टर गाविन्द, रामबाबू, प्रेम संगत, कुमेश नकवाल, गणेश संगत, नवल नकवाल व कमल संगत सहित कई कार्यकर्ता वार्डवासी मौजूद थे।

## सिरावास में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग, ग्रामीण में रोष

**अलवर।** जिला प्रशासन सुस्त वही भूमाफिया अलवर में चुस्त नजर आ रहे है तभी तो लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग कर भूमाफिया कच्ची सडके बना कर भोले-भाले लोगों को प्लाट बेचने में लगे है अलवर तहसील अन्र्ततग पडने वाली ग्राम पंचायत ढहलावास के सिरावास गांव में खसरा नंबर 978. 982 कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर उस पर प्लाट काटे जा रहे है। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस अवैध प्लाटिंग को लेकर कुछ राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खडे किए जा रहे है। जिला प्रशासन इस और ध्यान नही दे रहा जिसका फायदा भूमाफिया जमकर उठा रहे है इन अवैध प्लाटिंग के कारोबार में क्षेत्र के पटवारी,कानूनगो और तहसीलदार की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है । ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस अवैध प्लाटिंग की जानकारी कई बार अधिकारियों को भी दी है लेकिन आज तक इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की गई है। अलवर तहसील में पडने वाली ढहलावास पंचायत समिति में पडने वाले सिरावास गांव में खसरा नंबर 978. 982 में कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग की सूचना ग्रामीणों ने मीडिया को दी ताकि समय रहते इस प्लाटिंग को रूकवाया जा सके। यहां पर ताज्जुब की बात यह है कि यहां हो रही कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की खबर अभी तक पटवारी को भी नही है।

## सामारोह में पंहुची जिला प्रमुख

**टोंक।** नगरफोर्ट स्थित मांडव ऋषि की तपोभूमि माण्डकलां में अखिल भारतीय जागिड ब्राह्मण महासभा एवं जागिड ब्राह्मण समाज द्वारा विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संमारोह में जिला प्रमुख टोंक ने उपस्थित होकर समारोह को सम्बोधित किया। इस दौरान जिला प्रमुख ने सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा करने पर सबको शुभकामनाएं बधाई दी एवं कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन हमारे धार्मिक संस्कारों की कुंजी है, भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता किसी भी शुभ कार्य के लिए भगवान विश्वकर्मा को सर्वप्रथम याद किया जाता है। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने निर्माण कार्य के लिए तथा पुस्तकालय के लिए 5 लाख रुपए की जिला परिषद मद से घोषणा की।

## 'पूर्वजों के बताए रास्ते पर चलकर गांव और गरीब का करें विकास'

**पावटा।** ग्राम राजनौता में रविवार को सुबे. सुरजभान सिंह (पूर्व सरपंच) एवं धर्मपत्नी लाडकंवर के मूर्ति अनावरण समारोह का आयोजन राजस्थान सरकार सैनिक कल्याण बोर्ड चैयरमैन प्रेम सिंह बाजौर के मुख्य आतिथ्य व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह प्रतिनिधि व युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुस शाहपुरा की अध्यक्षता एवं विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, बानसूर विधायक देवी सिंह, राजपाल राणा दिल्ली मनोनीत पार्षद दिल्ली नगर निगम,मंडल अध्यक्ष प्रागपुरा विकास सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा स्वर्गीय सुबे. सुरजभान सिंह (पूर्व सरपंच) एवं धर्मपत्नी लाडकंवरनारायण सिंह राजपुरोहित की मूर्ति का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। नरपत सिंह शेखावत उपसरपंच राजनोता व समस्त



सुबे. सुरजभान सिंह एवं धर्मपत्नी लाडकंवर की मूर्ति का अनावरण किया।

तेलीवाला परिवार द्वारा स्वर्गीय स्वर्गीय सुबे. सुरजभान सिंह (पूर्व सरपंच) एवं धर्मपत्नी लाडकंवरनारायण सिंह राजपुरोहित की मूर्ति का अनावरण समारोह पूर्वक करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों को पूर्वजों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर गांव और गरीब के विकास करने में प्रेरणा मिलती है । उन्होंने कहा कि पूर्वजों द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर गांव और गरीब की विकास के लिए लोगों को आगे आना चाहिए।

वही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करें जिससे समाज के हर वर्ग की तरक्की हो सके। कार्यक्रम में पहुंचे राजस्थान सरकार सैनिक कल्याण बोर्ड चैयरमैन प्रेम

> ■ 'पूर्वजों की धरोहर को संरक्षित रखना तथा उनके बताए रास्तों को आगे बढ़ाना यही युवा पीढ़ी का दायित्व है'

सिंह बाजौर ने कहा कि पूर्वजों की धरोहर को संरक्षित रखना तथा उनके बताए रास्तों को आगे बढ़ाना यही युवा पीढ़ी का दायित्व है। इसके लिए लोगों को सकारात्मक सोच के साथ आगे आना चाहिए। इस अवसर पर नरपत सिंह चेयरमैन नगरपालिका, राजेन्द्र सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा, कैरोड़ी सरपंच उदयवीर सिंह, राजनोता सरपँच दीपक, मंढा सरपँच प्रतिनिधि शेर सिंह, जीएसएस चेयरमैन गजराज सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर चावला, सवाई सिंह, ओमपाल सिंह, मनोहर सिंह राठौड़, रतन सिंह गुरुजी, मामराज सिंह, महेश सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्त्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सत्संग का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** श्री कृष्ण गोशाला परिसर अजीतगढ़ में ब्रह्मलीन संत शिरोमणी श्री नारायणदास जी महाराज की सद्प्रेरणा से सत्संग व गौ महिमा भजन सरिता का आयोजन किया गया। जिसमें राम नाम सत्संग मंडल के गौरी शंकर हरितवाल, विष्णु सेठी, बृजमोहन शर्मा, मोहन लाल पारीक, रामजीवन टेलर, गौरव शर्मा, विष्णु कुमार, आदि के सहयोग से सत्संग रखा गया तथा उसके बाद गौ महिमा भजन सरिता में विहिप अध्यक्ष विष्णु दत्त सेठी, बृजमोहन शर्मा, वयोवृद्ध गौ सेवक जगदीश स्वामी, युवा गायक गौरव शर्मा ने भक्ति रस व चेतवानी भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर वक्ताओ ने कहा कि गाय में समस्त देवताओं का निवास रहता है, जिसकी महत्ता के बारे में खा गया है कि वेद बिना मति नही, गाय बिना गति नहीं। वक्ताओ ने गौ भक्तो से आ ान भी किया कि प्रतिदिन, प्रतिमाह गोशालाओं में परिवार के साथ जरूर जाना चाहिए, जहां गौवंश की सेवा कार्य में योगदान जरूर दे। इस मौके पर गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा, उपाध्यक्ष रामजीवन सैनी, करण सिंह बड़गुजर, सतीश शर्मा, इंद्राज जाट, मुरारी मिश्रा, गजानंद शर्मा, रामगोपाल कुमावत, पप्पू शर्मा, सोमेश राजोरिया समेत अनेक गौ भक्त मौजूद थे।

## सार-समाचार

### 114 गोवंशों को गौशाला पहुंचाया



**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की और से जिले में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए शुरू किए गए एक अभिनव पहल ''निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान के तहत चार दिन में 114 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 42 गोवंश को आश्रय प्रदान किया, इसी प्रकार खैरथल में 3 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत अब तक नगर परिषद तिजारा में 70 गोवंश, नगर परिषद खैरथल में 13 गोवंश, नगर परिषद भिवाड़ी में 11 गोवंश, नगर पालिका कोटकासिम में 15 गोवंश, नगर पालिका मुंडावर में 5 गोवंश को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

### पक्षियों के लिए लगाएं 61 परिण्डे




**निवाई।** जैन सखी संगठन के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन के चलते जीव दया हेतु एवं पक्षियों के पानी के लिए बंपुई वालों की धर्मशाला में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधकर 61 परिण्डे वितरण किए गए। मीडिया संयोजक संजू जौंला ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बंपुई वालों की धर्मशाला में जैन सखी संगठन की महिलाओं ने 61 परिण्डे लगाएं। जिसमें आचार्य शांतिसागर पाठशाला, जैन नसियां पाठशाला, श्री चंद्रप्रभु पाठशाला, श्री शांतिनाथ पाठशाला, जैन सखी महिला संगठन की एवं नन्हे मुन्ने जैन पाठशाला के बच्चों ने पक्षियों के लिए परिण्डे में प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ममता जैन, अनिता जैन, नीलम जैन, डिंपल जैन, आशा जैन, दिव्या जैन, रेखा जैन, शशी जैन, संजू जैन, अनिता जैन, विजया जैन, पदमा जैन, त्रिशला जैन, मुन्नी देवी जैन, दीक्षा, विमल जौंला, अजीत काला, त्रिलोक रजवास, पदमचंद टोंग्या व नरेश हतौना जैन सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

### शिव पार्वती विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु

**चाकसू।** कोथून गांव के चल रही शिव महापुराण कथा में रविवार को शिव पार्वती विवाह का प्रसंग साकार किया गया शिव पार्वती के विवाह के दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालु जमकर झूमे नाचे गए। इस मौके पर कथा व्यास पंडित सत्यनारायण शास्त्री ने कहा संसार में गुरु ही व्यक्ति को सच्ची कसौटी पर परखता है। चाकसू के कोथून गांव के लक्ष्मी नारायण मंदिर में नौ दिवसीय कथा में चौथे दिन कथा व्यास पं सत्यनारायण शास्त्री पुष्कर ने शिव पार्वती विवाह का सुंदर और सजीव वर्णन किया। विवाह का प्रसंग सुनकर मंदिर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु झूमने लगे। इस दौरान भजनों से शिव बारात का दृश्य साकार किया गया।हठ मत पकड़े पार्वती महादेव जी परण आवैलो , ....ओ बनड़ों म्हाने प्यारो लागे, आज मेरे भोले नाथ की शादी है....सरीखे भजनों पर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गए। छोटे बालक बालिकाओं ने शिव पार्वती के स्वरूप में पहुंचे। आयोजक मंजू देवी शर्मा और उनके परिवार में शिव पार्वती का अभिनंदन किया। इससे पहले कथा व्यास सत्यनारायण शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा जब तक गुरु ही व्यक्ति को कसौटी पर परखते हैं। व्यक्ति पत्र है या अपात्र है इसकी जानकारी गुरु ही देते हैं।

### प्रशमानन्दी महाराज का मंगल प्रवेश

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज का निवाई शहर में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक सुनिल भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि जैन आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज पीपलू से रजवास होते हुए रविवार को निवाई पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुनिश्री टोंक रोड होते हुए वैयरहाऊस, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल व भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मन्दिर पहुंचे जहां समाज एवं कमेटी के लोगों द्वारा पाद प्रक्षालन करके एवं आरती उतारकर अगुवानी की। इस दौरान जैन मुनियों ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित किए। इस दौरान गोपाल कठमाणा, मुकेश जैन, हितेश छाबड़ा, सुनील भाणजा, विमल सोगाणी, कमलेश जैन, त्रिलोक रजवास, प्रेमचन्द जैन, चेतन जैन, जयकुमार जैन व राजेन्द्र जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### सांडों की लड़ाई से युवक चोटिल

**सांभरझील।** यहां तेली दरवाजा रोड पर चल रही दो सांडों की लड़ाई में एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि युवक अपने टेण्ट व्यवसाय से जुड़े काम के लिए बड़ा बाजार से अपने प्रतिष्ठान आ रहा था की एएम पटाखा शॉप की दुकान के सामने 2 सांड तेजी से लड़ते हुए सड़क के बीचों बीच आ गये, जिससे युवक इनकी चपेट में आ गया और बाइक सहित नीचे गिरने से उसके पांव और घुटने पर गहरी चोट लगी। हादसे में बाइक भी जगह-जगह से टूट गई। अब्दुल सहिद और आसपास के लोगों ने सुनील नाम के युवक को मौके से उठाया और इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए जहां प्रार्थमिक उपचार के बाद युवक को घर भेज दिया गया। इधर लोगों कहना है कि नगर पालिका ने कुछ समय पहले सांडों को पकड़ने का काम करवाया था लेकिन अभी भी गांव में कुछ सांड घूम रहे हैं जो लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

### न्यायालय परिसर में डिस्पोजल, प्लास्टिक कप प्लेट पर पूर्णतः प्रतिबंध

**कोटपूतली।** जिला अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालय परिसर में डिस्पोजल व प्लास्टिक कप, प्लेट पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगाया गया है। जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर ने बताया कि प्लास्टिक, कागज के डिस्पोजल कप मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक व कैंसरकारक है। उन्होंने समस्त अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुये चाय सप्लायर्स जो न्यायालय परिसर में चाय उपलब्ध करवाते है से अपील कि है कि चाय मिट्टी के सकोरो व कांच के कप में उपलब्ध करवायें, अन्यथा डिस्पोजल, प्लास्टिक कप प्लेट में चाय वितरण करने पर 1100 रूपये का जुर्माना वसूला जायेगा एवं उल्लंघन किये जाने पर कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।

### हैड कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकसा सांगवान ने बिना परमिशन के बजरी माफिया का पीछा करते हुए एक हैड कॉन्स्टेबल को दूसरे थाना क्षेत्र में घुसने और पुलिस वाहन 112 को क्षतिग्रस्त करने के मामले में सस्पेंड कर दिया है। प्राप्त जानकारी के हैड कॉन्स्टेबल शिवकुमार चौधरी जो बिना उच्च अधिकारियों को अवगत कराए अकेला 112 कार को लेकर शुक्रवार को बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का पीछा कर टोंक सदर थाना क्षेत्र में जा घुसा तथा वाहन 112 को बजरी वाहनों से टकराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राथमिक तौर पर हैड कॉन्स्टेबल दोषी पाने पर निलम्बित कर दिया और इसकी जांच सर्किल ऑफिसर को सौंपी है।



आरसीबी और सीएसके के मैच रोमांचक था, सस्पेंस था और थ्रिलर भी था। उन्होंने कहा कि, ऐसा लगता है कि सारी कायनात आरसीबी को जिताने में लगी हुई है। – **वीरेन्द्र सहवाग**

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आरसीबी को आईपीएल ट्रॉफी जीताने की भविष्यवाणी करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नरेन्द्र मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का उद्घाटन किया। वहीं पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सीएम नीतीश कुमार और केल मंत्री मनसुख मांडविया ने मशाल जलाई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में खेल एक कल्चर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।बिहार में हो रहे खेलो इंडिया गेम्स के लिए अपने वर्चुअल संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी ने आईपीएल में बिहार के बेटे वैभव सूर्यवंशी का बेहतरीन प्रदर्शन देखा है। वैभव ने इतनी कम उम्र में इतना बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** सबसे ज्यादा एक रन से मैच जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और मुंबई इंडियंस है।आरसीबी और मुंबई ने 3-3 बार एक रन से मुकाबला जीता है।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से हराया



धर्मशाला, 4 मई। प्रभसिमरन सिंह (91), श्रेयस अय्यर (45) और शशांक सिंह (नाबाद 33) की शानदार पारियों के बाद अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 54वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से हरा दिया।

237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 27 के स्कोर पर लखनऊ के तीन विकेट झटक लिये। मिचेल मार्श (शून्य), एडन मारक्रम (13) और निकोलस पूरन (छह) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद आठवें ओवर में अजमउल्लाह ओमरजई ने ऋषभ पंत (18) को आउटकर पंजाब की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी। डेविड मिलर (11) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय आयुष बदोनी और अब्दुल समद की जोड़ी ने पारी को संभाला और मैच को एक बार फिर लखनऊ की ओर मोड़ दिया। 17वें ओवर में मार्को यानसन ने अब्दुल समद को आउटकर लखनऊ की जीत की उम्मीद को तोड़ा। लखनऊ का सातवां विकेट आयुष बदोनी के रूप में गिरा। उन्हें युजुवेंद्र चहल ने आउट किया। आयुष बदोनी ने 40 गेंदों में पांच छक्के और पांच चौके लगाते हुए (74) रनों तूफानी पारी खेली। पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी और 37 रनों से मुकाबला हार गई। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन और अजमउल्लाह ओमरजई ने दो विकेट लिये। मार्को यानसन और युजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन के स्कोर पर प्रियांश आर्य (एक) का विकेट गवां दिया।

# रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हराया

कोलकाता, 4 मई। आंद्रे रसल (नाबाद 57), अंगकृष रघुवंशी (44) और रहमानउल्लाह गुरबाज (35) रनों की पारियों के बाद गेंदबाजों के जूझारू प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 53वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

वैभव सूर्यवंशी (चार) और कुणाल सिंह राठौड (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रियान पराग ने यशस्वी जायसवाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। सातवें ओवर में मोईन अली ने यशस्वी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाये।

अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने ध्रुव जुरेल (शून्य) और वानिंदु हसरंगा (शून्य) को बोल्ड कर राजस्थान को संकट में डाल दिया। ऐसे समय संकट के समय में शिमरॉन हेटमायर ने रियान पराग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 92 रन जोड़ कर राजस्थान की उम्मीदों को जिंदा रखा।

16वें ओवर में हर्षित राणा ने शिमरॉन हेटमायर (29) को और 18वें ओवर में रियान पराग को आउटकर कोलकाता की मैच में वापसी कराई। रियान पराग ने आठ छक्के और छह चौके लगाते हुए (95) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शुभम दुबे और जोफ्रा आर्चर आक्रामक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत की दहलीज तक ले गये पर मैच की आखिरी गेंद पर जोफ्रा रनआउट हो गये और राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गई।

जोफ्रा आर्चर आठ गेंदों में (12) रन बनाकर आउट हुये वहीं शिवम दुबे ने 14 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 25) रनों की पारी खेली। कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती और मोईन अली ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे आज यहां कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स की शुरुआत खराब रही और उसने सुनील नारायण (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अजिंक्य राहणे ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

आठवें ओवर में महेश तीक्षणा ने अजिक्य राहणे को आउटकर कोलकाता को दूसरा झटका दिया। राहणे ने 24 गेंदों में दो छक्के एक चौका लगाते हुए (30) रन बनाये। कोलकाता का तीसरा विकेट रहमानउल्लाह गुरबाज 25 गेंदों में (35) के रूप में गिरा। जोफ्रा आर्चर ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर अंगकृष रघुवंशी 31 गेंदों में (44) को आउट किया। रिंकू सिंह ने आखिरी छह गेंदों में (नाबाद19) रन ठोके। वहीं आंद्रे रसल ने 35 गेंदों में छह छक्के और चार चौकों की मदद से (नाबाद 57) रनों की पारी खेली। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।



## जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत

पर्थ (ऑस्ट्रेलिया), 4 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पांचवें और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 से जीत दर्ज कर अपने दौरे का सुखद अंत किया। आज यहां पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले के पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने खेल पर दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन भारत की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद भारत की उप कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने का प्रयास किया लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और अपनी मामूली बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उसने मौका गंवा दिया और मेहमान टीम को जीत दिला दी।

## गॉफ को हराकर सबालेंका ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब

मैड्रिड, 4 मई। विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने कोको गॉफ को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। बेलारुस की सबालेंका ने काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर खेले गये जोरदार फाइनल मुकाबले में अमेरिका की गॉफ को 6-3, 7-6 (7-3) से मात देते हुए अपना तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीता। यह उनके टेनिस करियर का 20वां खिताब है। इससे पहले सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक जीत के मामले में चेक गणराज्य की खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा के 2011, 2015, 2018 में तीन बार खिताब जीतने की बराबरी कर ली हैं।

## कोहली के पास फिर वापस आई ऑरेंज कैप

बेंगलुरु, 4 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑरेंज कैप के बीच जारी मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के धाकड़ बल्लेबाज विकेट कोहली ने साई सुदर्शन को पछाड़ते हुए एक बार फिर से इसे हासिल कर लिया है। आईपीएल 2025 में हर दूसरे मैच के बाद ऑरेंज कैप का मालिक बदल रहा है। फिलहाल विराट कोहली ने शनिवार को खेले गये मैच में ऑरेंज कैप फिर से हासिल कर ली है। इससे पहले शुक्रवार को बी साई सुदर्शन ने कोहली से ऑरेंज कैप छीनी थी, लेकिन कोहली ने सीएसके के खिलाफ एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 33 गेंदों में 62 रन बनाकर फिर से कैप अपने नाम कर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच रनों बेहद कम अंतर रहा है। कोहली के 11 पारियों में 505 रन हैं, जबकि साई सुदर्शन के खाते में 504 रन है। सुदर्शन ने कोहली की तुलना में एक पारी कम खेली है।

## केकेआर के खिलाफ रियान पराग का बेहतरीन प्रदर्शन, 6 गेंद पर लगाए छह छक्के



कोलकाता, 4 मई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने केकेआर के खिलाफ गजब कारनामा कर डाला। उन्होंने 6 गेंदों पर लगातार 6 छक्के लगा डाले। हालांकि, ये सभी छक्के एक ही ओवर में नहीं लगे। रियान पराग का रौद्र रूप देखने को मिला मोइन अली और वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ। रियान ने पहले मोइन अली के खिलाफ लगातार पांच छक्के लगाए। उसके बाद उन्होंने अगला ओवर फेंकने आए वरुण चक्रवर्ती पर भी एक छक्का लगाकर 6 गेंदों पर 6 छक्के लगा डाले। केकेआर के खिलाफ रॉयल्स की टीम 207 रन बनाने थे। लेकिन उसने शुरू में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद दो और विकेट गिरे। फिर रियान पराग ने अकेले दम पर जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने एक-एक करके केकेआर के गेंदबाजों की खबर ली। 12 ओवरों के बाद राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 102 रन था। रियान पराग का साथ दे रहे थे शिमरन हेटमायर। उस वक्त रियान पराग 26 गेंद पर 45 रन बनाकर खेल रहे थे। मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती के ऊपर में रियान पराग का तांडव हुआ। रियान ने 12वें ओवर की 2 गेंद से छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## आंद्रे रसेल ने 22 गेंदों में जड़ा अर्द्धशतक, आईपीएल में रचा इतिहास

कोलकाता, 4 मई। आईपीएल 2025 के 53वें मैच में केकेआर के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को ईडन गार्डन में मसल पावर देखने को मिला। रसेल की ये पारी तब टीम के लिए सामने आई जबकि अजिंक्य रहाणे को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। रसेल की इस पारी के दम पर कोलकाता ने राजस्थान के सामने 200 रन का स्कोर खड़ा किया।रसेल ने इस मैच में राजस्थान के खिलाफ पहली 9 गेंदों पर 2 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 13 गेंदों पर 49 रन बनाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। रसेल का इस सीजन में ये पहला अर्धशतक था। इस शतकीय पारी के दम पर उन्होंने ईडन गार्डन मैदान पर खास रिकॉर्ड बनाया और गंभीर व उथप्पा की खास लिस्ट में शामिल हो गए। रसेल ने राजस्थान के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 6 छक्के साथ ही 4 चौकों की मदद से 25 गेंदों पर नाबाद 57 रन की पारी खेली। रसेल ने अपनी इस पारी के दम पर ईडन गार्डन मैदान पर 1000 रन भी पूरे कर लिए। आईपीएल में रसेल से पहले इस मैदान पर 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल गौतम गंभीर और रॉबिन उथप्पा ने किया था। रसेल अब ऐसा करने वाले इन दोनों के बाद तीसरे बल्लेबाज बन गए। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इस मैच में रसेल की अर्धशतकीय पारी के अलावा टीम के ओपनर गुरबाज ने 35 रन की अहम पारी खेली जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 30 रन की पारी खेली।

## श्रीपर्णा डे ने जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीते चार स्वर्ण पदक

अगरतला, 4 मई। त्रिपुरा की जिमनास्ट श्रीपर्णा डे ने कलात्मक जिमनास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य के लिए चार प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीते। पुणे में आयोजित चैंपियनशिप में श्रीपर्णा ने 42.40 अंकों के शानदार समग्र स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वॉल्टिंग टेबल (11.55), अनइवन बार्स (8.30), बैलेंसिंग बीम (11.35) और फ्लोर एक्सरसाइज (11.20) में कुशलता और संयम का परिचय दिया।

शनिवार को श्रीपर्णा ने तीन श्रेणियों- वॉल्टिंग टेबल, बैलेंसिंग बीम और फ्लोर एक्सरसाइज में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अतिरिक्त स्वर्ण पदक हासिल किए। लगभग दोषरहित निष्पादन के साथ श्रीपर्णा ने वॉल्टिंग टेबल में 11.800, बैलेंसिंग बीम में 11.033 और फ़्लोर एक्सरसाइज़ में 10.300 स्कोर किया। हालाँकि असमान बार्स में पदक उसके हाथ से निकल गया, लेकिन चैंपियनशिप में उसके कुल स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़कर चार हो गई।

# सात साल में पहली बार श्रीलंका महिला टीम ने भारत को हराया



कोलंबो, 4 मई। चामरी अट्टापटू और सुगंधिका कुमारी (तीन-तीन विकेट) के अच्छे प्रदर्शन के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (53) और नीलाक्षी डिसिल्वा (56) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका महिला टीम ने रविवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के चौथे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को पांच गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। सात सालों में श्रीलंका की भारत पर यह पहली एकदिवसीय जीत है।

276 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (22) रनआउट के रूप में गवां दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने विष्मी गुणारत्ने (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद 27वें ओवर में प्रतिका रावल ने हर्षिता समाराविक्रमा (53) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। कप्तान चामरी अट्टापटू (23), कविशा दिलहारी (35) और देवमी विहंगा (एक) रन बनाकर आउट हुई। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी कर मैच को रोमांचक बना दिया था। अनुष्का संजीवनी (23) और सुगंधिका कुमारी (19) रन बनाकर नाबाद रही।

श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। भारत की ओर से स्नेहा राणा ने तीन विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी, श्री चारणी और प्रतिका रावल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े।

भारत का पहला विकेट 10वें ओवर की पहली गेंद पर स्मृति मंधाना (18) रनआउट के रूप में गिरा। 13वें ओवर में इनोका रनावीरा ने प्रतिका रावल (35) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया।दोनों बल्लेबाजों ने अभी तीसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े थे कि देवमी विहंगा ने हरलीन देओल (29) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सुगंधिका कुमारी ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) को आउटकर श्रीलंका को चौथी सफलता दिलाई। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 46 गेंदों में 37 रन बनाये। ऋचा घोष ने 48 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

## स्मृति मंधाना ने तोड़ा वोल्वार्ट का रिकॉर्ड

कोलंबो, 4 मई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका विमेंस ट्राई नेशनल सीरीज 2025 में श्रीलंका की टीम के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 275 रन बनाए। इस मुकाबले में भारत की ओर से ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 28 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 18 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के साथ ही उन्होंने लौरा वोल्वार्ट का रिकॉर्ड तोड़ा और महिला वनडे क्रिकेट की पहली 100 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गईं। लेकिन वो महिला वनडे क्रिकेट में पहली 100 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गईं। मंधाना नेअब तक पहली 100 पारियों में 4306 रन बनाए हैं जबकि लौरा वोल्वार्ट ने 4303 रन बनाए थे। इस लिस्ट में पहले नंबर पर बेलिंडा क्लार्क हैं जिन्होंने पहली 100 पारियों में 4556 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना अब भारत की तरफ से 100 वनडे मैच खेलने वाली 7वीं खिलाड़ी बन गईं। मंधाना से पहले भारत की तरफ से महिला क्रिकेट में 100 या उससे ज्यादा मैच 6 खिलाड़ियों ने खेला है जिसमें मिताली राज, झूलन गोस्वामी, हरमनप्रीत कौर, अंजुम चोपड़ा, अमिता शर्मा और दिप्ती शर्मा शामिल हैं।

## 19वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय (बालक / बालिका) वुशू प्रतियोगिता में तालू वर्ग में जयपुर टीम का दबदबा रहा

जयपुर, 4 मई। राजस्थान वुशू संघ व बीकानेर वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 02 से 05 मई 2025 तक डॉक्टर करणीसिंह स्टेडियम, बीकानेर में चल रही 19वी सबजुनियर राज्य स्तरीय (बालक/ बालिका) वुशू प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मुकाबलों में तालू वर्ग में जयपुर टीम का दबदबा रहा। हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि कल के मुकाबलों में बालक वर्ग के सेमीफाइनल व फाइनल एवं बालिका वर्ग के फ़ाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। गणेश कुमार हर्ष, आयोजन सचिव के अनुसार आज का परिणाम इस प्रकार है –



**तालू वर्ग : चनक्वान बालक वर्ग**

1. हर्षवर्धन, जयपुर ने स्वर्ण पदक
2. ह्विधान बैनाडा, जयपुर ने रजत पदक
3. हार्दिक जलोटा, श्री गंगानगर ने कांस्य पदक

**चंक्वान बालिका वर्ग**

1. नुरैन कौसर, जयपुर ने स्वर्ण पदक
2. सादिका वासिम, जयपुर ने रजत पदक
3. दिव्यांशी, जोधपुर ने कांस्य पदक

**ताईची क्वान बालक वर्ग**

1. यशराज सिंह, जयपुर ने स्वर्ण पदक
2. हर्षित, श्री गंगानगर ने रजत पदक
3. अंगद मीना, जयपुर ने कांस्य पदक

**ताईची क्वान बालिका वर्ग**

1. प्राशी माहवार, जयपुर ने स्वर्ण पदक
2. जसमीत कौर, जयपुर ने रजत पदक
3. रामदुलारी मीना, जयपुर ने कांस्य पदक

ननक्वान बालक वर्ग- 1. धनराज शर्मा, जयपुर ने स्वर्ण पदक, 2. नितिन सिंह, जयपुर ने रजत पदक, 3. अंश शर्मा, जयपुर ने कांस्य पदक

**शानशु वर्ग क्वार्टर फाइनल मुकाबले का परिणाम एस प्रकार है:-**

**28 किलो बालिका वर्ग-** मित्तल, जालोर ने लक्षिता, जोधपुर को 2-0 से हराया
कृतिका, श्री गंगानगर ने तमन्ना, ब्यावर को 2-0 से हराया।
चंचल, कोटा ने हेमलता, राजसमन्द को 2-0 से हराया

**36 किलो बालिका वर्ग-** अंशिका चुरू ने प्रख्या, बूंदी को 2-0 से हराया
पिहू, दौसा ने आयुषी बीकानेर को 2-0 से हराया।
भविया, जयपुर ने याशिका, राजसमन्द को 2-0 से हराया।
शिवा, हनुमानगढ़ ने वंशिका झुंझुनू को 2-0 से हराया

**22 किलो बालक वर्ग-** मीत, कोटा ने तेजस जयपुर को 2-0 से हराया
कत्तर्व्य जलोरे ने बालगोपाल, पाली को 2-0 से हराया
वरुण, अलवर ने मांग ओझा, झुंझुनू को 2-1 से हराया
मेहुल, जैसलमेर ने कपिल, नागौर को 2-0 से हराया

**24 किलो बालक वर्ग-** प्राचीर, झुंझुनू ने अक्षित, बूंदी को 2-0 से हराया
राजवंश, हनुमानगढ़ ने रूद्र, दौसा को 2-0 से हराया
मयंक, जालोर ने गौतम जयपुर को 2-0 से हराया
रितेश, श्रीगंगानगर ने दीपेन्द्र सिंह, जोधपुर को 2-0 से हराया।

**26 किलो बालक वर्ग-** कौशल, हनुमानगढ़ ने विष्णु, सीकर को 2-1 से हराया।
पियूष, जयपुर ने रणजीत, जोधपुर को 2-0 से हराया
सिद्दार्थ, जलोरे ने आदित्य, कोटा को 2-1 से हराया
लक्ष्य, दौसा ने युवान, श्री गंगानगर को 2-0 से हराया

**30 किलो बालक वर्ग-**भानुप्रताप, जालौर ने पुलकित, कोटा को 2-0 से हराया।
प्रिंस, झुंझुनू ने कुनाल, ब्यावर को 2-0 से हराया
हिमांशु, भीलवाड़ा ने राहुल श्री गंगानगर को 2-0 से हराया।
दिव्यांशु, जयपुर ने डायमंड, पाली को 2-0 से हराया।

# रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप ने क्रिकेट शिक्षा में क्रांति लाने के लिए रॉयल्स कोचिंग हब लॉन्च किया

जयपुर, 4 मई। रॉयल्स स्पोर्टस ग्रुप - इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स फ्रैंचाइज़ी के मालिक ने रॉयल्स कोचिंग हब लॉन्च किया है, जो एक अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जिसे दुनिया भर में जमीनी स्तर पर कोचों, अभिभावकों और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

नए सुधार और मॉर्डन टी20 शैली की गतिशीलता की भावना के साथ निर्मित, रॉयल्स कोचिंग हब क्रिकेट के भविष्य को आकार देने वालों के लिए संरचित, व्यावहारिक और उच्च प्रदर्शन-संचालित शिक्षा प्रदान करता है। चाहे वह एक अनुभवी कोच हो, एक भावुक माता-पिता हो, या अपने कौशल को निखारने के इच्छुक युवा खिलाड़ी हों, यह प्लेटफ़ॉर्म विशिष्ट अनुभव पर आधारित वर्ल्ड क्लास उपकरण प्रदान करता है।

रॉयल्स कोचिंग हब के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा, ''हर महान क्रिकेटर का सफर जमीनी स्तर से शुरू होती है। रॉयल्स कोचिंग हब के साथ, हम उन मेंटरों, माता-पिता और कोचों को सशक्त बना रहे हैं जो पहले कदम से ही उन सपनों को पूरा करते हैं। यह सिर्फ एक प्लेटफ़ॉर्म का लॉन्च नहीं है - यह क्रिकेट के भविष्य के सच्चे वास्तुकारों को पहचानने, उनका समर्थन करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए एक आंदोलन की शुरुआत है, क्योंकि हम पूरे भारत और उसके बाहर क्रिकेट शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने के लिए काम करते हैं।''

पाठ्यक्रम क्रिकेट के कुछ बेहतरीन दिमागों की अंतर्दृष्टि के साथ तैयार किया गया है जिसमें पूर्व राष्ट्रीय कोच, आईपीएल के दिग्गज, अंतरराष्ट्रीय विकास नेता और उच्च प्रदर्शन विशेषज्ञ शामिल हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और विकेटकीपिंग से लेकर कोचिंग फिलोसोफी, फिटनेस, पोषण और एथलीट प्रबंधन तक की समग्र रेंज को कवर करते हुए, यह पारंपरिक बुनियादी बातों को आधुनिक खेल द्वारा मांगे जाने वाले अत्याधुनिक दृष्टिकोणों के साथ जोड़ता है।

## द्वितीय अतिया परवीन स्मृति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज से शुरू

जयपुर, 4 मई। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित द्वितीय अतिया परवीन स्मृति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 05 मई 2025 से प्रारम्भ की जा रही है जिसमें जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी, एम.एन.पी.एस. गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी, संस्कार क्रिकेट एकेडमी तथा डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जायेंगी। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी व संस्कार क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जायेगा। प्रतियोगिता का दूसरा मैच एम.एन.पी.एस. गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी व जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जायेगा। हारने वाली टीम तीसरे व चौथे स्थान के लिये तथा जीतने वाली टीमें पहले व दूसरे स्थान के लिये अगले दिन खेलेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले सोनी स्टेडियम में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता कलर ड्रेस में व्हाईट गेंद से खेली जायेगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ दी मैच होगा तथा मैन ऑफ दा टूर्नामेंट को 1100/- रूपये, श्रेष्ठ बल्लेबाज को 500/- रूपये, श्रेष्ठ गेंदबाज को 500/- रूपये तथा श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को 500/- रूपये का का इनाम दिया जायेगा।

# 'जातिगत जनगणना भाजपा का जुमला बनकर नहीं रह जाए'

## सचिन पायलट ने मंदिर पर आयोजित सभा में देवासी समाज का कर्ज चुकाने की बात कही

जालोर, 04 मई (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संगठन राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को जालौर और पाली का दौरा किया।

जालौर जिले के रानीवाड़ा क्षेत्र में विधायक रतन देवासी के परिवार द्वारा आयोजित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पायलट ने शिरकत की। इस मौके पर अपने संबोधन में सचिन पायलट ने इशारों-इशारों में कई राजनीतिक संदेश दिए। उन्होंने कहा कि रतन देवासी और देवासी समाज ने पिछले 20 वर्षों में जो संघर्ष किया है, उसका कर्ज 2028 तक चुकाने की कोशिश की जाएगी।

■ पायलट के स्वागत में जालोर की सड़कों पर युवाओं का जबरदस्त जोश दिखाई दिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने हाल ही में हुए आतंकी हमले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने इसे भारत की आत्मा पर हमला करार देते हुए इसे घोर निंदनीय बताया। पायलट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है जब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।

जातिगत जनगणना पर सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा इसे जुमला ना बनाए, समय सीमा तय कर करे और कहा कि जातिगत जनगणना सिर्फ एक चुनावी जुमला बनकर न रह जाए, इसके लिए जरूरी है कि भाजपा सरकार इसकी स्पष्ट समय-सीमा घोषित करे। यह मुद्दा सामाजिक न्याय और संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण से जुड़ा है। कांग्रेस पहले से ही जातिगत जनगणना के पक्ष में रही है और अब भाजपा को भी इसे सिर्फ घोषणा तक सीमित नहीं रखना चाहिए। देश की जनता को जवाब चाहिए कि सरकार इसे कब और कैसे पूरा करेगी।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने जालौर जिले के रानीवाड़ा क्षेत्र में विधायक रतन देवासी के परिवार द्वारा आयोजित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर उनका जालौर की सड़कों पर युवाओं ने जबरदस्त स्वागत किया।*

जालौर की सड़कों पर सचिन पायलट के स्वागत में युवाओं ने जबरदस्त जोश दिखाया। मीडिया से बातचीत में पायलट ने राहुल गांधी के समर्थन में बयान दिया और कहा कि उन्हें नक्सली तक कहा गया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। जातिगत जनगणना को लेकर राहुल गांधी के उठाए मुद्दे को अब भाजपा भी अपनाने को मजबूर हुई है। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में घोटाले के मुद्दे पर भी उन्होंने राज्य सरकार की नाकामी को लेकर सवाल उठाए। जब मीडिया ने कांग्रेस की दो फाड़ वाली स्थिति को लेकर सवाल किया, तो सचिन पायलट हल्की मुस्कान के साथ जवाब दिए बिना आगे बढ़ गए।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह, जोधपुर से जोधपुर लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उचियारडा, युवा विधायक मुकेश भाकर और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष, भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह, सिरोही पुर्व विधायक संयम लोढ़ा, सांचौर पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, पूर्व सांसद देवजी एम. पटेल, सांसद लुबाराम चौधरी सहित कई भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# अमृतसर में जासूसी करते दो गिरफ्तार

अमृतसर, 04 मई। एक महत्वपूर्ण जासूसी विरोधी अभियान में, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को अमृतसर में सेना छावनी क्षेत्रों और वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के तौर पर हुई है। दोनों को, अमृतसर में सेना छावनी क्षेत्रों और वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है।

■ पुलिस महानिदेशक के अनुसार, दो व्यक्ति सेना छावनी क्षेत्र तथा वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी व तस्वीरें लीक करने का प्रयास कर रहे थे।

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध हैं, जो हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, जो वर्तमान में अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है। उन्होंने बताया कि आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, और जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है।

डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़ी है, राष्ट्रीय हितों की रक्षा के अपने कर्तव्य में अडिग है। हमारे सशस्त्र बलों की सुरक्षा को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का दृढ़ तापूर्वक और तत्काल जवाब दिया जाएगा।

# कांग्रेस जाति जनगणना की समय सीमा के लिये दबाव बनायेगी

## संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने पार्टी के प्रदेश तथा जिला अध्यक्षों को परिपत्र के द्वारा निर्देश दिये

नयी दिल्ली, 04 मई। कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्षों, विधानदल के नेताओं तथा जिला अध्यक्षों को परिपत्र जारी करके रविवार को कहा कि संविधान बचाओ रैलियों के दौरान जाति जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर मोदी सरकार पर इसके क्रियान्वयन में समय सीमा तय करने का दबाव बनाएं।

कांग्रेस महासचिव, संगठन, के सी वेणुगोपाल ने आज सभी प्रदेश इकाइयों जिला इकाइयों को जारी सर्कुलर में कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा महत्वपूर्ण है और सभी प्रदेश और जिला इकाइयों को इस काम को निर्धारित समय के भीतर क्रियान्वयन के लिए अभियान चलाना है। पार्टी का मानना है कि दबाव के कारण ही मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। यह काम समय पर हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना है, इसलिए सभी प्रदेश तथा जिला इकाइयों को व्यापक स्तर पर अभियान चलाना है। सर्कुलर में राज्यों और जिलों में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियों में इस मुद्दे को उठाने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि रैलियों के दौरान अनुच्छेद 15(5) पर खास जोर देना है ताकि निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग कि उम्मीदवारों के प्रवेश के लिए आरक्षण के प्रावधान को लागू किया जा सके। वेणुगोपाल ने सर्कुलर में कहा, "कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कांग्रेस की मांग दोहराई थी और पार्टी नेता राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर सबसे मुखर और दृढ़ आवाज़ उठा रहे हैं। उन्होंने बार-बार कहा है कि सामाजिक न्याय के लिए जातिगत गणना ज़रूरी है। उन्होंने विधानसभा-स्तरीय रैलियाँ आयोजित करने के साथ ही मीडिया के माध्यम से इन मांगों को लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

■ परिपत्र में कहा गया है कि राज्यों व जिलों में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियों में जनगणना की समय सीमा का मुद्दा मुख्य रूप से उठाया जाना चाहिए।

## सोमवार को जापानी रक्षा मंत्री से मिलेंगे राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली, 04 मई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

दोनों पक्ष वर्तमान क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को अधिक प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है, जिसने वर्ष 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद गुणात्मक गति प्राप्त की है। रक्षा और सुरक्षा दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

■ छह महीने में दोनों रक्षा मंत्रियों की यह दूसरी बैठक होगी।

रणनीतिक मामलों पर बढ़ते तालमेल के कारण हाल के वर्षों में भारत और जापान के बीच रक्षा आदान-प्रदान को बल मिला है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण से इसका महत्व बढ़ रहा है।

दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच नवंबर 2024 में लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के मौके पर पहली बातचीत के बाद छह महीने के भीतर यह दूसरी बैठक होगी।

## भारत में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा सरकार में अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ निरंतर बैठक कर रहे हैं। मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कल एक बार फिर मीडिया के सामने दोहराया कि पहलगाम में आतंकवादी हमले को अंजाम देने वालों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाइस अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले में आतंकवादियों ने 26 लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी थी।

## रवि पुष्प ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आव्हान किया कि वे हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य को पूरा सहयोग दें। धामी ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से धाम के मास्टर प्लान के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए मंदिर के समीप हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को यात्री सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## प.बंगाल के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल द्वारा केंद्र को रिपोर्ट देने देरी उनके स्वास्थ्य कारणों की वजह से हुई। वह मुर्शिदाबाद से लौटने के तुरंत बाद बीमार पड़ गए और उन्हें मिलिट्री कमांड अस्पताल और अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज्यपाल ने बंगलादेश से घुसपैठ रोकने और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने तथा स्थिति का नियमित आकलन करने की आवश्यकता पर भी लिखा। बोस ने कहा, वर्ष 2024 में बंगलादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान वहां से पश्चिम बंगाल में पलायन के प्रयासों में वृद्धि की खबरें थीं।

# राजस्थान के कई जिलों में 7 तक आँधी-बारिश का दौर

## मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिये ऑरेंज़ और येलो अलर्ट जारी किया है

जयपुर, 04 मई। राजस्थान में अगले सात दिनों तक मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक हफ्ते तक कई जिलों में तेज हवाएं, गरज और बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग ने कुछ जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट भी जारी किया है। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई है।

मौसम विभाग ने बताया है कि राजस्थान में अभी कुछ दिनों तक मौसम खराब रहेगा। 7 मई तक कई जिलों में आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र के अनुसार, एक हफ्ते तक कई जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। बिजली भी गिर सकती है और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

■ मौसम विभाग के अनुसार, एक हफ्ते तक कई जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है तथा बिजली भी गिर सकती है।

मौसम विभाग ने आज 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 23 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने 7 मई तक आंधी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, नागौर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़ और गंगानगर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाकी सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी हुआ है।

## सेना का ट्रक गहरी खाई में गिरा, 3 जवानों की मौत

रामबन/जम्मू, 04 मई। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। जिले में जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर सेना की एक गाड़ी सड़क से फिसलकर 700 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में भारतीय सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक नेशनल हाइवे-44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। हादसे के बाद राहत-बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया। पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज कर ली है। एक अधिकारी ने बताया जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास चालक ने वाहन का नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया।

■ यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे सेना के काफिले का हिस्सा था।

# एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह प्रधानमंत्री से मिले

## माना जा रहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री को वायु सेना की तैयारियों व रणनीति के बारे में ब्रीफ किया होगा

विशाखापत्तनम, 04 मई। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर परीक्षण स्थल से स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया है।

एक रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया कि एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, आगरा द्वारा विकसित, एयरशिप को शनिवार को लगभग 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक इंस्ट्रूमेंटल पेलोड के साथ प्रक्षेपित किया गया।

इस पर लगे सेंसर से डेटा प्राप्त किया गया है और इनका उपयोग भविष्य की उच्च ऊंचाई वाली एयरशिप उड़ानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले फिडेलिटी सिमुलेशन मॉडल के विकास के लिए किया जाएगा।

■ पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से प्रधानमंत्री समूचे रक्षा तंत्र तथा सुरक्षा एजेंसियों से निरंतर बैठकें कर रहे हैं।

उड़ान की कुल अवधि लगभग 62 मिनट रही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिस्टम के सफल पहले उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी।उन्होंने कहा कि यह सिस्टम भारत की पृथ्वी अवलोकन और खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को अद्वितीय रूप से बढ़ाएगा, जिससे देश दुनिया के उन कुछ देशों में से एक बन जाएगा जिनके पास ऐसी स्वदेशी क्षमताएं हैं।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने सिस्टम के डिजाइन, विकास और परीक्षण में शामिल डीआरडीओ टीम को बधाई दी।

# आईआईटी खड़गपुर में एक और छात्र की रहस्यमय मौत

## इस प्रतिष्ठित संस्थान में चार माह में तीसरे छात्र की अप्राकृतिक मौत हुई है

कोलकाता, 04 मई। पश्चिम बंगाल में आईआईटी खड़गपुर में एक छात्र का शव रविवार को रहस्यमय परिस्थितियों में कमरे में लटका मिला। संस्थान में महज चार महीने में किसी छात्र की यह तीसरी अप्राकृतिक मौत है।

मृतक की पहचान सिविल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर के रूप में हुई है। उसका शव मदन मोहन मालवीय हॉल के एसडीएस ब्लॉक के कमरा नंबर 135 में मिला।

■ छात्र मोहम्मद आसिफ कमर के साथी छात्र ने बताया कि आसिफ ने अपना सामान पैक कर लिया था तथा अगले दिन सुबह ही अपने गाँव के लिए रवाना होने वाला था।

■ आईआईटी खड़गपुर ने इन घटनाओं के पीछे का कारण समझने के लिए एक समिति गठित कर रहा है। दो-तीन दिन में समिति की घोषणा होने की आशा है।

पुलिस के अनुसार आसिफ का कमरा शनिवार शाम से बंद था। जब साथी छात्रों को बार-बार फोन करने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने परिसर के अधिकारियों को सूचित किया, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। सुबह करीब साढ़े तीन बजे आईआईटी परिसर के भीतर हिजली चौकी पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो उन्हें कमरे के अंदर आसिफ का शव लटका हुआ मिला। शव को खड़गपुर उप-मंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही हम मौत के सही कारण का पता लगा पाएंगे।

एक साथी छात्र ने कहा आसिफ ने अपना सामान पैक कर लिया था और छुट्टियों में घर जाने की तैयारी कर रहा था। उसे आज सुबह ही अपने गांव के लिए निकलना था। आसिफ की मौत पिछले चार महीनों में आईआईटी खड़गपुर में तीसरी मौत है, जिससे छात्रों और संस्थान के अधिकारियों दोनों में सदमे और चिंता की स्थिति है।

# इज़रायल के लिए एयर इंडिया की उड़ानें 6 मई तक स्थगित

नई दिल्ली, 04 मई। एयर इंडिया ने इज़रायल की राजधानी तेल अवीव के लिए 6 मई तक अपनी उड़ानों को स्थगित कर दिया है। तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर आज हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले के बाद यह कदम उठाया गया है।

एयर इंडिया ने कहा कि यह निर्णय यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। एक बयान में एयरलाइन ने कहा कि घटना के बाद दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एक उड़ान को अबू धाबी की ओर डायवर्ट किया गया।

■ तेल अवीब एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले के बाद यह कदम उठाया गया है।

साथ ही यह भी आश्वासन दिया है कि 4 से 6 मई के बीच हमारी फ्लाइट बुक करने वाले कस्टमरों को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट या कैंसिलेशन पर फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, "4 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 139 को आज सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर एक घटना के बाद अबू धाबी की ओर डायवर्ट किया गया। फ्लाइट अबू धाबी में सामान्य रूप से उतर गई है और जल्द ही दिल्ली लौटेगी। इसके कारण हमारे कस्टमर और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेंगी।

# इमरान खान व बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट ब्लॉक

नई दिल्ली, 04 मई। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है।

■ पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह प्रतिबंध लगाया गया है।

इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट पर एक संदेश लिखा हुआ सामने आ रहा है। इसमें लिखा है कि कानूनी मांग के जवाब में इसे भारत में रोक दिया गया है। पाकिस्तानी राजनेताओं के एक्स अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक (खाली) दिख रही है।

# पाकिस्तान रेंजर की गिरफ्तारी के बाद बीएसएफ ने सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई

## आशंका है कि पाकिस्तान द्वारा उकसाने की कोई कार्यवाही की जा सकती है

श्रीगंगानगर, 04 मई। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसने के प्रयास में एक पाकिस्तानी रेंजर की को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को सीमा पर गश्त के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं।

सूत्रों ने रविवार को बताया कि बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर को तीन मई को भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद पाकिस्तान की ओर से किसी संभावित उकसावे की कार्रवाई के मद्देनजर भारत ने सीमा पर सुरक्षा को और सख्त कर दिया है। बीएसएफ को अत्यधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है।

सूत्रों के अनुसार, यह गिरफ्तारी ऐसे समय पर हुई है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले, 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार साहू गलती से जीरो लाइन पर चला गया था जिसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। हालांकि, भारत ने इसके खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए उसे तुरंत रिहा करने को कहा, लेकिन पाकिस्तान ने उसे अब तक रिहा नहीं किया है। उच्चाधिकारी स्तर पर कई बार पाकिस्तानी रेंजर्स से बात हुई, लेकिन वे भारतीय जवान को रिहा करने पर स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

■ गत 23 अप्रेल को बीएसफ का जवान गलती से ज़ीरो लाइन पर चला गया था। पाकिस्तान रेंजर्स ने उसे हिरासत में ले लिया था। उच्चाधिकारी स्तर पर बातचीत के बाद भी अभी तक उसे रिहा नहीं किया गया है।

पहलगाम की घटना के बाद यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों देशों की सेनायें आमने सामने हैं।

पाकिस्तानी रेंजर की गिरफ्तारी को बीएसएफ के कठोर रुख के रूप में देखा जा सकता है। इस घटना के बाद पाकिस्तान रेंजर्स भारतीय जवान को रिहा करेंगे, फिलहाल इस पर पाकिस्तान का रुख अस्पष्ट है। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी मीडिया में पाकिस्तानी रेंजर की गिरफ्तारी को अधिक महत्व नहीं दिया जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया का ध्यान इस घटना से ज्यादा भारत के साथ बढ़ते तनाव, नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम उल्लंघन और भारत की कूटनीतिक कार्रवाइयों पर केंद्रित है।

उधर पाकिस्तानी रेंजर भी इस घटना को अधिक तूल नहीं देकर इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। फिर भी पाकिस्तानी रेंजर की गिरफ्तारी से पाकिस्तान पर कुछ दबाव बनेगा ही। इससे भारतीय जवान की जल्द रिहाई की उम्मीद की जा सकती है।

## विजय दिवस में भाग लेने रूस जायेंगे चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग

बीजिंग, 04 मई। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग मॉस्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सात से 10 मई तक रूस की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि चीनी राष्ट्रपति की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर हो रही है। प्रवक्ता ने कहा कि जिनपिंग और पुतिन ने नए युग में चीन-रूस संबंधों को जटिल बाहरी वातावरण के बावजूद हमेशा आगे बढ़ने के लिए निर्देशित किया है। प्रवक्ता ने कहा कि आगामी राजकीय यात्रा के दौरान शी जिनपिंग चीन-रूस संबंधों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय मुद्दों की एक श्रृंखला पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे। प्रवक्ता ने कहा, "हमारा मानना है कि दोनों राष्ट्रपतियों के बीच आपसी समझ दोनों देशों के बीच राजनीतिक विश्वास को और गहरा करेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908